

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 75, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 45.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 15 सूर्यास्त 19 : 01

मुरादाबाद, रविवार, 9 जून 2024





बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं...16


## मंत्री वीआईपी कल्चर छोड़ फील्ड में उतरें, जनता की सुनें : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता के लिए है सरकार, उनकी समस्याएं सख्ती से निपटाएं
- लोकसभा चुनाव में निराशाजनक परिणामों के बाद सीएम की दो टूक

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से आए निराशाजनक परिणामों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने मंत्रियों के साथ बैठक की। लोकभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जहां पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के कारणों का फीडबैक लिया वहीं मंत्रियों को वीआईपी कल्चर छोड़कर फील्ड में उतरकर आमजन से संवाद रखने और उनकी समस्याएं निपटाने की सख्त हिदायत दी। मंत्रिपरिषद की इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य मौजूद नहीं थे। दोनों ही दिल्ली दौरे पर है।



लखनऊ में बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने चुनाव बाद नये सिरे से जनहित के काम में जुट जाने को उत्साहित करते हुए मंत्रियों को संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता का मंत्र देकर जनता के बीच जाने को कहा। उन्होंने कहा है कि सरकार जनता के लिए हैं, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है, ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। जहां भी समस्या हो, मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं।

## देश को मिले 355 जांबाज अफसर



भारतीय सैन्य अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते कैडेट्स। ● एजेंसी

ब्यूरो, देहरादून

- आईएमए की पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर

**अमृत विचार** : देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी के इतिहास में शनिवार को एक और गौरवमयी पल जुड़ गया। 355 नौजवान युवा कैडेट्स भारतीय सेना में बतौर अफसर शामिल हो गए। अकादमी से 394 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट हुए, इसमें मित्र देशों के भी 39 जेंटलमैन कैडेट सैन्य अफसर बन गए। पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर मिला। परेड के बाद जेंटलमैन कैडेट ने जब परिजनों के हाथों से बैज पहने तो उनकी खुशी देखने लायक थी।

इस बार रिव्यूइंग अफसर के रूप में उत्तरी कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार पहुंचे थे जिन्होंने परेड की सलामी ली। उन्होंने युवा अफसरों को हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। इस दौरान सेना के हेलीकॉप्टरों ने सेना में इन जांबाज अफसरों का स्वागत करते हुए आसमान से पुष्प वर्षा की। पीओपी सेरेमनी में भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन और डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल आलोक नरेश भी उपस्थित रहे। आईएमए में 154वां नियमित और 137वां तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स संपन्न हुआ।

### एक नजर

#### न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल बने पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

**पटना।** न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल ने शनिवार को पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के तहत न्यायमूर्ति चंदेल को 29 मई को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया था।

#### युवक की गोली मारकर हत्या, बाइक लूटी

**मदनापुर/शाहजहांपुर।** दो बदमाशों ने बाइक पर लिफ्ट लेने के बाद युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और बाइक लूट ले गए। एसपी ने मौका मुआयना किया। फॉरेंसिंक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चित्ती निवासी विश्राम सिंह का पुत्र 22 वर्षीय गोविंद सिंह शनिवार की दोपहर मदनापुर बाजार में एजेंसी पर बाइक की किश्त जमा करके शाम पांच बजे गांव आ रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसे रोका और चित्ती गांव से पहले छोड़ने को कहा। गोविंद ने दोनों को बाइक पर बैठा लिया। चित्ती गांव से पहले दोनों युवक बाइक से उतरे और गोविंद के दो गोली मार दीं। गोविंद गिर गया तो दोनों युवक बाइक लेकर फरार हो गए।

# आज तीसरी बार मोदी

## शपथ ग्रहण समारोह में सात देशों के राष्ट्राध्यक्ष व आठ हजार अतिथि होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी का रविवार को तीसरी बार राजतिलक होगा। वह राष्ट्रपति भवन में अपने मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने वाले सदस्यों के साथ शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ दिलाएंगी।

प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराएंगे। समारोह में कई पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ कुल आठ हजार आमंत्रित लोग शामिल होंगे। समारोह के मंच और अतिथियों के लिए बैठने के मंच की साज सज्जा के बारे में राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को एक वीडियो जारी किया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिये अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां तैनात की जा रही हैं। शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचीं। समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत पहुंचेंगे।



शपथ समारोह के लिए सजाया गया राष्ट्रपति भवन। ● एजेंसी

### पहली महिला लोकों पायलट समेत 10 सदस्य होंगे शामिल

शपथ ग्रहण समारोह में पहली लोको पायलट सुरेखा यादव समेत दल के 10 लोको पायलटों को नई दिल्ली में आमंत्रित किया गया है। वह सोलापुर और मुंबई में सीएसएमटी के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली महिला लोको पायलट हैं।

### मत्रिपरिषद में 40 चेहरे, 20 नए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में करीब 40 सदस्यों को शामिल किया गया है।जिनमें गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 लोग शामिल किए गए हैं। वहीं, महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ाएंगे। सूत्रों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगू देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें।



- अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

## राहुल गांधी बन सकते हैं विपक्ष के नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी नेता राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल व पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि कार्य समिति ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद संभालने का अनुरोध किया गया है, जिस पर उन्होंने कहा है कि वह कार्यसमति के निर्णय पर बहुत जल्द फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि गांधी रायबरेली या वायनाड में से अपने पास कौर सी सीट रखेंगे उन्होंने कहा कि इस बारे में तीन-चार दिन में फैसला लिया जाएगा। चर्चा हैकि वह वायनाड की सीट को छोड़ सकते हैं। जद-यू अध्यक्ष तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इंडिया समूह की तरफ से प्रधानमंत्री बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।



बैठक के लिए जाते राहुल और सोनिया।

### सोनिया फिर बनीं कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों ने अनुमोदन किया।

## सपा संसदीय दल के नेता होंगे अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। यह प्रस्ताव दिल्ली में होने वाली अगली बैठक में लाया जाएगा, औपचारिक घोषणा की जाएगी। यह जानकारी शनिवार को नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की बैठक के बाद पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी।

पार्टी कार्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि चुने सांसदों को बधाई देने के साथ ही पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया है। बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से पार्टी की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। जनता की समस्याओं को उठाना, उनके हित में अपनी बात रखने को समाजवादियों का संघर्ष लोकसभा में जारी रहेगा। उन्होंने कहा, सकारात्मक राजनीति का दौर शुरू हुआ है, जनता के मुद्दों की जीत हुई है।



- दिल्ली में होगी औपचारिक घोषणा

## एसआईटी प्रज्वल को जांच के लिए घर लेकर पहुंची

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स वीडियो कांड में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में एसआईटी पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को हासन जिले के होलेनरासीपुर स्थित उनके आवास पर जांच के लिए लेकर पहुंची। जनतादल-एस के पूर्व सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल को विवेक बनाए रखने के लिए एफएसएल के अधिकारियों के साथ क्यूआरटी वाहन में उनके घर ले जाया गया। इस बीच, प्रज्वल की प्रेमिका के बारे में खुलासे सामने आए, जिसने कथित तौर पर जर्मनी में 34 दिनों से अधिक समय तक रहने के दौरान उसकी मदद की थी। एसआईटी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है।

## बाहर से हटा, गुरुद्वारे में लगाया भिंडरावाला का पोस्टर

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- तहसीलदार ने गुरुद्वारे पहुंचकर कमेटी से वार्ता की तो फिर हटाया

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा में भिंडरा वाला के पोस्टर को लेकर प्रशासन के साथ आंख-मिचौली थमने का नाम नहीं ले रही। शुक्रवार को गुरुद्वारा के बाहर से हटाए जाने के बाद पोस्टर गुरुद्वारा परिसर के अंदर लगा दिया गया। तहसीलदार मौके पर पहुंचे और कमेटी से वार्ता की। इसके बाद पोस्टर हटा दिया गया।

पूरनपुर-खुटार रोड पर स्थित रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा था। पुलिस ने पोस्टर हटाने को कहा था। निर्धारित समय में पोस्टर न हटाए जाने पर गुरुद्वारा के प्रधान सहित तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। बुधवार रात अज्ञात लोगों ने पोस्टर हटा दिया। इससे आक्रोशित सिख समाज के लोगों ने शुक्रवार को भिंडरावाला का दूसरा पोस्टर लगा दिया था। देर शाम पहुंचे एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने कमेटी से बातचीत की। उसके बाद पोस्टर हटा दिया गया। इसके बाद कमेटी ने पोस्टर को गुरुद्वारे के अंदर लगा दिया। शनिवार शाम तहसीलदार वीरेंद्र कुमार गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने कमेटी से बात की। सहमति के बाद अंदर से भी पोस्टर हटा दिया गया।

## सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने शनिवार सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार को मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार में उनके आवास पर हुई। उनका शव आवास के निचले तल पर बने कमरे में मिला है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता अवाक हैं। घटना सुबह सवा आठ से 8.30 बजे के बीच की बताई जा रही है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि सुबह करीब 9.30 बजे थाना प्रभारी मझोला को सूचना मिली कि सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव (धर्मपाल यादव) ने लाइसेंसी रिवाल्वर से आत्महत्या कर ली है। सूचना पर थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा, एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार व सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि मकान के ग्राउंड फ्लोर पर स्टोर रूम में पूर्व जिलाध्यक्ष ने दाएं हाथ से दाईं कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी की है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने गोली मारकर आत्महत्या क्यों की, इसका कोई स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। घटनास्थल पर जांच में कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। वह अभी लोकसभा चुनाव के दौरान जिलाध्यक्ष पद से हटाए गए थे। डीपी यादव के पास तीन शस्त्र लाइसेंस हैं। इसमें एक शस्त्र इनकी पत्नी के नाम पर था, जो इन्हीं के पास था। दो अन्य शस्त्र चुनाव आचार संहिता के कारण जमा थे। बताया गया कि वह डिप्रेशन में थे। फिजिकल भी दिक्कत थी। दिल्ली में साइकोलॉजिस्ट से इलाज चल रहा था।



- लोकसभा चुनाव से पहले ही प्रदेश नेतृत्व ने पद से हटाया था

## पत्नी-बेटी सहित सीओ सिटी पर केस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को सीओ सिटी पद से हटाया
- एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा
- आरोप लगाने वाली महिला मित्र राजस्थान सरकार में है तैनात

**अमृत विचारः** बस्ती जिले में तैनात सीओ सिटी की महिला मित्र ने उन पर, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, सीओ सिटी को लेकर जिले एवं पुलिस विभाग में चर्चा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने शनिवार दोपहर आरोपी सीओ को पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अटैच कर दिया। सीओ रुदौली को अब सीओ सिटी बनाया है।

महिला डाक्टर ने सीओ विनय सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह राजस्थान स्वास्थ्य विभाग में राज्य नियंत्रण अधिकारी के रूप में तैनात हैं। उसके पति राजस्थान के एक नगर निगम में तैनात हैं। सीओ विनय सिंह चौहान से उनका पांच वर्ष पुराना रिश्ता है। उनकी लगातार मुलाकातें होती रहती हैं। महिला डाक्टर ने दी गई तहरीर में बताया कि 26 मई 2024 को वह राजस्थान से बस्ती सीओ विनय सिंह से मिलने सरकारी आवास पहुंची थी। तभी अचानक विनय सिंह की पत्नी और बेटी पहुंची और उसे पीटने लगी। इसके बाद महिला कांस्टेबल को बुलवाकर भी मुझे पीटा गया। उस समय विनय सिंह ने मुझे गिरफ्तार भी कराया। घटना के बाद मैंने मौखिक रूप से एसएचओ महिला थाना और बस्ती के एएसपी को पूरी बात बताई।

इस दौरान एएसपी बस्ती ने घटना के लिए मुझे सोच-समझकर जवाब देने को कहा। महिला डाक्टर ने बताया कि विनय ने मुझे छोड़कर अपने परिवार का साथ दिया। विनय ने कहा कि तुम मर जाओ, मैं अपने परिवार को नहीं छोड़ूंगा। जबकि सीओ मेरे साथ पांच साल से जुड़े हैं और कई बार विवाह से जुड़ी बातें भी हो चुकी हैं। पीड़िता की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी सीओ, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के अलावा एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज किया है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठोर कानून यथाशीघ्र लाए जाने के दिए संकेत

## साल्वर गैंग, पेपर लीक के लिए होगा कठोर कानून

- योगी ने रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पेपर लीक अथवा साल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठोर कानून यथाशीघ्र लाए जाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस तरह के अपराध में संलिप्त हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि चयन आयोगों को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद शासन स्तर के शीर्ष अधिकारियों तथा एसटीएफ के संपर्क में रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक के बाद विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने के लिए शनिवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार पर जोर दिया, साथ ही चयन प्रक्रिया की समयबद्धता तय करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर सेट करने की प्रक्रिया, उनकी छपाई से लेकर परिणाम तैयार करने सहित पूरी व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग एजेंसियों को उनका भलीभांति रिकॉर्ड जांच करने के बाद दायित्व दें। हर पाली में दो या अधिक पेपर सेट जरूर होने चाहिए। हर सेट के प्रश्नपत्र की छपाई भी अलग-अलग एजेंसी का माध्यम से करायी जानी चाहिए। तलाशी लेने के लिए महिला कर्मियों की तैनाती जरूर हो। योगी ने चयन आयोगों से उम्मीद जतायी कि वे भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर समय से जारी करें।

### शहरी क्षेत्र में ही हों परीक्षा केन्द्र

योगी के अनुसार तमाम पदों के लिए शैक्षिक अर्हता निर्धारण में समकक्ष योग्यता के संबंध में विसंगतियों की सूचना मिली है। ऐसे प्रकरणों का समाधान कर आयोग को सही जानकारी दी जाए। चयन परीक्षाओं के केन्द्र के लिए राजकीय माध्यमिक, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज अथवा साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड वाले शैक्षिक संस्थान ही सेंटर बनाए जाएं। सीसीटीवी से लैस सभी परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में ही हों और इसे तय करते वक्त महिलाओं और दिव्यांगों की सुविधा का ध्यान रखा जाए।

### शिक्षा सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र

प्राथमिक, माध्यमिक, प्राविधिक, व्यावसायिक आदि शिक्षण संस्थानों में शिक्षक चयन की प्रक्रिया में बड़ा सुधार करते हुए हाल ही में शिक्षा सेवा आयोग का गठन किया गया है। इसके सदस्य नामित किए जा चुके हैं, अध्यक्ष की नियुक्ति भी यथाशीघ्र कर दी जाएगी। सभी विभाग नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ वर्क संस्था के तत्वावधान में बाजार नसरुल्लाह खां स्थित शम्स नवेद हॉल में रक्तदान शिविर पूर्वाह्न : 11 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12 :30 बजे।

## एक नजर

### फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी मनोज शर्मा निवासी वार्ड नंबर एक को गदरपुर ऊधम सिंह नगर से संबंधित आबकारी अधिनियम में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसको जेल भेज दिया।

### दिव्यांग के खेत में लगे पेड़ जलाने में रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव करैथी निवासी हरकिशोर ने गांव के ही शीशपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि शीशपाल ने पीड़ित के खेत में लगे यूकेलिप्टस के करीब 250 पेड़ों में आग लगा दी। इसके बाद आरोपी ने खेत में पानी चला दिया। इससे पीड़ित के खेत में लगे पेड़ जलकर खराब हो गए। पीड़ित दोनों पैरों से दिव्यांग है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



पनीर का नमूना लेते सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

# सचल दल ने लिया पनीर का नमूना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिलावटखोर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने से बाज नहीं आ रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से लोग लगातार बीमार हो रहे हैं। इसी के चलते शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने छापेमारी करते हुए पनीर के नमूने लिए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि शौकत अली रोड स्थित रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट वी मार्ट में खाद्य पदार्थों में मिलावट की सूचना मिली। इस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने विनविक कंपनी के पनीर का सैंपल लिया और नमूने को सील कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर राहुल शुक्ला, अशोक कुमार आदि शामिल रहे।

## जनपद के कस्बा पटवाई में किया था देश के पहले अमृत सरोवर का निर्माण

# सींगनखेड़ा के अमृत सरोवर को दिल्ली में मिलेगा अवार्ड

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी मन की बात कार्यक्रम में प्रशंसा
- दिल्ली से आई टीम ने सींगनखेड़ा अमृत सरोवर का किया सर्वे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सींगनखेड़ा के अमृत सरोवर को दिल्ली में अवार्ड मिलेगा। सेंटर फॉर साइंस एंड इंवायरमेंट दिल्ली से आई टीम ने अमृत सरोवर का सर्वे किया था। अमृत सरोवर शानदार होने पर 26 जून को ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी को 26 जून को गुलमोहर हाल दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। अमृत सरोवर में नौका विहार और सुंदरीकरण कराया गया है।

देश का पहला अमृत सरोवर रामपुर के कस्बा पटवाई में बनवाया गया था। इसकी प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में की थी। इसके बाद से जिले में तेजी से अमृत सरोवर बनवाए जा रहे हैं। फिलहाल जिले में 680 के सापेक्ष 356 अमृत सरोवर बनकर तैयार हो गए हैं। एपीओ मनरेगा मोहम्मद आसिफ ने बताया कि सींगनखेड़ा अमृत सरोवर का सर्वे करने के लिए सेंटर फॉर साइंस एंड एंवायरमेंट की टीम दिल्ली से आई थी। उन्होंने बताया कि 26 जून को दिल्ली के गुलमोहर हॉल में साइंस एंड एंवायरमेंट के तत्वावधान में 26 जून को होने वाले सेमिनार में प्रधान और सचिव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस बाबत ग्राम प्रधान रुपाली लोधी और सचिव मोहम्मद इल्यास के पास निमंत्रण आ गया है। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने जिले के अमृत सरोवरों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए तैयार कराया गया है।



सींगनखेड़ा में बना अमृत सरोवर। इसमें नौका विहार का आनंद भी ले सकते हैं।

### जिले में ब्लॉकवार बने अमृत सरोवर

| ब्लॉक | लक्ष्य | निर्मित |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 113 | 45 |
| चमरौआ | 92 | 56 |
| मिलक | 129 | 70 |
| सैदनगर | 83 | 31 |
| शाहबाद | 117 | 62 |
| स्वार | 146 | 92 |

### पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी ने किया था लोकार्पण

देश का पहला अमृत सरोवर पटवाई कस्बे में बना था। इसकी प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भी की थी। पटवाई में बने अमृत सरोवर का लोकार्पण करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह समेत तमाम अधिकारी और नेता पटवाई पहुंचे थे।

"अमृत सरोवरों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। सींगनखेड़ा स्थित अमृत सरोवर का दिल्ली से आई टीम ने सर्वे किया था। अमृत सरोवर में नौका विहार के अलावा लोगों को प्रकृति से जोड़ने का प्रयास किया गया है। जिले में 680 अमृत सरोवर के सापेक्ष एक एकड़ वाले 356 अमृत सरोवर तैयार हो चुके हैं। भूजल स्तर को अमृत सरोवर के माध्यम से बढ़ाया जा रहा है। जिले के चार ब्लॉक डार्क जोन में थे। अमृत सरोवर के माध्यम से वह सामान्य श्रेणी में आ गए हैं। -पीयूष वर्मा, खंड विकास अधिकारी

# बूथ संख्या 351 से 362 में भाजपा प्रत्याशी पर बरसे वोट

## सपा प्रत्याशी को कहीं तीन तो कहीं मिले 11 वोट, उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने कम वोट पाकर भी दर्ज की थी जीत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में बूथ संख्या 351 से 362 पर भाजपा प्रत्याशी पर वोट बरसे। जबकि, सपा प्रत्याशी को कहीं तीन तो कहीं 11 वोट मिले। उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने कम वोट पाकर भी जीत दर्ज की थी। लेकिन, लोकसभा चुनाव में अधिक वोट पाकर भी वह सफलता के झंडे नहीं गाड़ सके।

दो साल पहले भाजपा से सांसदी का उप चुनाव जीतने वाले घनश्याम सिंह लोधी 2024 का चुनाव हार गए। इसे लेकर काफी मंथन चल रहा है। इसमें कहीं न कहीं भारतीय जनता पार्टी के ही कुछ लोगों ने प्रत्याशी के साथ भितरघात करके उन्हें हरा दिया है।

चार जून को हुई मतगणना में सभी लोग प्रत्याशी के जीतने का कायस लगाए थे। जबकि कुछ लोग सपा प्रत्याशी को जिताने में लगे थे। सुबह आठ बजे मंडी समिति में मतगणना शुरू हो गई थी। उसके बाद चक्रवार रिजल्ट आना शुरू हो गया था। सपा प्रत्याशी शुरू से ही पांच हजार वोटों से आगे चल रहे थे। वह आखिरी राउंड तक बढ़त बनाए रहे। वह करीब 87 हजार वोटों से चुनाव जीत गए। इस हार का कारण पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी भी तलाश रहे होंगे। जबकि 351 से लेकर 632 तक ऐसे बूथ हैं, जिसमें हर बूथ पर घनश्याम सिंह लोधी को 400 से अधिक वोट मिले हैं।



नवीन मंडी में चार जून को होती मतगणना। ● फाइल फोटो

### शहर के मतदाताओं में पकड़ नहीं बना सके भाजपा प्रत्याशी

शहर में भाजपा के प्रत्याशी की पकड़ ढीली रही। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं न कही भाजपा का आपसी मतभेद भी इसमें शामिल है। शहर के अधिकांश बूथों पर साइकिल तेजी के साथ दौड़ी, जबकि कुछ बूथों पर कमल पर वोट बरसे। इससे स्पष्ट है कि दिल्ली के इमाम ने कुछ ही दिन में शहर के मतदाताओं में पकड़ बना ली, जबकि पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी शहरवासियों के दिलों को नहीं जीत सके।

### इतना हुआ बूथवार मतदान

| बूथ | भाजपा | सपा | पड़े वोट | नोटा | कुल वोट |
|---|---|---|---|---|---|
| 351 | 607 | 11 | 624 | 02 | 626 |
| 352 | 434 | 5 | 445 | 01 | 446 |
| 353 | 833 | 54 | 1027 | 05 | 1032 |
| 354 | 332 | 159 | 553 | 07 | 560 |
| 355 | 441 | 229 | 675 | 02 | 677 |
| 356 | 233 | 214 | 451 | 3 | 554 |
| 357 | 624 | 18 | 656 | 5 | 661 |
| 358 | 703 | 6 | 717 | 8 | 725 |
| 359 | 686 | 13 | 840 | 6 | 846 |
| 360 | 667 | 30 | 760 | 13 | 773 |
| 361 | 511 | 3 | 518 | 00 | 518 |
| 362 | 356 | 11 | 379 | 05 | 384 |

### बसपा प्रत्याशी को बूथ संख्या एक से 25 तक केवल एक बूथ पर मिले 27 वोट

बसपा प्रत्याश जीशान खान ने एमपी के चुनाव को जीतने के लिए जी तोड़ मेहनत की थी, लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर सके। उन्होंने हर रैली में बसपा को छोड़कर सपा नेता आजम खां जिंदाबाद के नारे लगाए थे। ताकि उन्हें आजम खां की सहानुभूति के सहारे वोट मिले सके। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बसपा प्रत्याशी को बूथ संख्या एक से लेकर 25 तक कहीं भी 30 तक वोट भी नहीं मिले। बूथ संख्या एक पर 15, बूथ संख्या दो पर 18, बूथ संख्या तीन पर तीन, बूथ संख्या चार पर 27, बूथ संख्या पांच पर छह, बूथ संख्या छह पर दस और बूथ संख्या सात पर चार वोट मिले हैं। इसके अलावा बूथ संख्या आठ पर दो, बूथ संख्या नौ पर एक वोट मिला। बूथ संख्या 10 पर चार, बूथ संख्या 11 पर पांच, बूथ संख्या 12 पर 13 वोट मिले।

## भितरघात के चलते हुई हार : घनश्याम सिंह

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि भितरघात के चलते वह चुनाव हार गए। कहा कि वह चुनाव हारे नहीं हैं बल्कि उन्हें चुनाव हराया गया है। इस बारे में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।



भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने जमकर मेहनत की। चार जून को हुई मतगणना में पार्टी के प्रत्याशी मतगणना स्थल पर नहीं पहुंचे थे। पूर्व सांसद आठ जून को मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ साजिश की गई। भितरघात के चलते चुनाव हार गया। प्रशासनिक अधिकारियों और कुछ जयचंदों ने मुझे हराया है। ऐसे जयचंदों के खिलाफ पार्टी को कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि 2027 का चुनाव भी आ रहा है। इस बारे में मैंने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को अवगत करा दिया है।

## बिचौलियों पर कमीशन का दबाव बना रहे अधिकारी : सुभाष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू की पंचायत में पूर्व जिला महासचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि एक तरफ जिला खाद्य विपणन अधिकारी शासन को शत-प्रतिशत धान की डिलीवरी की रिपोर्ट भेज चुके हैं। दूसरी ओर केंद्र प्रभारियों ने अवशेष धान और धान का पैसा हड़पने की रिपोर्ट कराई है। रिपोर्ट दर्ज कराकर अधिकारी बिचौलियों पर कमीशन का दबाव बना रहे हैं।

भाकियू की पंचायत कार्यालय पर हुई। इसमें पूर्व जिला महासचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आरोप है कि अधिकारी कमीशन वसूलने के लिए किसानों पर झूठे मुदकमे दर्ज करा रहे हैं। इसके खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी। सहकारिता विभाग के दो केंद्र प्रभारियों ने कई महीने बाद धान खरीद में गड़बड़ी और धान के पैसे का गबन करने की रिपोर्ट कराई है। इसमें केंद्र प्रभारियों का कहना था कि धान खरीद के लिए बना गए सहायक प्रभारियों ने डीएससी लेकर अपने परिचित के नाम पर धान की खरीद की और उसका पैसा हड़प लिया। केंद्र प्रभारियों द्वारा गढ़ी कहानी किसानों के गले नहीं उतर रही है।

भाकियू( टिकैत) ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। चेतावनी दी कि अधिकारियों ने अगर कथित सहायक प्रभारियों और किसानों पर अनुचित दबाव बनाने की कोशिश की तो आंदोलन किया जाएगा। पंचायत में जुबैद, सोमपाल,अमर सिंह, प्रेमपाल, टिंकू, राजू, फरजंद, मोबीन, सिकंदर, मनप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह, राकेश आदि मौजूद रहे।

# तालाब और नाले की भूमि को कराया कब्जा मुक्त

- दोबार कब्जा करने पर दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को तालाब और नाले की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। दोबारा कब्जा करने पर आरोपियों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

शनिवार की दोपहर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय के निर्देश पर एक प्रशासनिक टीम गिरधरपुर पहुंची। टीम ने यहां तालाब की भूमि को चिन्हित किया। पैमाइश कर उसे कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान कुछ कब्जाधारी विरोध करने लगे। टीम द्वारा कार्रवाई करने की बात कहने पर वह शांत हो गए। टीम ने कब्जा करने वालों को जमकर हड़काया। दोबारा कब्जा करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

इसके अलावा टीम ने गांव डिबडिबा में रेलवे ट्रैक के निकट बने नाले को कब्जा मुक्त कराया। बरसात में इस नाले से पानी की निकासी होती है। लेकिन, नाले पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम से की थी। शनिवार को राजस्व टीम ने नाले को चिन्हित कर नाले को कब्जा मुक्त कराया। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार, सचिन कुमार के अलावा लेखपाल भी मौजूद रहे।



बिलासपुर में अतिक्रमण हटवाते अधिकारी। ● अमृत विचार

### जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों ने मां-बेटे को पीटा

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में अवैध कब्जे का विरोध करने पर आरोपियों ने मां-बेटे को जमकर पीटा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव का है। यहां रहने वाली मेहताब जहां का आरोप है कि उसके पति के नाम की जमीन को चचेरे भाई काफी समय से जबरदस्ती जोत रहे थे। महिला ने अपनी जमीन वापस मांगी तो आरोपियों ने उसे पीट दिया। उसके पुत्र मंसूर को भी धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने अजीमनगर पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। इस पर पुलिस ने जलील व उसके भाइयों रशीद, फरीद और सईद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बेसिक स्कूलों में बढ़ाया जाए ग्रीष्मकाल अवकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकाल अवकाश 30 जून तक करने की मांग की है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को भेजे ज्ञापन में संघ का कहना है कि परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकाल अवकाश 15 जून को समाप्त हो रहा है। लेकिन गर्मी का प्रकोप अभी चरम पर है।

16 से 30 जून तक गर्मी से राहत मिलने का कोई संकेत नहीं है। मौसम विभाग निरंतर लू और भीषण गर्मी का संदेश प्रचारित कर रहा है। तापमान भी 40 से 44 डिग्री सेंटीग्रेड तक रहने का अनुमान है। संघ का कहना है कि ऐसी स्थिति में कक्षा 8 तक के बच्चों का विद्यालय में दोपहर एक बजे तक रहना उचित नहीं है। इसका बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। गर्मी के कारण माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 30 जून तक तथा उच्च शिक्षा विभाग में 10 जुलाई तक अवकाश घोषित किया है। बेसिक शिक्षा विभाग में भी ऐसा किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बेसिक स्कूलों में भी 30 जून तक अवकाश घोषित करने की मांग की है। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, छत्रपाल सिंह यादव, सुरेश कुमार सक्सेना, अब्दुल अलीम खान, आनंद सिंह भंडारी, महेंद्र प्रताप सिंह, सतीश कुमार गिरोह, संतोष प्रसाद, तहसीन आलम खान, दिलशाद वारसी, मोहम्मद खालिद खान आदि के हस्ताक्षर हैं।

**आयोजन** राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय स्टेडियम में चल रहा योगाभ्यास

# प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराने के बाद हुआ शांति पाठ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** योग प्रशिक्षिका अनीता शुक्ला ने बताया कि योग मन, विचार एवं कर्म, आत्म संयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव व प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। शनिवार को राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्टेडियम पर भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराने के बाद शांति पाठ हुआ।

अंतराष्ट्रीय योग दिवस शिविर के आठवें दिन स्टेडियम में अंतर योग संस्थान की योग प्रशिक्षिका अंतरा यादव एवं अनीता शुक्ला ने कामन योगा प्रोटोकाल के तहत योगाभ्यास में प्रार्थना, ग्रीवा, संचालन, स्कन्द, शक्ति संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्धउष्ठासन, अनुलोम, विलोम, शीतली, भ्रामरी, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराने के बाद शांति पाठ कराया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य जमील अहमद, रूपा अग्रवाल, रामकृष्ण, मनोज कुमार, योगेश, मनीष, नितिन, सत्येंन, वरमजीत, रईस अहमद और डा. अनूप सिंह आदि मौजूद रहे।



राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्टेडियम में योगाभ्यास करते लोग।



किले के मैदान में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

### तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन करें योगाभ्यास : राजीव

**रामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में हेल्थ वेलनेस सेंटर राजकीय आयुष चिकित्सक रामपुर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार और अर्चना गुप्ता द्वारा प्रतिदिन किला मैदान में योगाभ्यास कराया जा रहा है। शनिवार को प्रात : छह बजे से योग शिविर प्रारंभ हुआ। सूक्ष्म व्यायाम के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, मयूरासन, स्कंद चक्र, ग्रीवा संचलन, अर्ध चक्रासन, मंडूकासन, वज्रासन, गोमुख आसन और प्राणायाम कराए। योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। तनाव से राहत देता है। बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। दिमाग को हमेशा शांत रखता है। शिविर में लगभग 50 योग साधक शामिल रहे।

## 15 घरों में जलती मिली चोरी की बिजली, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए निगम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शहर में चेकिंग की गई। अजीतपुर क्षेत्र से पांच, नालापार और जेल रोड के 10 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इन सभी के खिलाफ बिजली चोरी अधिनियम की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

अधीक्षण अभियंता वीके आर्य के निर्देश पर शनिवार को शहरी क्षेत्र के अजीतपुर, नालापार, जेल रोड और डिग्री कॉलेज क्षेत्र में चेकिंग की गई। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि अजीतपुर क्षेत्र के पांच, जेल रोड और नालापार के 10 घरों से चोरी पकड़ी है। बताया कि उपभोक्ता घर के बाहर केबिल बॉक्स में अतिरिक्त तार डालकर और मीटरों से छेड़छाड़ कराकर चोरी करते रंगे हाथ पकड़े गए। चोरी करने पर सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



टांडा में अवैध कब्जा हटवाते अधिकारी। ● अमृत विचार

# एसडीएम ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** शनिवार को उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम पर्वतपुर में नवीन परती की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। उप जिलाधिकारी ने अवैध कब्जाधारकों को चेतावनी दी है कि वह सरकारी भूमि से स्वयं कब्जे हटा लें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

तहसील क्षेत्र में जिलाधिकारी के निर्देश पर सरकारी जमीनों से कब्जे हटाने की कार्रवाई जोरों पर है। राजस्व विभाग अभियान चलाकर अवैध कब्जे हटवा रहा है। शनिवार को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के नेतृत्व में टीम ने ग्राम पर्वतपुर में नवीन परती की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सहित नायब तहसीलदार अंकुर अत्तल, राजस्व निरीक्षक करन सिंह एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे

43.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:20

## एक नजर


गांजा के साथ पकड़ा गया आरोपी।

### दस किलो चार सौ ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने उत्तराखंड से सटे इलाके में एक युवक को दस किलो चार सौ ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तराखंड से सटी क्षेत्र की परती कालोनी में गांजा लेकर जा रहा था। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह को सूचना मिली कि एक युवक गांजा लेकर जा रहा है। इस पर वह रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देख युवक ने भागने का प्रयास किया मगर पुलिस ने पीछा करके उसे दबोच लिया। उसके पास से 10 किलो 400 ग्राम गांजा मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़ा राज साहनी परती कालोनी डिबडिबा का रहने वाला है।

### परिवार परामर्श केंद्र में 20 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन हुआ। इसमें समिति ने 20 प्रकरणों को सुना और सात प्रार्थना पत्रों पर समझौता कराया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के आदेश पर महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। इसमें पति-पत्नी के विवादो में काउंसलिंग कराई गई। समिति ने 20 प्रकरण को सुना। सात प्रार्थना पत्रों पर समझौता हो गया। दो प्रार्थना पत्रों पर एफआईआर की संस्तुति कर संबंधित थाने को प्रेषित किए गए। सात प्रार्थना पत्र जिला विधिक न्यायालय को प्रेषित किए गए। शेष चार में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है।

# सावधान ! जिले में पांव पसार रहा डायरिया

## जिला अस्पताल में आठ दिन में भर्ती हुए 568 रोगी, गंदगी से फैल रहा रोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सावधान ! जिले में डायरिया पांव पसार रहा है। आठ दिन में 568 रोगी जिला अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। गंदगी से यह बीमारी तेजी से फैल रही है। भीषण गर्मी में उलटी, दस्त और बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ी है। नौ दिन में तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस तक रहा है।

भीषण गर्मी में जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सबसे ज्यादा मरीज डायरिया के आ रहे हैं। इसे देखते हुए अस्पताल प्रशासन को डायरिया वार्ड में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करनी पड़ी। पहले यहां 30 बेड का डायरिया वार्ड था। बाद में इसे बढ़ाकर दो गुना कर दिया गया है। एक दिन में 100 से अधिक डायरिया के मरीज भर्ती हुए। शनिवार को भी जिला अस्पताल में 985 रोगियों की ओपीडी हुई। डायरिया वार्ड में 20 और बच्चा वार्ड में 20 रोगी भर्ती हुए।


जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर लगी रोगी और तीमारदारों की भीड़।

### जांच कराने को पैथोलॉजी लैब पर लग रही कतार

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब पर खून की जांच कराने को इन दिनों रोगियों की लंबी कतारें लग रही हैं। सुबह दस से दोपहर एक बजे तक जांच कराने को रोगियों में आपाधापी लगी रहती है। ऐसे में जब कोई रोगी चिकित्सक को दिखाने के लिए परामर्श लेता है तो वह सीधे जांच के लिए लिख देते हैं। पैथोलॉजी लैब प्रभारी डा. प्रद्युत सिंह ने बताया कि आम दिनों में रोजाना 200-250 जांच होती थी, लेकिन गर्मी में यह संख्या 400 पार हो गई है।

ओपीडी कर रहे चिकित्सक डा. राजीव राजपाल, डा. शशांक झा, डा. डीके वर्मा ने रोगियों को देखा। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए रोगियों को एहतियात बरतने की सलाह दी। बताया कि गर्मी में घर से बाहर कम निकलें। जरूरत पड़ने पर लू के थपेड़ों से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा बांधकर ही बाहर निकलें। छोटे बच्चों का विशेष तौर पर ध्यान रखें। उन्हें दोपहर 12 से शाम चार बजे तक बाहर न निकलने दें।

### एक से 8 जून तक भर्ती हुए रोगियों की संख्या

| तिथि | रोगी |
|---|---|
| एक जून | 118 |
| दो जून | 64 |
| तीन जून | 74 |
| चार जून | 83 |
| पांच जून | 84 |
| छह जून | 50 |
| सात जून | 50 |
| आठ जून | 45 |
| कुल | 568 |

गर्मी की शुरुआत से ही डायरिया के मरीजों के लिए पर्याप्त दवा और बेड की व्यवस्था की गई है। ताकि रोगियों को उपचार कराने में भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। -डा. एसके मित्रा, मुख्य चिकित्साधीक्षक, जिला अस्पताल

# अवैध खनन में दस डंपर किए सीज

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** अवैध खनन से भरे ओवरलोड वाहनों की सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने खनन अधिकारी के साथ छापामार कार्रवाई की। टीम ने अवैध खनन से भरे 10 डंपरों को सीज कर दिया। इससे खनन के धंधेबाजों में हड़कंप मचा रहा।

स्टोन क्रेशरों और कोसी नदी से ओवरलोड अवैध खनन भरकर वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। अवैध खनन रोकने के लिए एसडीएम अवनीश कुमार रात-दिन कोसी नदी के घाटों समेत क्षेत्र में भ्रमण कर सख्त कार्रवाई करने में लगे हैं। लेकिन धंधेबाज प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर अवैध खनन कर रहे हैं।

शुक्रवार की रात उप जिलाधिकारी को सूचना मिली कि समोदिया, अजवनगर, जुठिया आदि जगहों से स्टोन क्रेशर एवं कोसी नदी से अवैध खनन भरकर ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं। उप जिलाधिकारी ने सीओ टांडा और खनन इंस्पेक्टर अजय खन्ना, नायब तहसीलदार मानवेन्द्र कुमार को साथ लेकर कोसी नदी क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने अलग-अलग जगहों से ओवरलोड अवैध खनन से भरे 10 वाहनों को पकड़ लिया। प्रशासन की बड़ी कार्रवाई से खनन के धंधेबाजों में खलबली मची रही। सभी वाहनों को उप जिलाधिकारी ने पुलिस के हवाले कर दिया।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन का धंधा किसी भी कीमत पर नहीं करने दिया जाएगा। खनन के धंधेबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


अवैध खनन से भरे डंपर के खिलाफ कार्रवाई करते उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार।

### स्वार रोड पर खनन लदे 12 ओवरलोड वाहन पकड़े

**सैदनगर, अमृत विचार :** पुलिस-प्रशासन की टीम ने शनिवार तड़के स्वार रोड पर छापा मार कर खनन लदे 12 ओवरलोड वाहन पकड़ लिए। इस दौरान दर्जनों खनन माफिया अपने वाहन के साथ जंगल के रास्ते भागने में कामयाब हो गए। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा है। पूरे क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा जोर-शोर से चल रहा है। ओवरलोड वाहनों के चलते सड़क पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। शनिवार को एसडीएम स्वार के नेतृत्व में तहसीलदार स्वार, सीओ टांडा, प्रभारी निरीक्षक अजीमनगर पवनवीर सिंह राणा के साथ राजस्व टीम ने स्वार रोड पर छापामारी की। इस दौरान टीम ने कई दर्जन ओवरलोड वाहनों को स्वार और खौद की ओर से घेर लिया। दोनों ओर से घिरने के बाद चालक वाहनों को जंगल की ओर लेकर भागने लगे। जबकि कुछ चालकों ने अपने वाहन रसूलपुर, हरदासपुर, खेमपुर, करनपुर, इमरता, परवाई, मुरसैना, बहादुरगंज, बड़ापुरा आदि गांवों में छिपा दिया। दर्जनों चालक रास्तों एवं जंगलों में खनन उतार कर भाग गए। पीछा करते हुए राजस्व टीम ने जंगल से 12 ओवरलोड वाहन पकड़ लिए।

# दिल्ली के कारोबारी ने 75 हजार रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**धोखाधड़ी**

- गंज थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू
- एटीएम कार्ड बंद होने का आरोपी ने बनाया बहाना

**अमृत विचार :** युवक से दिल्ली के कारोबारी को 75 हजार रुपये मांगना भारी पड़ गया। पीड़ित की तहरीर पर गंज पुलिस ने आरोपी कारोबारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गंज थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज रोड निवासी मुजाहिद उन नबी खां का कहना है कि उनकी जान पहचान दिल्ली निवासी संजय सक्सेना से है। संजय सक्सेना दिल्ली में सोने-चांदी का कारोबार करते हैं। 12 जनवरी को संजय सक्सेना ने मुजाहिद को फोन करके बताया कि उनका एटीएम कार्ड बंद हो गया है। मुझे 50 हजार रुपये की जरूरत है। आप मुझे 50 हजार रुपये ऑनलाइन दे दीजिए। इस पर मुजाहिद खां ने संजय के एकांउट में 50 हजार रुपये डाल दिए। इसके कुछ दिन बाद फिर फोन आया कि 25 हजार रुपये और खाते में डाल दो। पीड़ित ने 25 हजार रुपये भी डाल दिए। इसके कुछ दिन बाद उन्होंने संजय से अपने पैसे मांगे तो उसने देने से इंकार कर दिया। तब मुजाहिद खां को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को को तहरीर दी। इसके बाद गंज पुलिस ने आरोपी संजय सक्सेना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## रास्ते के विवाद में मां-बेटी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने मां-बेटी को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दंपति और उसकी दो बेटियों सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। महिला और उसकी दो बेटियों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा तराना निवासी मीरा का कहना है कि दोपहर 12 बजे रास्ते के विवाद को लेकर गांव निवासी करामत, उसकी पत्नी मुन्नी, रीमा और बुशरा ने गाली-गलौज कर दी थी। विरोध पर उसे व उसकी बेटी को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसके बाद पुलिस ने मुन्नी, नाजिश व रीमा को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# चौकीदार के छह वर्षीय पुत्र के साथ युवक ने किया कुकर्म, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, स्वार

- बहाने से बच्चे को नदी किनारे ले गया था आरोपी

**अमृत विचार :** चौकीदार के छह वर्षीय बेटे को युवक बहला फुसलाकर नदी किनारे ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति गांव का चौकीदार है। शनिवार को लगभग 12 बजे उनका छह वर्षीय बेटा अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान गांव का ही युवक उसे बहला-फुसलाकर नदी किनारे ले गया। वहां आरोपी ने बालक से कुकर्म किया। बच्चा रोता हुआ घर पहुंच गया। परिजन उसकी हालत देख घबरा गए।

### पीड़ित के पिता ने लगाई कार्रवाई की गुहार

पीड़ित के पिता का कहना है कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे उनका बेटा घर के बाहर खेल रहा था। वहां से अचानक से वह गायब हो गया था। करीब एक घंटे के बाद बेटा रोता हुआ घर आया। तब उसने सारा मामला बताया। ग्रामीण का कहना है कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

पूछने पर पीड़ित ने परिजनों को आपबीती बताई, जिसे सुनकर उनके होश उड़ गए। बालक के परिजन शिकायत करने आरोपी के घर गए तो उसके परिजनों गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

इसके बाद चौकीदार बेटे को लेकर कोतवाली पहुंचा और आरोपी अरमान के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा दिया। पुलिस ने आरोपी के घर दबिश भी दी मगर वह फरार हो गया।

तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। उसे शीघ्र गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा। -संदीप त्यागी, कोतवाल

## साइबर टीम ने वापस कराए 25 हजार रुपये

**रामपुर, अमृत विचार :** साइबर टीम ने युवक से ठगे गए 25 हजार रुपये वापस करा दिए।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आवास विकास निवासी निखिल गुप्ता के साथ 25 मई को यूपीआई के माध्यम से साइबर ठगों ने 25 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी। निखिल ने तत्काल इसकी शिकायत साइबर सेल के टोल-फ्री नम्बर 1930 पर दर्ज कराई थी। इसके बाद एसपी राजेश द्विवेदी एवं साइबर अपराध के नोडल अधिकारी एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में साइबर सेल ने इस मामले का संज्ञान लिया गया। तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए आरोपी के खाते की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद सात जून को निखिल गुप्ता से ठगी गई 25 हजार रुपये की रकम उसके एचडीएफसी बैंक के खाता नंबर में वापस करा दी।


शहजादनगर थाने में जन समस्याएं सुनते एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

# एसपी ने थाना शहजादनगर में सुनीं जन शिकायतें

संवाददाता, धमोरा

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना शहजादनगर में आयोजित समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुना। मौके पर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

आचार संहिता हटने के बाद शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसपी राजेश द्विवेदी थाना शहजादनगर पहुंचे और लोगों की फरियाद सुनीं। इसके बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। कुछ फरियादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी किया गया। इसके अलावा थाने में साफ-सफाई और बैरकों को भी देखा। जन समस्याओं के समाधान और कानून और शांति व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ वर्मा को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ वर्मा, दूधनाथ यादव, रजी अहमद आदि मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण माहौल में कराएं त्योहार : एडीजी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक बरेली पीसी मीणा ने जनपद प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि ईद उल जुहा के त्योहार पर प्रतिबन्धित स्थानों पर कुर्बानी न होने दी जाए। सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने दी जाए। इसके अलावा ईद शांतिपूर्ण तरह से संपन्न कराने पर जोर दिया है।

लोकसभा चुनाव खत्म होते ही अधिकारी अब त्योहारों को लेकर सक्रिय हो गए हैं। इसी के चलते शनिवार को एडीजी बरेली जोन पीसी मीणा ने जोन के परिक्षेत्र, जनपद प्रभारियों, अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से अपराध नियंत्रण, कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि गंगा दशहरा एवं ईद-उल-जुहा आदि को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक करें। ईद पर प्रतिबन्धित स्थानों पर कुर्बानी न होने दी जाए। गंगा दशहरा के दृष्टिगत संबन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर व्यापक प्रबंध समय से कर लिए जाएं।


वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

- एडीजी बरेली ने वीसी के जरिए अधिकारियों के साथ की बैठक

एनडीआरएफ की टीम गोताखोरों के साथ लगातार गंगा स्नान स्थल पर दृष्टि बनाए रखे। स्नान घाट पर वॉच टावर का निर्माण व क्विक रेसपांस टीम का गठन कर लिया जाए। चोरी, नकबजनी एवं गोकशी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये नियमित रूप से गश्त करें। महिला संबंधी अपराधों व छेड़छाड़ की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए महिला सुरक्षा दल को सक्रिय किया जाए।

## दो सप्ताह बाद भी चोरी का खुलासा नहीं

**धमोरा, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र धमोरा के सरकारी भवन में शुक्रवार की रात घुसे चोर काफी सामान समेट कर ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बरेली के फैक इंकलेव निवासी कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. फैज मोहसिन का कहना है कि 26 मई की रात चोर धमोरा कृषि विज्ञान केंद्र के ताले तोड़कर काफी सामान चुराकर ले गए थे। इससे पहले चोर 23 मई को भी ताले तोड़कर चार बैट्री और आवास से फ्रीज, गैस चूल्हा, सिलेंडर, सरकारी जीप की चाबी आदि चुरा ले गए थे। इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लेकिन दो सप्ताह बीतने के बाद भी चोरी का खुलासा नहीं हो सका है।

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाने में पिता-पुत्रों समेत चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- उद्यान विभाग का सेवानिवृत कर्मचारी है एक आरोपी

**अमृत विचार :** फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाने के मामले में अदालत ने भाजपा के सभासद समेत उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद गंज पुलिस ने रिटायर्ड कर्मचारी और उसके तीन बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की न्यू कृष्णा विहार कालोनी निवासी आशीष सागर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। उनका कहना था कि ज्वाला नगर निवासी राम भरोसे उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन्होंने अपनी सर्विस बुक में कहार जाति लिख रखी है।

इन्होंने 2004 में तुरैहा जाति का प्रमाण पत्र बनवाया था। इनके पुत्रों विजयपाल व सभासद विनोद कश्यप ने भी फर्जी प्रमाणपत्र तैयार कराया था। आरोप लगाया कि अनुचित लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनाया गया है। आशीष ने रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। इस पर कोर्ट ने सभासद विनोद कुमार, उनके भाई विजय पाल व पिता राम भरोसे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश गंज पुलिस को दिए थे। अदालत के आदेश पर गंज पुलिस ने रामभरोसे व उसके पुत्रों विजय पाल सिंह, विनोद कश्यप व अजय कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**विकास** सड़कों की हालत सुधरने पर फर्राटा भर सकेंगे वाहन, आचार संहिता के चलते कार्यों पर लग गया था विराम

# जल्द ही चकाचक होंगी शहर की 352 सड़कें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एक अरब की लागत से शहर की ऊबड़-खाबड़ सड़कें, कूड़ा-कचरा निस्तारण प्लांट और पथ प्रकाश की हालत सुधारी जाएगी। सड़कों पर जून में ही कार्य पूरे होने हैं। इसे लेकर पालिका प्रशासन ने रूपरेखा तैयार कर ली है। जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य सोमवार से शुरू हो जाएगा।

नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक मार्च में हुई थी। इसमें शहर की 352 सड़कों की हालत, कूड़ा कचरा निस्तारण प्लांट को चालू कराने समेत एक अरब के विकास कार्यों के प्रस्तावों पर मोहर लगी थी। मगर काम शुरू होने से पहले ही लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया और आचार संहिता लागू हो गई। इसके चलते जो कार्य में निर्माणाधीन थे उन्हें जल्द पूरा कराया गया। लेकिन बाद शेष कार्य अधर में लटक गए। घोषणा होते तमाम अधिकारी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गए।

बोर्ड की बैठक में पास हुए एक अरब के विकास कार्यों में बरेली गेट, शाहबाद गेट, डूंगरपुर, तीतर वाली पाखड़, जेल रोड, चाह खजान खां, मिस्टन गंज और नालापार क्षेत्रों की सड़कों को शामिल किया गया है। देखरेख के अभाव में इन क्षेत्रों की सड़कों की हालत खस्ता हो गई है। शाहबाद गेट, मौलवी साहब की मजार की ओर जाने वाली सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन सड़कों की हालत निर्माण विभाग द्वारा सुधारी जाएगी।


शाहबाद गेट की जर्जर सड़क। ● अमृत विचार

### खंभों पर लगेंगी स्ट्रीट लाइट

शहर के अधिकतर वार्डों के गली-मोहल्ले और प्रमुख चौराहों पर स्ट्रीट लाइट खराब हैं। इनके स्थान पर नई लाइट लगवाई जाएंगी। पालिका के पथ प्रकाश के विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 43 वार्डों के प्रत्येक सभासद को पांच स्ट्रीट लाइट दी जाएंगी। इससे प्रमुख चौराहों पर उजाला होगा। मार्च में हुई बोर्ड की बैठक में सभासदों ने खराब स्ट्रीट लाइट का मुद्दा उठाया था।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यों पर रोक लग गई थी। अब आचार संहिता हट गई है। मार्च में हुई बोर्ड की बैठक में 352 सड़कों की हालत सुधारने, कूड़ा निस्तारण प्लांट को चालू करने समेत एक अरब के प्रस्ताव पास हुए थे। यह कार्य 25 जून तक पूर्ण कराए जाएंगे। -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद

## हरे पेड़ काटने में खेत स्वामी समेत तीन पर रिपोर्ट

**भोट, अमृत विचार :** वन विभाग की अनुमति के बिना आम के हरे पेड़ कटवाने में खेत स्वामी व दो अन्य के खिलाफ वृक्ष सरंक्षण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शुक्रवार की शाम वन वीट प्रभारी फूल सिंह को थाना क्षेत्र के मनकरा गांव स्थित मुख्तियार अहमद के खेत में लगे आम के बाग से हरे पेड़ काटने की सूचना मिली थी। इस पर बीट प्रभारी अपनी टीम के साथ रात में ही मौके पर पहुंच गए। टीम को देख पेड़ काट रहे लोग फरार हो गए। बीट प्रभारी ने बताया कि मौके पर आम के 12 वृक्षों का अवैध कटान हुआ था। पता चला कि खेत मालिक मुख्तियार अहमद ने सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना ही भंडपुरा निवासी ठेकेदार माजिद खां व रामपुर के घेर तोगा निवासी विक्की को आम के पेड़ बेच दिए थे। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि वन बीट प्रभारी की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पांच निजी अस्पतालों में की गई अग्निशमन उपकरणों की जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के पांच निजी अस्पतालों में अग्निशमन द्वितीय अधिकारी ने आग बुझाने के उपकरण चेक किए। इस दौरान किसी में फायर अलार्म तो किसी के यंत्र नहीं मिले। एनओसी की जांच भी की गई। इससे अस्पताल संचालकों में खलबली मची रही।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल के निर्देश पर अग्निशमन अधिकारी द्वितीय सनी गौतम ने शनिवार को पांच अस्पतालों के उपकरण चेक किए।

शाहबाद गेट स्थित ईस्ट वेस्ट स्कूल के सामने हार्ट बीट हॉस्पिटल, शहजादनगर में जैनब नर्सिंग होम, शाहबाद गेट स्थित कांशीराम कॉलोनी स्थित प्रिंस हॉस्पिटल, माला रोड स्थित माला हॉस्पिटल, बमनपुरी स्थित डिवाइन हॉस्पिटल की एनओसी चेक की। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि हार्ड बीट हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाएं सही मिली। शेष में फायर अलार्म और आग बुझाने के यंत्र नहीं मिले। अनियमित्ताएं मिलने पर अस्पताल संचालकों को नोटिस दिए जाएंगे।



हार्ट बीट हॉस्पिटल में एनओसी चेक करते अग्निशमन अधिकारी। ● अमृत विचार

- अग्निशमन अधिकारी द्वितीय की छापेमारी करने से संचालकों में मची खलबली

## राष्ट्रीय शिविर में हरिद्वार रवाना हुए किसान

**मिलक, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में ग्राम दनकरा में पंचायत हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि नौ, दस और 11 जून को हरिद्वार में संगठन का राष्ट्रीय शिविर है।

शिविर में जनपद के किसानों की समस्याओं पर गहनता से विचार किया जाएगा। शनिवार को जिलाध्यक्ष ने एक जत्था हरिद्वार में आयोजित शिविर के लिए निजी वाहनों से रवाना किया। नौ और 10 जून को भी बड़ी संख्या में किसान निजी वाहनों और ट्रेन के माध्यम से हरिद्वार पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि आचार संहिता खत्म हो चुकी है। किसानों के जो कार्य रुके हैं उन्हें वरीयता के आधार पर कराया जायेगा। शनिवार को जत्था रवाना करने में प्रेम पाल सिंह, अमित गंगवार, वीरेंद्र गंगवार, महेश बाबू गंगवार, दिनेश गंगवार, अकीन शाह, राकेश गंगवार, ओम प्रकाश, विपिन शर्मा, विशाल गंगवार आदि किसान मौजूद रहे।

एक नजर

## दोस्तों में मारपीट, बाइक उठाकर नहर में फेंकी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात दो दोस्तों में मारपीट हो गई। इससे गुस्साए एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की बाइक नहर में फेंक दी। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। यह दोनों दोस्त सिंह कॉलोनी निवासी रवि तथा मोहल्ला साहूकारा के हरि ड्रेस स्कूल के पास रहने वाले छुट्टन बताए जाते हैं। यह झगड़ा केनाल रोड पर पालिकाध्यक्ष के घर से थोड़ा आगे हुआ। लोगों ने बताया कि यह दोनों दोस्त नहर किनारे सड़क पर भिड़ गए थे। मारपीट के दौरान एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की बाइक सड़क से तीस फुट नीचे नहर में फेंक दी। पुलिस पहुंचने के बाद बाइक को नहर से निकलवाया गया। नहर में बाइक फेंकने वाले दोस्त को पुलिस अपने साथ कोतवाली ले गई। फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## चरस के साथ गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** खजुरिया पुलिस ने एक आरोपी को 530 ग्राम चरस के साथ पकड़ लिया। उसके बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसको जेल भेज दिया गया। थाना खजुरिया पुलिस द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बेगमाबाद से खंडिया जाने वाले रास्ते पर ग्राम वेदपुर की पुलिया के पास से जाकिर को 530 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# सात दिन बाद रामपुर-शाहबाद मार्ग पर दौड़ीं निजी बसें

## एआरटीओ ने आटो व ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ दिया कार्रवाई का आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शाहबाद-रामपुर मार्ग पर सात दिन से निजी बसें नहीं चलने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शनिवार को एआरटीओ के आश्वासन के बाद बसें चलने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

शाहबाद-रामपुर मार्ग पर कई साल से निजी बसें चलती हैं। लेकिन एक जून से बसों का संचालन रोक दिया गया था। इस संबंध में तीन जून को बस यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड पर प्रदर्शन करते हुए एआरटीओ को ज्ञापन दिया था। उनका कहना था कि शाहबाद-रामपुर मार्ग पर ई-रिक्शा, ऑटो व टेंपो वाले बसों के आगे आकर जबरन सवारियां भरते हैं। इस मार्ग पर ई-रिक्शा पूरी तरह प्रतिबंधित है। यह भी नियम है कि आटो और टेंपो केंद्र से 25 किलो मीटर तक रिजर्व पार्टी ले जा सकते हैं। इससे नाराज बस संचालकों ने 31 मई को बसों के सारे कागजात एआरटीओ कार्यालय में समर्पित कर दिए थे। शुक्रवार की शाम एआरटीओ ने बस चालकों को बुलाकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद शनिवार सुबह से बसें दौड़ना शुरू हो गई हैं।

**आठ दिन से परेशान थे क्षेत्रवासी :** शाहबाद-रामपुर मार्ग पर बसें नहीं चलने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतें आ रही थीं। बसें नहीं चलने के कारण वह ई-रिक्शा, ऑटो व टेंपो से सफर करने को मजबूर हो गए थे। शनिवार से बसें चलने के कारण उन्होंने राहत की सांस ली। कम किराए में यात्री शाहबाद तक पहुंच जाते थे जबकि लेकिन आटो से काफी रुपया खर्च हो रहा था।



शाहबाद-रामपुर मार्ग पर बसों का संचालन शुरू करते संचालक। ● अमृत विचार


दिन में किसी भी समय शाहबाद से रामपुर जाने के लिए निजी बसों का ही सहारा है। शाहबाद-रामपुर मार्ग पर ई-रिक्शा और ऑटो चलने से बसों का संचालन बंद हो गया था। अब बस चलने से राहत है। **- जहीर अहमद**


सात दिन तक बसों का संचालन बंद होने से रामपुर जाने वाली सवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को बसों का संचालन शुरू होने से यात्रियों को सहूलियत मिली है। **- बृजपाल सिंह**


ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के जबरन सवारी बैठाने से बस संचालकों को दिक्कत हो रही थी। नुकसान के चलते बसों का संचालन मुश्किल हो रहा था। शनिवार से शाहबाद-रामपुर मार्ग पर ई-रिक्शा और ऑटो के संचालन पर रोक लगाई दी है। बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। **- जसीम मियां, बस संचालक**


कई दिन से रामपुर जाने की सोच रहे थे, लेकिन पता लगा कि निजी बसें बंद हैं। हड़ताल खुलने का इंतजार कर रहे थे। आज हड़ताल खुलने पर रामपुर जा रहे हैं। यात्रियों को राहत मिली है। **- जगदीश सिंह**

## बसों का संचालन शुरू होने से यात्रियों को मिली राहत

संवाददाता, शाहबाद

- **हड़ताल के सात दिन बाद शुरू हुआ बसों का संचालन**
- **ऑटो और ई-रिक्शा चालकों द्वारा सवारी बैठाने के विरोध में बस चालकों ने की थी हड़ताल**

**अमृत विचार :** शाहबाद-रामपुर मार्ग पर सात दिन बाद निजी बसों का संचालन शुरू हो गया है। इससे यात्रियों को राहत मिली है। शाहबाद-रामपुर मार्ग पर ई-रिक्शा और टेंपो चलने से बस चालकों को नुकसान हो रहा था। इसलिए बस संचालकों ने सारे कागजात एआरटीओ कार्यालय में जमा कराने के बाद बसों की हड़ताल कर दी थी। शनिवार से बस संचालकों की हड़ताल खत्म हो गई है।

शनिवार को एआरटीओ ने शाहबाद-रामपुर मार्ग पर ई-रिक्शा और टेंपो के संचालन पर रोक लगा दी। इसके बाद संचालकों ने बसों का संचालन शुरू कर दिया। शाहबाद-रामपुर मार्ग पर वर्षों से निजी बसों का संचालन किया जा रहा है। इसके सहारे लोग रामपुर से शाहबाद आते-जाते हैं। लेकिन एक जून से बसों का संचालन रोक दिया गया था। बस यूनियन ने प्रदर्शन करते हुए एआरटीओ को ज्ञापन सौंपा था। इसमें कहा गया था कि शाहबाद-रामपुर मार्ग पर ई-रिक्शा, ऑटो और टेंपो वाले बसों के आगे आकर जबरन सवारी बैठाते हैं। जबकि ई-रिक्शा पूरी तरह प्रतिबंधित है। टेंपो केंद्र से 25 किमी तक रिजर्व पार्टी ले जा सकते हैं। ऑटो चालक बसों को मिलने वाली फुटकर सवारी बैठाते हैं। इससे बस संचालकों को नुकसान हो रहा है। आठवें दिन एआरटीओ ने बस संचालकों की मांग को मानते हुए शाहबाद-रामपुर मार्ग पर ई-रिक्शा और ऑटो के सवारियां बैठकर जाने पर रोक लगा दी। इस संचालकों ने शनिवार से बसों का संचालन शुरू कर दिया।

## हादसे में घायल युवक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** करीब एक हफ्ता पहले सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जनपद बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिखा झाऊ नगला निवासी लक्ष्मण के मुताबिक एक जून को उसका भाई महेंद्र पाल भांजे राकेश के साथ कोतवाली क्षेत्र के गांव गलपुरा जा रहा था। शाहबाद-सिरौली मार्ग पर टांडा गांव के निकट उसे बहनोई ओम नारायण व बहन राधिका मिल गई। उसने बाइक साइड लगाई और उनसे बात करने लगा। इस बीच सिरौली की ओर से आ रहे टांडा निवासी आकाश ने महेन्द्रपाल, ओम नारायण व राधिका को बाइक से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। राकेश ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान महेंद्र पाल ने दम तोड़ दिया। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस जांच कर रही है।

## किसानों ने पीपली वन में हो रहे कटान के विरोध में की नारेबाजी

संवाददाता, बिलासपुर

- **अधिकारियों पर लगाया मिलीभगत से पेड़ कटवाने का आरोप**
- **क्षेत्र में फल-फूल रहे हैं फर्जी अस्पताल, कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार :** भाकियू भानु गुट से जुड़े किसानों ने फर्जी अस्पतालों एवं पीपली वन में हो रहे कटान के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। किसानों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

शनिवार को संगठन से जुड़े किसान मोहल्ला भट्टी टोला में एकत्र हुए। उन्होंने विभिन्न समस्याओं को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इससे पहले आयोजित पंचायत में मंडल महासचिव मुराद खां ने आरोप लगाया कि सीएमओ कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। इसलिए फर्जी अस्पताल फल-फूल रहे हैं। ऐसे लोग अस्पताल चला रहे हैं, जिन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही उन्होंने कहीं प्रैक्टिस की है। फर्जी डिग्री लेकर अस्पताल खोलकर गरीब किसान व मजदूर को लूट रहे हैं। उन्होंने ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

जिला उपाध्यक्ष इमरान खां ने कहा कि अधिकारियों की मिलीभगत से पीपली वन में धड़ल्ले से पेड़ों का कटान कराया जा रहा है। उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में फैजान अली, अमान खां, सैयद मोईन मियां, अब्दुल्ला खां, मुन्ने, आदिल मियां, अमन खां, आरिफ मियां, नरेश कुमार, धर्मदास, जमुना प्रसाद, चोखेलाल आदि मौजूद रहे।

# नदवी की जीत पर सपाइयों ने बांटी मिठाई

संवाददाता, बिलासपुर

- **सपा नेताओं ने बताया लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत**
- **कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर किया स्वागत**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में सपा के मौलाना मोहिबुल्ला नदवी द्वारा जीत हासिल करने पर सपाइयों ने मिठाई बांटी। उन्होंने इसे लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत बताया।

शनिवार को तहसील क्षेत्र के फाजलपुर गांव में सपा कार्यकर्ता पंकज यादव के आवास पर नुक्कड़ सभा हुई। इसमें सबसे पहले रामपुर लोकसभा चुनाव सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मौलाना मोहिबुल्ला नदवी द्वारा भाजपा उम्मीदवार धनश्याम सिंह लोधी को 88 हजार वोटों से हराकर जीत हासिल करने पर खुशी मनाई गई। मिष्ठान का वितरण भी किया गया।

मुख्य अतिथि किसान तराई संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा नेता तेजेन्द्र सिंह विर्क ने कहा कि इस बार के चुनाव में जनता ने तानाशाही नेताओं को सबक सिखाने के साथ ही उन्हें अपनी जगह दिखाने का कार्य भी किया। कहा यूपी में सबसे हॉट सीट कहे जाने वाले रामपुर में भाजपा ने अपने प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार में पूरी ताकत झोकीं। परन्तु जब नतीजे आए तो सब सन्न रह गए। कहा जनता गूंगी-बहरी नहीं है। वह अच्छी तरह जानती है कि जो किसान व मजदूरों का नहीं वह किसी का नहीं हो सकता। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नदवी ने जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र आज भी जिंदा है। उन्होंने आग्रह किया कि ऐसे ही एकजुट रहें। ताकि, तानाशाह लोगों से देश को बचाया जा सके।

विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रमुख जिला महासचिव मोहम्मद अनस खां ने कहा कि इस चुनाव में इंडिया गठबंधन ने सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। इससे यह साबित होता है कि जनता भाजपा की तानाशाही से कितनी ऊब चुकी है। कहा कि आगामी चुनावों में भी भाजपा को यह खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जनता जो चाहे वह कर सकती है। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर तहर सिंह यादव, राम बहादुर यादव, डालचंद यादव, निखिल यादव, हरिशंकर यादव, मंसूर खां, भूरा खां, वामिक खां, अज्जू खां, शुऐब सलमानी आदि मौजूद रहे।


ग्राम फाजलपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## बिजली की आवाजाही से किसान परेशान, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, मसवासी

- **सिंचाई नहीं होने से खेतों में सूख रहीं है फसलें**

**अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र पर भाकियू के धरना-प्रदर्शन के बाद भी आपूर्ति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। बिजली की आवाजाही की समस्या बरकरार है। इससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लोकल फाल्ट के चलते बिजली ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई है। बार-बार बिजली का आना-जाना क्षेत्रवासियों के लिए सिर दर्द बना हुआ है। भीषण गर्मी में क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के मानपुर उत्तरी, शिकारपुर, शिवनगर लोहारी, लोहार इनायत गंज, मझरा हसन, आर्सल पार्सल, नानकार रानी, समेत आसपास के गांवों में ट्रिपिंग की समस्या से किसान परेशान हैं। वह फसलों की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

स्थानीय स्टोन क्रेशरों पर समय अनुसार आपूर्ति दी जा रही है। किसानों को इस समय गन्ना, मेंथा और अन्य फसलों की सिंचाई के लिए बिजली की आवश्यकता है। किसानों का आरोप है कि बिजलीकर्मी आपूर्ति पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कहा अब किसानों को आंदोलनात्मक रवैया अपनाना पड़ेगा। किसानों ने बिजली उप केंद्र पर अधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया था। आपूर्ति में सुधार की मांग की थी। इधर भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष सरदार लखविंदर सिंह गिल ने चरमराई बिजली आपूर्ति को लेकर आक्रोश जताया और अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी।

# कोटेदारों से न कराएं ई-केवाईसी, प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों की ई-केवाईसी राशन डीलरों से न कराने की मांग को लेकर कोटेदारों ने प्रदर्शन किया। तहसीलदार की माध्यम से खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त को ज्ञापन भी भेजा।

शनिवार की दोपहर ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले राशन विक्रेता संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद नईम के नेतृत्व में एकत्र हुए। इसके बाद जुलूस की शक्ल में तहसील भवन पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान मौके पर पहुंचे तहसीलदार निश्चय कुमार को खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शासन ने राशन विक्रेताओं पर अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों की ई-केवाईसी करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके किसी जनसेवा केंद्र या सरकारी कर्मचारी से कराया जाए। यह हमारी जिम्मेदारी नहीं है।

उनका कहना है कि प्रत्येक गांव में दो पक्ष होते हैं। ऐसे में यदि एक पक्ष के यूनिट कट गए तो दूसरा पक्ष उन्हें जिम्मेदार मानकर विवाद करेगा। सर्वर वैसे ही डाउन रहता है। ऐसे में राशन बांटना ही बड़ी बात है। इसलिए ई-केवाईसी का काम जनसेवा केंद्र या सरकारी कर्मचारी को सौंपा जाए। ताकि उन्हें और उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

इस मौके पर सुनीता, जाकिरअली, मुन्नीलाल, जसवंत सिंह, हरपाल, करमजीत कौर, नुक्ता प्रसाद, देव सिंह, रामपाल सिंह, ऊषा रानी, रईस अहमद, सिराज अहमद, सादिक खां, मोहम्मद रफीक, अकबर अली, राजपाल, महेंद्र, सलाउद्दीन, विजयपाल, लीलावती आदि मौजूद रहे।


बिलासपुर में प्रदर्शन करते राशन डीलर। ● अमृत विचार

## तहसील प्रशासन पर लगाया रिश्वतखोरी का आरोप

**मिलक, अमृत विचार :** भाजपा नेता ने लेखपाल पर घूस लेने का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह से शिकायत की है।

भाजपा नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश गंगवार ने मंडलायुक्त को भेजे पत्र में कहा है कि सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिट्टी का भराव होना है। उनके परिचित शेरसिंह निवासी ग्राम परतापुर थाना मिलक ने तहसील प्रशासन से मिट्टी डालने की अनुमति मांगी थी। आरोप है कि लेखपाल ने शेर सिंह से दो हजार तथा कानूगो ने 1500 रुपये ले लिए। नगर अध्यक्ष मनोज पांडेय ने एसडीएम व नायब तहसीलदार से वार्ता की तो उन्होंने अनुमति देने का आश्वासन दिया। इसके बाद नायब तहसीलदार के सहयोगी ने 5000 रुपये की मांग की। उन्होंने मंडलायुक्त से मिट्टी डालने की अनुमति दिलाने की मांग की है। शिकायती पत्र की एक प्रतिलिपि जिलाधिकारी को भी भेजी गई है।


लोगों को शर्बत बांटते पदाधिकारी। ● अमृत विचार


शर्बत वितरण के दौरान राणा शुगर्स प्रबंधन टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

# जैन समाज ने सबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शर्बत

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चौराहे पर जैन समाज ने सबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। मुख्य चौराहे पर भीषण गर्मी से लोगों को बचाने के लिए जैन समुदाय ने एक माह के लिए अस्थाई पंडाल की व्यवस्था की है। यहां लोग चिलचिलाती धूप से बचने के लिए पहुंचते हैं।

मुख्य चौराहे के निकट पंडाल लगने के बाद बसों के इंतजार में यात्री एवं क्षेत्र से आए हुए लोग तेज धूप से बचाव कर रहे हैं। सेवा की श्रृंखला में केमिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक डा. शिवदेव शोरी, पवन शोरी के परिवार की ओर से शर्बत वितरण की व्यवस्था की गई है। गर्मी से प्रभावित जनता, ई-रिक्शा चालक, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी ने इसका लाभ लिया। इससे पहले ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर एसएस जैन सभा के अध्यक्ष धर्मपाल जैन, नवीन जैन, विनोद जैन, हिमांशु जैन, आदेश जैन, संदेश जैन, रवि गोयल, रमेश, दीपक अग्रवाल, शालिनी जैन, प्रिया जैन, रिंकी जैन, कृति जैन, राशि जैन, अंजलि जैन आदि मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में शर्बत पिलाकर कराया गला तर

**शाहबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए राणा शुगर मिल के अधिकारियों ने शिविर लगाकर शर्बत का वितरण किया। उमस भरी गर्मी में शर्बत पीकर राहगीरों ने गला तर किया। शनिवार को गुरु अर्जुनदेव शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में शाहबाद-बिलारी मार्ग स्थित राणा शुगर मिल द्वारा शर्बत व ठंडे पानी का शिविर लगाया गया। कर्मचारियों ने राहगीरों को शर्बत पिलाया। उपाध्यक्ष रणधीर सिंह ने भी किसानों व राहगीरों को शर्बत पिलाकर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर प्रीतम सिंह, परिवर्तन सिंह, डीएस सिरोही, मोहित सिंह एवं अर्जुन आर्य आदि मौजूद रहे।


मैदान में खड़ीं सीज की गईं ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

# अभियान चलाकर पीटीओ ने सात ई-रिक्शा कीं सीज

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** पीटीओ ने अभियान चलाकर बिना परमिट के दौड़ रहीं सात ई-रिक्शा को सीज कर दिया। इस कार्रवाई से ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा रहा।

स्वार, रामपुर, बाजपुर, बिलासपुर, दढ़ियाल मार्ग पर बिना परमिट के ही ई-रिक्शाओं का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इनसे कई लोगों की जान भी जा चुकी हैं। शनिवार को पीटीओ अनिल कुमार ने बिना परमिट के दौड़ रहीं ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सात ई-रिक्शाओं को सीज कर पुलिस के हवाले कर दिया। अभियान में कांस्टेबल फखरुद्दीन, राजेश यादव आदि शामिल रहे।

मौसम | आसमान में मंडरा रहे बादल, नहीं हो रही वर्षा, बारिश के लिए लोग कर रहे तरह-तरह के टोटके

# तापमान 40 के पार, गर्मी से बेहाल हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तापमान 40 के पार पहुंच गया। इसके चलते लोगों का गर्मी से हाल-बेहाल हो गया। आसमान बादल मंडराते रहे लेकिन, वर्षा नहीं हुई। जबकि, मौसम वैज्ञानिक वर्षा होने के आसार जता रहे हैं। पूरे दिन 13 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से लू चलती रही। तापमान बढ़ने पर लोग पसीना-पसीना होते रहे। लोगों ने बारिश के लिए तरह-तरह के टोटके भी शुरू कर दिए हैं। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। 13 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवा से बचने के लिए लोग सिर पर गमछा या स्कार्फ बांधकर निकले।

पूरे दिन आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। सुबह 10 बजे से ही सूरज की तपिश से लोग बेचैन रहे। सुबह से ही लू चलना शुरू हो गई। मौसम वैज्ञानिक वर्षा होने के आसार जता रहे हैं। दोपहर तक तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। आर्द्रता 32 प्रतिशत रहने से उमस का एहसास भी हुआ। हालांकि घर और दफ्तर से बाहर निकलते ही लू के थपेड़े मुंह पर लगने लगे। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो पांच दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

चिलचिलाती धूप और लू चलने के कारण गर्मी से बचने के लिए लोग बेल, गन्ने और अन्नास का शरबत पीते रहे।

बारिश के लिए लोगों ने टोटके करने शुरू कर दिए हैं। कोई शरीर पर मिट्टी लपेट रहा है तो किसी ने मेढक और मेढकी की शादी रचानी शुरू कर दी है। ग्राम बिचपुरी निवासी राम प्रसाद ने बताया कि गांव में महिलाओं से खेत में हल चलवाने की तैयारी की जा रही है। इससे संभव है कि इंद्र भगवान प्रसन्न होकर थोड़ी कृपा कर दें।


चिलचिलाती धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जाती युवती। ● अमृत विचार


लू से बचने के लिए स्वयं को कपड़ों से ढक कर जाती महिला। ● अमृत विचार

**हाल-ए-मौसम**

- अधिकतम तापमान 43 डिग्री
- न्यूनतम तापमान 28 डिग्री
- आर्द्रता 32 प्रतिशत
- वायु वेग 13 किमी. प्रति घंटा

अगले चार दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।
**-डा. उदय प्रताप शाही**
मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ


चुनाव के बाद मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# कुलदीप अध्यक्ष और बलवीर बने प्रबंधक

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** श्री गुरु नानक कन्या इंटर कालेज के पंचवर्षीय चुनाव में कुलदीप सिंह अध्यक्ष तथा बलवीर सिंह चौहान को सर्वसम्मति से प्रबंधक चुना गया।

शनिवार को विद्यालय परिसर में चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सिंह तथा पर्यवेक्षक गजेंद्र सिंह कुशवाहा की देखरेख में चुनाव हुआ। इसमें सर्वसम्मति से कुलदीप सिंह को अध्यक्ष, मेजर सिंह को उपाध्यक्ष, बलबीर सिंह चौहान को प्रबंधक, तारा सिंह चंदी को उप प्रबंधक तथा मनजीत सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। परमजीत कौर पोला, कुलविंदर सिंह, सतविंदर पाल सिंह, सतनाम सिंह, तीरथ सिंह, हरजिंदर सिंह और गुरनाम सिंह को विद्यालय समिति का सदस्य चुना गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विद्यालय में पढ़ाई व्यवस्था के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सतवंत कौर, इंटर कालेज नवाबगंज के पूर्व प्रधानाचार्य नवदेश्वर राव, अमरीक सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह, रजनीश कुमार, हरीश चंद्र, ऋषिराज अग्रवाल, शैलेंद्र कुमार सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कान्हा गोशाला में एक और गोवंश की मौत

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर की कान्हा गोशाला में एक और गोवंश की मौत हो गई। सूचना पर चेयरमैन दिनेश गोयल और अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। गोवंश का अंतिम संस्कार करा दिया है। कान्हा गोशाला में गोवंशीय पशुओं की मौत का सिलसिला जारी है। इससे पहले भी दो पशुओं की मौत हो चुकी है। उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. मनीष राठी के साथ गोशाला का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। शनिवार को फिर एक गोवंश की मौत हो गई। अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत गोवंश की मौत बीमारी से होने की पुष्टि हुई है।

### घर के सामने बाइक खड़ी करने के विरोध पर पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** दरवाजे के सामने खड़ी बाइक को हटाने के लिए कहने से गुस्साए दो लोगों ने ग्रामीण को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पटवाई थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी ठाकुरदास का कहना है कि शुक्रवार शाम को पड़ोसी अनिल मिश्रा ने उनके घर के सामने बाइक खड़ी कर दी थी। बाइक खड़ी करने का विरोध करने पर अनिल मिश्रा और अरविन्द ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अनिल मिश्रा और अरविन्द के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला को पीटने में दंपति के खिलाफ रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** महिला को नाली का पानी निकालना भारी पड़ गया। दंपति ने महिला को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पटवाई थाना क्षेत्र के गांव अहमदाबाद निवासी लालता प्रसाद का कहना है कि शुक्रवार की शाम उसकी पत्नी ज्ञानवती नाली का पानी निकाल रही थी। इस दौरान गांव की ही रूमा और उसके पति विजय पाल ने गाली-गलौज करते हुए उसे पीट दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। बाद में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में भिड़ेंगी प्रदेश की 16 टीमें

## रजा टैक्सटाइल के मैदान पर किया जा रहा है केपी सिंह मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा समेत प्रदेश की 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी। इसके अलावा रूद्रपुर की टीम भी टूर्नामेंट में खेलेगी। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भूमि पूजन कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी टीमों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ज्वालानगर स्थित रजा टैक्सटाइल के मैदान में कई दिन से केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी चल रहीं थीं। शनिवार की रात टूर्नामेंट का पहला मैच खेला जाएगा। इसमें रामपुर पुलिस और मुरादाबाद की टीमें मैच खेलेंगी। इससे पहले शहर विधायक ने दोपहर 12 बजे विधि-विधान से क्रिकेट मैदान का भूमि पूजन किया। पंडित सुरेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ पूजन कराया। इसके बाद शहर विधायक ने पिच पर जाकर नारियल फोड़ा।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से छोटे शहरों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। यह टूर्नामेंट रामपुर की प्रतिभाओं को अखिल भारतीय स्तर तक बढ़ने का अवसर देगा। टूर्नामेंट संयोजक संजू बाबा ने बताया कि रात आठ बजे मैच शुरू होगा। इसमें रामपुर पुलिस और मुरादाबाद की टीमें आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट में 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी। इनमें मुरादाबाद, रूद्रपुर, अमरोहा, रामपुर, बरेली समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों की टीमें शामिल हैं।



भूमि पूजन कराते पंडित सुरेंद्र शर्मा। ● अमृत विचार



विजयी टीम को पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

### अनाया क्रिकेट क्लब ने 12 रन से जीता मैच

**टांडा, अमृत विचार :** मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में शुक्रवार की रात अनाया क्रिकेट क्लब व अरमान क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। अनाया क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। कप्तान का यह फैसला टीम के लिए अच्छा साबित हुआ। स्टेडियम पर खेले गए निर्धारित 16 ओवर के मैच में अनाया क्रिकेट क्लब ने 157 रन बनाए। बल्लेबाज नदीम ने 30 रन, जीशान ने 22 और कदीर पप्पू ने 12 रन का योगदान दिया। अरमान क्लब की ओर से गुड्डू कुरैशी ने तीन, सुहेल ने दो और शहीदुल ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अरमान क्लब की टीम 145 रन ही बना सकी। मैच अनाया क्लब की टीम ने 12 रन से जीत लिया। अरमान क्लब के यमन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42, जलीस ने 22 तथा नवेद ने 13 रन का योगदान दिया। अनाया क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए सिराज ने चार, जीशान ने तीन और बब्लू ने एक विकेट लिया। अनाया क्लब टीम के जीशान मैन ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 22 रन बनाए और तीन विकेट लिए। अध्यक्ष के पति हाजी सरफराज ने उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। कमेंट्री मोहम्मद सईद सागर, मोहम्मद इरफान, जहीर जिया व अब्दुल रज्जाक ने की। स्कोरर नदीम गोरे, ऑनलाइन स्कोरर आकिब गुल व मौलाना जुनैद रहे। अंपायरिंग मोहम्मद कमाल और मंसूर अख्तर ने की। टूर्नामेंट में कमेटी संयोजक हाजी सरफराज, मोहम्मद इरफान, मास्टर सगीर, रईस, भूरा सभासद, मकसूद मुन्ना, अजीम आदि मौजूद रहे।



ग्रामीणों को टीकाकरण के लिए जागरूक करती बीआरटी की टीम। ● अमृत विचार

## अभियान में छूटे बच्चों का कराया गया टीकाकरण

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** टीकाकरण अभियान में छूटे बच्चों का टीकाकरण कराया गया। ग्रामीणों को 12 जानलेवा बीमारियों टीबी, पोलियो, टिटनेस, काली खांसी, गलाघोंटू, निमोनिया, हेपेटाइटिस बी, जापानी इंसेफेलाइटिस, खसरा और रूबेला आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

बीएमसी शादाब अली ने बताया कि तहसील क्षेत्र के गांव कूप में अभियान के दौरान कुछ परिवारों ने टीकाकरण कराने से मना कर दिया था। शनिवार को चिकित्साधिकारी रूमा खान के साथ बीआरटी की टीम ने गांव का भ्रमण किया। परिवारों से मुलाकात कर उनकी शंकाओं को जाना। इस दौरान 20 परिवार ऐसे मिले जिन्होंने टीकाकरण नहीं कराया था। उन्हें समझाया गया। इसके बाद 10 परिवारों ने टीकाकरण करा लिया।

बताया कि विरोध करने वालों में सात परिवार गांव से बाहर थे। पांच परिवारों के बच्चे बीमार थे। बच्चों में होने वाली बीमारियों से बचाव का सबसे सस्ता सरल और सुरक्षित उपाय सिर्फ नियमित टीकाकरण है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सभी अपने बच्चों का नियमित रूप से टीकाकरण कराएं। ताकि बच्चा बीमारियों से सुरक्षित रहे। बीआरटी में बीएचडब्ल्यू आलोक कुमार शर्मा, ग्राम प्रधान खुशनबी, राशन डीलर ओमेंद्र सिंह चौहान, शताक्षी यादव, गायत्री देवी, फुरकान अली, जितेंद्र, नरेश सिंह, रूपा देवी, रेखा आदि शामिल रहे।

### चपटा कॉलोनी में बनवाई पुलिया

**रामपुर, अमृत विचार :** चपटा कॉलोनी में नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुलिया बनवाई गई। पुलिया के नहीं बनने से लोगों, राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का समाधान का कराने के लिए पालिका के अधिकारियों से मांग की थी।

उनका कहना था कि पुलिया नहीं बनने से नालियों के पानी निकासी नहीं हो रही है। नाली का पानी सड़क पर आने से जलभराव की स्थिति हो रही है। इस समस्या का समाधान कराने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा पुलिया बनवाई गई है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक देवेंद्र गौतम ने बताया कि कॉलोनी में दो पुलिया बननी हैं। एक का निर्माण पूर्ण हो चुका है। सफाई कर्मियों को निर्देशित किया है कि समयानुसार सफाई कराई जाए।

## जंगल में दूसरे दिन भी नहीं लग सका तेंदुए का सुराग

- ग्रामीणों में दहशत का माहौल, खेतों पर जाने से कतरा रहे किसान
- ग्रामीण के कुत्ते का तीसरे दिन भी नहीं लग सका कोई पता

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** जंगल में चहलकदमी करते देखे गए तेंदुए का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। इसके चलते ग्रामीणों में तेंदुए की दहशत बरकरार है। किसान खेतों पर जाने से भी कतरा रहे हैं। ग्रामीण के कुत्ते का तीन दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। वन विभाग की टीम को भी जंगल में कहीं भी तेंदुए के होने का कोई सुराग नहीं मिला।

शुक्रवार की तड़के क्षेत्र के रहमतगंज गांव के जंगल में मजदूरी करने गए ग्रामीणों ने तेंदुए को चहलकदमी करते हुए देखा था। इस पर उन्होंने गांव की ओर दौड़ लगा दी थी। जानकारी पाकर अन्य ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर खेत पर गए थे। मगर तब तक तेंदुआ चला गया था। तेंदुआ दिखाई देने से गांव में हड़कंप मच गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। इस पर डिप्टी रेंजर कुंदन सिंह भंडारी और वन दरोगा शील कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे।

उन्होंने तेंदुए को तलाश करने के लिए जंगल में कांबिंग भी की थी लेकिन कहीं भी तेंदुए के होने का कोई सुराग नहीं लग पाया था। इसके बाद टीम वापस चली गई थी। उधर रहमतगंज निवासी सोना सिंह का पालतू कुत्ता तीन दिन से लापता है। वन दरोगा ने ग्रामीणों से कहा है कि यदि तेंदुआ फिर से दिखाई दे तो तुरंत सूचना दें।

### भैंस खोलकर ले जा रहे चोरों को लोगों ने खदेड़ा

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले में शुक्रवार की रात चोर दिव्यांग के घर से भैंस को खोलकर ले जा रहे थे। रास्ते में मोहल्ले के लोगों ने शोर मचाने पर चोर भैंस छोड़ कर भाग गए। मोहल्ले के ही एक युवक ने भैंस को अपने घर में बांध लिया। अब दिव्यांग भैंस के लिए परेशान है।

मोहल्ला हबीब नगर में मुख्तियार का परिवार रहता है। मुख्तियार दिव्यांग है। उसके बच्चे पशुपालन कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। शुक्रवार की रात लगभग दो बजे मुख्तियार के घर से चोर भैंस खोल कर ले गए। चोर भैंस लेकर कुछ ही दूर पहुंचे थे तभी मोहल्ले के लोगों की आंख खुल गई। उन्होंने शोर मचा दिया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर चोर भैंस छोड़कर भाग गए। भैंस को मोहल्ले के ही एक युवक ने अपने घर में बांध लिया। पीड़ित ने बताया कि जब वह भैंस लेने के लिए गया तो आरोपी ने मना कर दिया।

## मनरेगा में हुए 16.14 लाख के घोटाले की जांच शुरू

- कुछ दिन पहले खंड विकास अधिकारी ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** गांव किशनपुर मौलागढ़ में मनरेगा के तहत बिना कार्य कराए अवैध भुगतान कर 16.14 लाख रुपये गबन करने के मामलें में पुलिस ने खंड विकास अधिकारी की तहरीर पर प्रधान, ग्राम पंचायत, रोजगार सेवक व एक मृत व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने जांच को आगे बढ़ा दिया है।

तहसील क्षेत्र के गांव किशनपुर मौलागढ़ के ग्रामीण ने जिलाधिकारी से मनरेगा के तहत गांव में बिना विकास कार्य कराए लाखों रुपये हड़पने की शिकायत की थी। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता नलकूप खंड रामपुर व उप कृषि निदेशक रामपुर की संयुक्त टीम गठित कर जांच कर अवगत कराने के निर्देश दिए थे।

जांच के दौरान टीम ने पाया कि अमरपाल के खेत से रामगोपाल के खेत तक 350 मीटर गूल खोदाई कार्य, सुबेक सिंह के खेत से मेन रोड तक 525 मीटर गूल खोदाई, हरप्रीत के खेत से सर्वजीत के खेत तक 420 मीटर गूल खोदाई, कुलवंत सिंह के खेत से सुबेक सिंह के खेत तक 500 मीटर गूल खोदाई, सर्वजीत सिंह के खेत से बख्शीश सिंह के खेत तक 871 मीटर चकबंद कार्य, मुख्य मार्ग से कमलजीत के खेत तक 800 मीटर चकबंद कार्य नहीं कराया गया। बुधवार देर रात खंड विकास अधिकारी की तहरीर पर ग्राम प्रधान इकबाल, ग्राम पंचायत सचिव राजीव कुमार, सहयोगी रोजगार सेवक जफर व मृतक विजेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### असली ने नकली किन्नरों को पीटा, कपड़े फाड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** कुछ किन्नरों ने नकली किन्नरों की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि सिविल लाइन पुलिस ने मामले की जानकारी होने से इंकार किया है, मगर मामला चर्चा का विषय बना है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कुछ किन्नरों ने नकली किन्नरों को पीट दिया। सिविल लाइंस क्षेत्र में दो नकली किन्नर पकड़े गए। यह किन्नर लड़के बताए जा रहे हैं। शनिवार को जानकारी मिलने पर असली किन्नरों ने इन्हें पकड़ लिया। दोनों लड़कों की जमकर पिटाई की। बीच सड़क पर दोनों लड़कों के कपड़े भी फाड़ दिए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो पहाड़ी गेट के आसपास का बताया जा रहा है। सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है।

## महिला से छेड़खानी करने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने रास्ते में रोक कर महिला से छेड़खानी कर दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद और दो अज्ञात सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के अनुसार 18 मई को सामान खरीदने के लिए घर से निकली थी। रास्ते में पूरन और उसके साथियों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए कहा कि तेरे पति ने जो हमारे खिलाफ शिकायत की है, उसे वापस ले लो। मना करने पर आरोपियों ने छेड़खानी की। महिला का कहना है कि आरोपियों के उसके पति से अच्छे संबंध होने के कारण यह लोग भतीजे को जमीन की खरीद-फरोख्त में रुपये दोगुने करने का लालच देकर लाखों रुपये के दुकान पर रखे जेवरात हड़प कर ले गए। महिला के पति ने थाने में तहरीर दी लेकिन, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बाद में उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पूरनलाल, गौरवपाल, विपिन पाल, सौरभ पाल, गौरव गुप्ता और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पुलिस ने 13 वाहन चालकों के काटे चालान

**रामपुर, अमृत विचार :** बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को 13 वाहनों के चालान काटे। हादसों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने बिलासपुर गेट पर 13 वाहन चालकों के चालान काटे। टीआई विजेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

### पटवाई रोड पर बाइक भिड़ीं, एक घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई रोड पर दो बाइक आपस में भिड़ गईं। इसमें एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। ज्वालानगर निवासी राहिल शनिवार की दोपहर पटवाई जा रहा था। मिलक चिकना के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। इसमें राहिल घायल हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

**ईदगाह में सुबह सात बजे होगी ईद की नमाज :** काजी-ए-जिला सैयद अहमद अली उर्फ खुशनूद मियां ने बताया कि ईद-उल-जुहा का त्योहार 17 जून को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ईद की नमजा शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में सुबह सात बजे होगी। जबकि, शहर की जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे नमाज होगी। कहा कि ईद की नमाज मस्जिदों के भीतर ही पढ़ें।



एक बाइक पर सवार होकर जाते चार युवक। ● अमृत विचार

## नियमों को ताक पर रख बाइक पर फर्राटा भर रहे चार युवक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ट्रैफिक पुलिस द्वारा रोजाना वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ज्वालानगर में एक बाइक पर चार युवक बैठकर जान जोखिम में डालकर सफर करते दिखाई दिए।

बिना हेलमेट के बाइक चलाना जोखिम भरा है। इसे लेकर पुलिसकर्मी लोगों को जागरूक भी करते हैं। चेकिंग अभियान भी चलाते हैं। लेकिन इसके बाद भी युवा पीढ़ी सुधरने को तैयार नहीं है। ज्वालानगर में नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। एक बाइक पर चार युवक जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं।

### अहमदनगर जागीर में छिड़का कीटनाशक

**रामपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक चमरौआ के गांव अहमनगर जागीर ने मलेरिया विभाग की टीम ने मलेरिया की जांच की। इसके बाद ग्रामीणों में घरों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया। इस दौरान मलेरिया निरीक्षक रिंकू वर्मा ने ग्रामीणों को मलेरिया रोग के बारे में जानकारी दी।

कहा कि ज्यादा दिन बुखार आए तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच अवश्य कराएं। एक से 30 जून तक जनपद में मलेरिया अभियान संचालित है। इसमें आशा, आंगनबाड़ी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं।

ग्राम पंचायतों में जिला पंचायत राज विभाग की ओर से सफाई कराई जा रही है। मलेरिया निरीक्षक रिंकू वर्मा ने बताया कि अहमदनगर जागीर में टीम ने ग्रामीणों की जांच की। साफ-सफाई के लिए जागरूक भी किया।

## स्वच्छता की रैंक बढ़ाने को लगानी पड़ेगी लंबी छलांग

- आचार संहिता के चलते स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में हुई देर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की स्वच्छता रैंक बढ़ाने के लिए इस बार अधिकारियों को काफी मेहनत करनी पड़ेगी। 2023 में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में पालिका को देश में 164वां और प्रदेश में 23वां स्थान मिला था। आचार संहिता लगने के कारण स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में देर हो गई है।

स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान आचार संहिता की वजह से लेट हुआ। अभियान में दिल्ली से टीम से आती है। मई 2023 में टीम ने शहर में सर्वे किया था। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव की वजह से काफी देर हो गई। पालिका के अधिकारियों का कहना है कि टीम जल्द ही आ सकती है। रैंकिंग में कूड़ा कलेक्शन, ओडीएफ प्लस, साफ-सफाई समेत कई बिंदुओं पर किए गए कार्यों की टीम हकीकत जानती है। ऐसे में अगर टीम आ जाती है तो सर्वे में काफी दिक्कत आएगी। क्योंकि बेहतर स्वच्छता रैंकिंग पाने के लिए काफी कार्य करने होंगे। शहर के 43 वार्डों में सफाई के लिए 100 संविदाकर्मी और 150 अस्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति है। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए पालिका के पास 50 वाहन हैं। इनमें से 22 संचालित हैं।

> स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में 2023 में देश को 164वां और प्रदेश में 23वां स्थान मिला था। रैंकिग में सुधार के लिए अधीनस्थों को साफ-सफाई के लिए निर्देशित कर दिया गया है।
>
> -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद


**दिक्कत** नालापार, मोरी गेट, जेल रोड, कटकुइयां में कई घंटे की हो रही कटौती

## भीषण गर्मी में नहीं थम रही बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है। पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। ऐसे में शहर के कई मोहल्लों में बिजली कटौती का सिलसिला बदस्तूर जारी है। कई-कई घंटे बिजली नहीं आने पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार की दोपहर करीब एक बजे रजा बिजलीघर के फीडर नालापार, जेल रोड और कटकुइयां की आपूर्ति तीन घंटे बाधित रही। भीषण गर्मी में तीन घंटे बिजली नहीं मिलने पर उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। लोगों ने एसडीओ और जेई से संपर्क किया। जेई सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि नालापार के फीडर की एचटी लाइन में खराबी आ गई है। इसलिए विद्युपूर्ति कुछ देर के लिए बाधित हुई है। बिजली शेडयूल के अनुसार ही दी जा रही है।



नालापार निवासी शहाबुद्दीन, मोहसिन रजा, दिलशाद, गुलवेज, सोनू व रोहित आदि का कहना है कि भीषण गर्मी में बिजली शेड्यूल के मुताबिक नहीं मिल रही है। दिनभर बिजली की आवाजाही चलती रहती है। इससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं को घरेलू कार्यों को पूरा करने में दिक्कतें आ रही हैं। रजा बिजलीघर के अधिकारियों के सीयूजी नंबर रिसीव ही नहीं होते हैं।

### पुराने केबिल व जर्जर खंभों को सही करने का काम शुरू

भीषण गर्मी की वजह से पुराने केबिल और जर्जर खंभों को बदलने के कार्य को रोक दिया गया था। अब यह कार्य दोबारा चालू करा दिया गया है। शनिवार को पक्का बाग, हरिजन बस्ती, पीपल वाली जयारत क्षेत्र में काम कराया गया। इसके चलते आपूर्ति सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बाधित रही।

> रजा बिजलीघर के फीडर नालापार की 11 हजार की लाइन में खराबी आ गई थी। इसे सही कराकर शाम चार बजे आपूर्ति सुचारु करा दी गई।
>
> -पीके सिंह
> एसडीओ द्वितीय, रजा बिजलीघर

### बापू मॉल में सफाई नहीं होने से दुकानदारों में रोष

**रामपुर, अमृत विचार :** तोपखाना स्थित बापू मॉल में साफ-सफाई नहीं होने से दुकानदारों में रोष है। उनका कहना है कि मॉल में सफाई नहीं होने से जहां-तहां कूड़ा कचरा पसरा हुआ है। यह राहगीरों के पैरों में आता है। कई बार सफाई निरीक्षकों को बता चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी सफाई नहीं हो रही है। आजम, रोबिन और मोमिन का कहना है कि दुकानों के आवंटन के समय पालिका के अधिकारियों की ओर से तमाम वादे किए गए थे। मगर यहां बिजली का कनेक्शन भी नहीं है।

**धूप में शर्बत पीकर लोगों को मिली राहत :** शनिवार की दोपहर तोपखाना रोड पर शर्बत की सबील लगाई गई। कलकत्ता मोहल्ला के लोगों ने शर्बत पिलाकर लोगों का गला तर कराया। तपती दोपहर में शर्बत पीकर राहगीरों ने सुकून महसूस किया। इस दौरान मुफ्ती साजिद अली, तौफीक अहमद, मुन्ने मियां, तौकीर, मोहम्मद राशिद आदि मौजूद रहे।

## कृषि में अधिक लाभ के लिए अरहर की बोवाई करें किसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अरहर की दाल और चावल, अरहर की दाल और फुलका लगभग हर भारतीय की पहली पसंद है। कृषि में अधिक लाभ के लिए किसान अरहर की बोवाई कर सकते हैं। अरहर की प्रजाति प्रभात टाइप 21, पारस शीघ्र पकने वाली और बहार देर से पकने वाली अच्छी प्रजातियां हैं। यदि सिंचाई के संसाधन हैं तो अरहर की बोवाई अभी कर लें अन्यथा सिंचाई के अभाव में वर्षा प्रारंभ होने पर करें। अगर इस देसी अरहर का बीज किसान पहली बारिश में जून के आखिरी सप्ताह या जुलाई के पहले सप्ताह में बो सकते हैं। नर्सरी से रोपाई करने पर पैदावार में एक से डेढ़ क्विंटल की बढ़त होती है।

जिला कृषि अधिकारी बताते हैं कि अरहर की फसल के लिए समुचित जल निकासी वाली मध्य से भारी काली भूमि उत्तम है। देशी हल या ट्रैक्टर से दो-तीन बार खेत की गहरी जुताई करने के बाद पाटा चलाकर समतल करें। अरहर की बोवाई वर्षा प्रारम्भ होने के साथ ही कर देना चाहिए। जून के अंतिम सप्ताह से लेकर जुलाई के प्रथम सप्ताह तक बोवाई करें। कतारों के बीच की दूरी शीघ्र पकने वाली जातियों के लिए 60 सेमी. व मध्यम तथा देर से पकने वाली जातियों के लिए 70 से 90 सेमी. रखनी चाहिए। कम अवधि की जातियों के लिए पौध अंतराल 15 से 20 सेमी. एवं मध्यम तथा देर से पकने वाली जातियों के लिए 25 से 30 सेमी. रखें।

जल्दी पकने वाली जातियों का 20 से 25 किग्रा एवं मध्यम पकने वाली जातियों का 15 से 20 किग्रा. बीज प्रति हेक्टेअर बोना चाहिए। चैफली पद्धति से बोने पर तीन से चार किलो बीज की मात्रा प्रति हैक्टेयर लगती है। बोवाई के पूर्व फफूंदनाशक दवा दो ग्राम थायरम, एक ग्राम कार्बेन्डेजिम या वीटावेक्स दो ग्राम, पांच ग्राम ट्रयकोडरमा प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचारित करें। उपचारित बीज को रायजोबियम कल्चर 10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से उपचारित कर बोएं।

### कीट नाशक दवाओं का करें छिड़काव

फली मक्खी एवं फली के मत्कुण के नियंत्रण के लिए सर्वांगीण कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें। डायमिथोएट 30 ईसी या प्रोपेनोफास-50 के 1000 मिली मात्रा 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़कें। फली छेदक इल्लियों के नियंत्रण के लिए इण्डोक्सीकार्ब 14 .5 ईसी, 500 एमएल या क्वीनालफास 25 ईसी, 1000 एमएल या ऐसीफेट 75 डब्लूपी, 500 ग्राम को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर छिड़काव करें। 10 दिन के अंतराल से स्पर्श या सर्वांगीण कीटनाशक का छिड़काव करें। तीन छिड़काव में पहला फूल बनना प्रारंभ होने पर, दूसरा 50 प्रतिशत फूल बनने पर और तीसरा फली बनने की अवस्था पर करने से सफल कीट नियंत्रण होता है।

> दलहनी खेती के लिए सरकार द्वार किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। शाहबाद क्षेत्र में अरहर की खेती होती है। पूरे जनपद में अरहर की खेती होने पर किसानों को बहुत लाभ हो सकता है। किसान परंपरागत खेती छोड़कर दलहनी खेती पर फोकस करें तो उनकी आय कई गुना बढ़ सकती है।
>
> -नरेंद्र पाल सिंह, जिला कृषि अधिकारी

### मक्खी से करें फसल का बचाव

मक्खी फली पर छोटा सा गोल छेद बनाती है। इल्ली अपना जीवनकाल फली के भीतर दानों को खाकर पूरा करती है और प्रौढ़ बनकर बाहर आती है। जो वृद्धिरत फलियों में अंडे रोपण करती है। अंडों से मेगट बाहर आते है और दाने को खाने लगते हैं। फली के अंदर ही शंखी में बदल जाती है। जिसके कारण दानों का सामान्य विकास रुक जाता है। दानों पर तिरछी सुरंग बन जाती है और आकार छोटा रह जाता है। फली मक्खी तीन सप्ताह में एक जीवन चक्र पूर्ण करती है।

## एक नजर



उर्वदत्त व दीप्ति तिवारी। ● अमृत विचार

### 21वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर दीं ढेर सारी बधाइयां

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बैंक कॉलोनी खुशहालपुर के रहने वाले उर्वदत्त तिवारी और दीप्ति तिवारी ने अपने विवाह के 21 वर्ष पूरे कर लिए हैं। विवाह के 21 वर्ष पूरे होने पर उनके परिजनों, शुभचिंतकों और इष्ट मित्रों ने बधाइयां दी हैं।

### मेले के लिए 29 तक बुकिंग करा सकते हैं निर्यातक



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अक्टूबर में लगने वाले ऑटम मेले में स्टॉल लगाने के लिए निर्यातक अब 29 जून तक बुकिंग करा सकते हैं। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदउर्रहमान ने जानकारी देते हुए बताया कि एडवांस पेमेंट करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। जिसके तहत अक्तूबर में लगने वाले ऑटम मेले में स्टाल की बुकिंग के लिए निर्यातकों के पास अब 29 जून तक का मौका है।

### ट्रेन हादसे में घायल की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह 11.30 बजे के दौरान रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की झपट लगने से तनसुख लाल घायल हो गए थे। पुलिस ने इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शनिवार को उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। तनसुख (50) पुत्र हरिकरन पाकबड़ा थाना क्षेत्र में सुल्तानपुर फलैदा गांव के रहने वाले थे। इनके परिवार में तीन बेटे अंशु, कुंवरपाल, राज हैं। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार के खर्चों को पूरा कर रहा था।

### थाना प्रभारी ने सुनीं शिकायतें

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मैनाठेर थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें अपराध और भूमि विवादों से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। अधिकारियों एवं थाना प्रभारी सर्वेंद्र सिंह ने लोगों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण के आदेश दिए। अधिकारियों ने शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी सर्वेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक पवन शर्मा, लेखपाल परवेज अली, शरीफ अहमद, मोहम्मद फहीम, मोईन अली, कहर सिंह आदि लेखपाल मौजूद रहे।



सम्राट अशोक नगर में आयोजित बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# महाकालेश्वर बाला जी धाम में आज होगा विशाल भंडारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार को महाकालेश्वर बाला जी धाम की बैठक सम्राट अशोक नगर में हुई।

बैठक में प्रत्येक माह की नौ तारीख को होने वाले भंडारे की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें तय किया गया रविवार नौ जून को सुंदर कांड के साथ महाकालेश्वर बालाजी धाम के मासिक कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। जिसके बाद आरती की जाएगी। बाद में भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। इसके अलावा ट्रस्ट की आजीवन सदस्यता के लिए 11 हजार रुपये की धनराशि तय की गई है।

## जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में कलाकारों ने नृत्य नाटिका से लोगों का मन मोहा


# खुश हो बाजी प्रेम की...भजनों की शानदार प्रस्तुति से बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज के मंच पर मुरलीधर गोपाला नाट्य एवं भजन संध्या का भाजपा नेता राजेश रस्तोगी, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। इसके बाद मंच पर मुंबई से आए भजन गायक प्रेम प्रकाश और लखनऊ से आए कलाकारों ने नृत्य नाट्य की प्रस्तुति दी।

शनिवार को जिगर मंच पर मुंबई से आए भजन गायक पंडित प्रेम प्रकाश दुबे ने सर्वप्रथम गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद भजन गायक ने 24 हजार संस्कृत श्लोकों के संग्रह का गायन कर सनातन धर्म का प्रचार कर किया। प्रेम प्रकाश दुबे ने ग्रंथों में तुलसीकृत रामायण, श्री दुर्गा सप्तशती, श्रीमद्भगवद्गीता अर्थ सहित व मूल पाठ का अपने सुरीले कंठ से लोगों को रसपान कराया। श्री विष्णु सहस्रनाम सहित लगभग 22 सहस्रनाम, अष्टकम, पंचकर्म स्तोत्र सहित लगभग 7 हजार संस्कृत श्लोकों से लोगों को मंत्र मुग्ध किया। भजन गायक प्रेम प्रकाश दुबे ने, खुश हो बाजी प्रेम की, खेलूं पिया संग, सांसों की माला सुमरु मैं तेरा नामभजन फिल्मी गीत की धुन पर सुनाया।

वहीं मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे भजन का भी रसास्वादन कराया। सीता राम दरस रस बरसे जैसे सावन की झड़ी ,भजन सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं निधि तिवारी ने अपनी नृत्य नाटिका की सुंदर प्रस्तुति से तालियां बटोरी।



जिगर मंच पर प्रस्तुति देते भजन गायक। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- 24 हजार संस्कृत श्लोकों प्रस्तुति कर भजन गायक ने किया मंत्र मुग्ध

# कटघर, गुलाबबाड़ी में अतिक्रमण ध्वस्त

## जेसीबी से नगर निगम की टीम ने हटवाया अतिक्रमण, व्यापारियों ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुख्य अभियंता दिनेश सचान के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शनिवार को कटघर, गुलाबबाड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। सड़क की पटरियों पर अस्थायी व स्थायी निर्माण कर कब्जा करने वालों का निर्माण जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। दुकानदारों व भवन स्वामियों ने टीम से नोकझोंक भी की। लेकिन इसे दरकिनार कर टीम ने अतिक्रमण ध्वस्त कराया।

निगम की टीम कटघर थाने के गुलाबबाड़ी पहुंची। यहां पर सड़क की दोनों पटरियों पर दुकानों के आगे चबूतरा बनाकर व छज्जा निकाल कर किए अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ना शुरू किया। टीम की कार्रवाई का स्थानीय दुकानदारों व भवन स्वामियों ने विरोध भी किया। टीम से नोकझोंक भी हुई। लेकिन टीम ने इसे दरकिनार कर अतिक्रमण को हटवाया। मुख्य अभियंता दिनेश सचान ने बताया कि टीम ने प्रभात मार्केट में भी कब्जा हटवाया। इसके अलावा शिवम फैक्ट्री के द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी टीम ने तोड़कर ध्वस्त कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण किया तो कड़ी कार्रवाई करेंगे। बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा। अतिक्रमण करने वालों को स्वयं से हटाने का अवसर दिया गया लेकिन ऐसा न होने पर टीम कार्रवाई कर रही है। इस दौरान सहायक अभियंता विजेंद्र यादव, प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही के अलावा क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक, राजस्व व संपत्ति अनुभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



अतिक्रमण हटवाते नगर निगम के अधिकारी व प्रवर्तन दल के सदस्य। ● अमृत विचार



पुराने रामपुर रोड पर अवैध निर्माण तोड़ती निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

## घर से नकदी-जेवर लेकर युवती प्रेमी संग फरार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र की निवासी युवती तीन जून से घर से लापता है। मामला जयंतीपुर चौकी क्षेत्र का है। यहां की निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर में बताया है कि उसकी 18 वर्षीय बेटी तीन जून को सुबह करीब 11 बजे घर से लापता हुई थी। आरोप है कि जयंतीपुर के ही दुर्गा होटल के बगल की गली में रहने वाला शिवम सैनी उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा करके ले गया है। युवती को अगवा करने में आरोपी शिवम की मदद अमरोहा के पुराने बस स्टैंड के पास रहने वाली उसकी बहन कविता और बहनोई नरेश ने भी की है। महिला ने पुलिस को बताया है कि बेटी घर से 12,000 रुपये की नकदी और सोने के जेवरात व चांदी की पायल भी ले गई है। युवती की मां ने आशंका जताई है कि आरोपी उसकी बेटी के साथ अनहोनी कर सकते हैं। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी शिवम सैनी, उसकी बहन कविता और बहनोई नरेश के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। युवती की सकुशल बरामदगी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# पहली रात में हमला-लूटपाट दूसरी रात में चोरी का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीतल बस्ती चौकी क्षेत्र का मामला, पीड़िता की तहरीर पर दर्ज हुई एफआईआर
- मोहल्ले के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ अज्ञात व्यक्ति, 12 हजार रुपये लूट ले गया

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में पीतल बस्ती चौकी क्षेत्र के मोहल्ले में रूबी पत्नी दिनेश ठाकुर के घर अज्ञात व्यक्ति ने लगातार दो बार घुसकर चोरी करने का प्रयास किया है। पहली रात में रुबी जग गई तो उसे जान से मारने को चाकू से प्रहार किया, पर वह बच गई और चोर उनके पर्स से 12,000 रुपये लूटकर भाग गया। फिर दूसरी रात में भी यही हुआ, लेकिन घर वालों के जाग जाने से वह चोरी नहीं कर पाया। इस मामले में रुबी की तहरीर पर पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज किया है।

रुबी ने पुलिस को बताया है कि तीन जून की रात करीब तीन बजे उनके घर में कोई अज्ञात व्यक्ति घुस आया। उसकी गतिविधि मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। उस रात में उनके परिवार के लोग अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। आहट पाकर उनकी नींद खुल गई तो देखा कि अज्ञात व्यक्ति उनके बेटे रितिक का कमरा बाहर से बंद कर रहा है। फिर उनके कमरे में आने लगा तो उन्होंने शोर मचाने का प्रयास किया लेकिन, उससे पहले उसने उन पर चाकू तानकर जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने को कहा। उस व्यक्ति ने रुचि को मारा भी। उसने ताका-झांकी कर पर्स पा लिया और उसमें रखे 12,000 रुपये निकाल लिए। महिला के चिल्लाने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकला। इसके बाद रुचि ने रितिक के कमरे को खोला और घटना बताई। तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को बताया। इस घटना क्रम की अगली रात तड़के करीब चार बजे वह अज्ञात व्यक्ति फिर उनके घर में घुस आया। उस दौरान रुचि व उनके बहू-बेटे जग रहे थे। व्यक्ति को देखते ही वह लोग शोर मचाने लगे तो वह भयभीत होकर भाग गया। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि अज्ञात आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज देखकर अज्ञात की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।




पौधरोपण करतीं रेलवे महिला संगठन की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## रेलवे महिला कल्याण संगठन ने किया पौधरोपण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शनिवार को उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा नियंत्रक कक्ष आकांक्षा में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान संगठन की सदस्याओं ने लगाए गए पौधों की देखभाल और उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया। वहीं अध्यक्ष डॉ. श्वेता रघुवंशी ने सभी महिलाओं से कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए और उनकी देखभाल करे। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में पेड़ लगाना जरुरी है। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. श्वेता रघुवंशी, उपाध्यक्ष किरण सिंह, सचिव डॉ. भानुप्रिया वधावन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत कौर, खुशबू गौड़, उषा मीणा, प्रज्ञा सिंह, मोनिका सैनी, सहायक कार्मिक अधिकारी डॉ. लवली ज्ञान आदि शामिल रही।

## एक जुलाई से 48 पैसेंजर ट्रेनों में लगेगा सिर्फ 10 रुपये किराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे में कोरोना काल से पहले की स्थिति बहाल होने जा रही है। जिसके तहत एक जुलाई से यात्रियों को पुराना किराया यानी 10 रुपये ही देने होंगे। कोविड काल में जीरो नंबर से ट्रेनों को स्पेशल का दर्जा देकर रेलवे ने किराये में तीन गुना बढ़ोतरी की थी। लेकिन अब रेलवे ने कोविड से पहले की स्थिति को बहाल करने का फैसला लिया।

मुरादाबाद मंडल में संचालित 48 ट्रेनों के नंबर से जीरो नंबर हटेगा। सभी ट्रेनें पुराने नंबर से चलेंगी। राहत की बात यह है कि ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को 30 की जगह अब 10 रुपये किराया देना होगा। मंडल में संचालित मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़, चंदौसी, बालामऊ, नजीबाबाद, कोटद्वार, चंदौसी, ऋषिकेश आदि पैसेंजर ट्रेनें हैं। इनमें एक जुलाई से किराया पुराना वाला हो जाएगा। रेल मुख्यालय ने ट्रेन के नए किराये को लेकर आदेश जारी किए हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेनों के संचालन में कोरोना काल पहले की स्थिति बहाल की गई है। मुरादाबाद मंडल में ट्रेनें पुराने नंबर से ही संचालित की जाएगी।

# 68.15 लाख की धोखाधड़ी में रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**धोखाधड़ी**

- घरेलू संबंधों का लाभ उठाकर कारोबारी से लिए थे रुपये निर्यातक नामजद
- माल उठाने के बाद मुनाफा भी कमा लिया, फिर भी नहीं दे रहा रुपये, उलटे धमकी दी

**अमृत विचार :** घरेलू संबंधों का लाभ उठाकर कारोबारी को आरोपी ने 68.15 लाख रुपये का झटका दिया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने आरोपी सिराज पुत्र महबूब के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपी सिराज कुंदरकी थाना क्षेत्र के नौनपुर मगटाबाद का रहने वाला है।

पीड़ित पक्ष के मोहम्मद अकरम ने थानाध्यक्ष को बताया है कि वह हरथला रेलवे स्टेशन रोड नयागांव विद्यानगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सिराज से उनके घरेलू संबंध थे। सिराज एसीएम एक्सपोर्ट का मालिक है। वह उनसे कहने लगा कि उसे विशाखापट्टनम की कंपनी से कुछ महत्वपूर्ण आइटम के ऑर्डर मिले हैं। लेकिन, उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। लिहाजा मेरी मदद कर दो, ताकि मिले ऑर्डर वह प्राप्त कर सके। मोहम्मद अकरम उसकी बातों में आ गए और उसे कुल 68.15 लाख रुपये दे दिए। यह रुपये उन्होंने विभिन्न तारीखों में दिए हैं। पैसा मिलने के बाद सिराज ने ऑर्डर को कुछ ही महीने में पूरा कर लिया और उसने काफी लाभ भी कमाया। लेकिन, आरोपी सिराज ने मोहम्मद अकरम के रुपये वापस नहीं लौटाए। घरेलू संबंधों के कारण अकरम ने उससे तकादा भी नहीं किया। धीरे-धीरे 2 वर्ष बीत गए लेकिन, उसने रुपये नहीं लौटाए तो अकरम ने तकादा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि सिराज उन्हें पिछले छह महीने से निरंतर टरका रहा था। फिर 21 अप्रैल को जब अकरम ने सिराज से अपने रुपये फिर वापस मांगे तो वह गाली-गलौज करने लगा। साथ ही फोन पर जान से मारने की धमकी दी। परेशान अकरम आरोपी सिराज के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कई दिनों से सिविल लाइन थाने के चक्कर काट रहे थे। इस मामले में एसएसपी से भी मिले थे। फिर शनिवार को एसएसपी के निर्देश पर सिविल लाइन थानाध्यक्ष ने मोहम्मद अकरम की एफआईआर दर्ज की है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रकरण में आरोपी सिराज के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## तीर्थयात्रा से लौट रहा परिवार घायल

**मुरादाबाद/कांठ, अमृत विचार:** तीर्थ यात्रा से लौट रहे महाराष्ट्र निवासी दंपति बच्चों समेत शुक्रवार हादसे में घायल हुए हैं। घटना कांठ थाना क्षेत्र की है। घायल पत्नी व दो बच्चे जिला अस्पताल में भर्ती हैं। इनके साथ मौजूद शीतल उत्तम कोगणे ने बताया कि वह महाराष्ट्र के सोलापुर के रहने वाले हैं। वह परिवार समेत दो जून को तीर्थ यात्रा पर निकले थे। इस बीच वह पत्नी श्वेता और दो बेटे पार्थ एवं रोहन के साथ केदारनाथ, बद्रीधाम में दर्शन कर चुके थे। इसके बाद शुक्रवार रात ऋषिकेश होकर मुरादाबाद की तरफ आ रहे थे। वह कार से थे। कार शीतल उत्तम ही चला रहे थे। कांठ क्षेत्र में आने पर रास्ते में ट्रैक्टर बीच में आ गया। इससे उनकी कार अनियंत्रित हो गई थी। इसमें उनकी पत्नी स्वेता, बेटा पार्थ व रोहन घायल हुए हैं। शीतल उत्तम ने बताया कि सोलापुर में उनका कपड़े का व्यापारी है।



संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी। ● अमृत विचार

## सभी देशवासियों को मिलकर करना है भारत का विकास: अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शनिवार को कांठ रोड स्थित एक स्कूल में राष्ट्र चिंतन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनसंख्या नियंत्रण, जवाबदेही कानून, भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी बंद हो, देश के संसाधनों की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर में सुधार पर चर्चा की गई। इस दौरान आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने कहा कि हम सबको मिलकर देश का विकास करना है। इस मौके पर एमिटी गाजियाबाद के डायरेक्टर विवेक वार्ष्णेय, करनवीर सिंह, नीरज गुप्ता, राजन सिंह, राकेश वर्मा, हिमांशु सक्सेना, रूप किशोर, देवांश अग्रवाल शामिल रहे।

**कार्यक्रम** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की मासिक गोष्ठी का आयोजन

# जन्म सार्थक हो धरा पर स्वप्न हर साकार हो...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गोष्ठी में कवियों ने प्रस्तुत की रचनाएं

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की मुरादाबाद इकाई द्वारा शनिवार को महानगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी साहित्यकारों ने अपनी रचना प्रस्तुत की।मासिक गोष्ठी के मुख्य अतिथि मनोज वर्मा व धवल दीक्षित रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि श्रीकृष्ण शुक्ल ने की।

शुरूआत में कवयित्री पूजा वंदना ने शारदे वंदना से की। जिसके बाद शुभम कश्यप ने पढ़ा-दौलत है अपने पास न जागीर एक भी, मां तो समझ रही है रतन तुमको इससे क्या। कवयित्री इंदू रानी ने पढ़ा-सारा जग बैरी हुआ कर दोहन दिन से माफ करेगी क्या धरा, देगी कैसे चैन। कवयित्री पूजा राणा ने पढ़ा-आओ सुनाऊं तुम्हे बात मैं वीरों के बलिदान की, देश की खातिर लड़े जिन्होंने करी न चिंता जान की। मयंक शर्मा ने पढ़ा-जन्म सार्थक हो धरा पर स्वप्न हर साकार हो, हम चलें कर्तव्य पथ पर और जय जयकार हो। राजीव प्रखर ने पढ़ा-मन की आंखे खोलकर देख सके तो देख, कोई है जो रच रहा कर्मों के अभिलेख। मनोज वर्मा मनु ने पढ़ा- जमी पे पांव फलक पे निगाह याद रहे, मियां बुजुर्गों की यह भी सलाह याद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि श्रीकृष्ण शुक्ल ने पढ़ा-द्वेष घृणा मिट सके दिलों से कुछ ऐसे अशआर लिखो, मानवता दम तोड़ रही है कुछ इसका उपचार लिखो। अंत में संस्था की जिला संयोजक पूजा राणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अब्दुल मन्नान, मायराह खालिद, आफिया इकबाल, इलमा अहमद, आलिया, अशहद, फैज रहमान, मोहम्मद साद शामिल रहे।



सेनानी भवन में मासिक गोष्ठी में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# बच्चों समेत महिला को घर से निकाला, 5 लाख की मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एकता विहार लाइनपार के धर्मवीर सिंह की बेटी मीनू का विवाह संभल जिले के अमियापुर के प्रेमवीर सिंह के साथ 2016 में हुआ था। ससुराल वालों ने पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के दो बच्चे भी हैं। पीड़िता ने मझोला थाने में पति समेत पांच आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

पीड़िता मीनू पत्नी प्रेमवीर सिंह ने बताया कि उसकी ससुराल संभल जिले के चंदौसी में अमियापुर पचाक में राधे श्याम के परिवार में है। उसका विवाह 4 दिसंबर 2016 को हुआ था। पीड़िता के पिता धर्मवीर सिंह ई-रिक्शा चलाते हैं। ससुराल वाले उससे खुश नहीं थे। विवाह के बाद से ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर विवाह के दो साल के अंतराल में उसे ससुराल से निकाल दिया। परेशान मीनू एसएसपी से भी मिली थी। पुलिस के हस्तक्षेप पर पति सुलह कर उसे ससुराल ले गया था लेकिन, कुछ दिनों बाद फिर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। 25 जनवरी को ससुराल वालों ने मारापीटा। पति ने धमकाया कि पांच लाख रुपये व कार न मिली तो वह दूसरी शादी कर लेगा। उसने 30 जनवरी और फिर पांच अप्रैल को थाने में अर्जी लगाई।

मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। 24 मई को डीआईजी के सामने पेश हुई थी, जहां से निर्देश हुए तो मझोला थाना पुलिस ने उसके मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## एक नजर


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### सैदनगली पुलिस ने 25 हजार का इनामी पकड़ा

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना सैदनगली पुलिस ने गोकशी के मामले में 25,000 का इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा, कारतूस बरामद किया। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी शानू पुत्र भूरा निवासी मोहम्मद सादक सराय कस्बा सिरसी थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद सम्भल को पकड़ा। शनिवार को पुलिस चैकिंग कर रही थी। गांव गलसुवा ढक्का चौराहे के पास से आरोपी को पकड़ा गया है।

गंगेश्वरी ब्लॉक में मनरेगा में फर्जीवाड़ा, चकरोडों पर मिट्टी कार्य व कुम्हारों वाले तालाब का जीर्णोद्धार दिखाकर बिना काम के निकाली धनराशि

# भूमिहीन व्यक्ति के खेत का समतलीकरण दर्शाकर एक लाख छह हजार हड़पे

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत बिना काम कराए ही धनराशि निकाल ली गई। जिस व्यक्ति के नाम खेती की भूमि ही नहीं है, उसके नाम पर फर्जी तरीके से खेत का समतलीकरण दर्शाकर एक लाख छह हजार रुपये की धनराशि हड़प ली गई। अधिकारी कमीशन की शर्त पर स्थलीय निरीक्षण कर सत्यापन करने के बजाय कार्यालय में ही फाइलों पर हस्ताक्षर कर अपने जिम्मेदारी की इतिश्री कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत पाड़ली में वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 25 सितंबर 23 को 464 मानव दिवस दर्शाकर भूप सिंह पुत्र मान सिंह के खेत का समतलीकरण कागजों में ही कर दिया गया। मनरेगा योजना से एक लाख छह हजार 720 रुपये निकाल लिए गए,


ढबारसी में कुम्हारों वाला तालाब। ● अमृत विचार

- **भूप सिंह के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं है भूमि**

जबकि भूप सिंह के नाम राजस्व अभिलेखों में भूमि ही दर्ज नहीं है, जब व्यक्ति के नाम जमीन ही नहीं है तो किसके खेत समतलीकरण हुआ। चकरोडों पर खेत स्वामियों के नामों की अदला-बदली करके फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। सरकारी धन के दुरुपयोग कर सरकार को चूना लगाया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में भी तीन लाख 91 हजार रुपये के कार्य मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराए जा चुके हैं। विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से चकरोडों पर मिट्टी कार्य व कुम्हारों वाले तालाब का जीर्णोद्धार कराने के नाम पर धनराशि निकाली गई, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं है। पाडली गांव निवासी रीता देवी ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर गांव में विकास कार्य व मनरेगा योजना के अन्तर्गत किए कार्यों की जांच करने की मांग की है।

### जिले की 184 ग्राम पंचायतों में बनाए जाएंगे अमृत सरोवर

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले की 184 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा और विकास कार्य को गति मिलेगी। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आचार संहिता हटते ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर और खेलकूद के मैदान बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिले के सभी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर तक मनरेगा और विकास कार्य के साथ 184 ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए 53 जगह चिह्नित कर दी गई हैं। जिले में मनरेगा से 17 खेल कूद के मैदान बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों में मानक के अनुसार, सामग्री लगाने के भी निर्देश दिए हैं। कार्य में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जोया ब्लाक में खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने शुक्रवार को एक बैठक आयोजित कर अमृत सरोवर और खेलकूद के मैदान को जल्द बनने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर और खेलकूद के मैदान बनाने के कार्य में देरी हो गई है। अब तक इन कार्यों को पूरा हो जाना था। मनरेगा के मजदूरों को समय पर भुगतान किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सभी को पहले निर्देश जारी कर दिए थे।

## बीमारी से शिक्षक का निधन, जताया दुख

**रहरा, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय भावली में कार्यरत सहायक अध्यापक कावेन्द्र सिंह (30) का बीमारी के चलते निधन हो गया। वह बहुत ही शांत स्वभाव के थे। अपनी ड्यूटी को पूर्ण मेहनत और लगन के साथ करते थे। शिक्षक जोया ब्लॉक के गांव कालाखेड़ा के मूल निवासी थे। उन्होंने अपने पीछे पत्नी व डेढ़ माह के बेटे को छोड़ा है। ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि इस दुख की घड़ी में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मृतक परिवार के साथ है। इस दौरान वरिष्ठ संकुल शिक्षक हरिओम सिंह, हीरा सिंह, अजय कुमार, अरविंद सिंह, संजय सिंह, विजेंद्र सिंह, लोकेश कुमार, जयवीर सिंह, सुरेश सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।



# हादसों में महिला और चिकित्सक की मौत, दो घायल

## चौधरपुर में नेशनल हाईवे पर ओवरब्रिज और अहसान हॉस्पिटल के पास हुईं दुर्घटनाएं, वाहन चालक फरार

संवाददाता चौधरपुर (अमरोहा)

**अमृत विचार :** चौधरपुर में नेशनल हाईवे पर दो हादसों में महिला और चिकित्सक की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।


कालिदास सरकार।

पहला हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर स्थित नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह 6 बजे हुआ। दरअसल, जनपद मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव अहरौला मुकरपुर निवासी प्रमोद सिंह अपने साले अजय सिंह व पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ दो बाइकों पर सवार होकर हापुड़ जिले के गांव ककराना में एक रिश्तेदारी में तेहरवीं में शामिल होने जा रहे थे। अजय सिंह व उसकी बहन लक्ष्मी देवी (50) एक बाइक पर थे। जबकि प्रमोद सिंह अकेला दूसरी बाइक चला रहा था। जैसे ही वे गांव चौधरपुर में ओवरब्रिज के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने अजय सिंह की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई। अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसे में लक्ष्मी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। उसका भाई अजय सिंह घायल हो गया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार मृतका का पति भी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए चौधरपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया।


महिला की मौत के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी व अन्य। ● अमृत विचार



ट्रैक्टर-ट्रॉली पर पलटी डीसीएम। ● अमृत विचार

वहीं दूसरा हादसा भी चौधरपुर स्थित अहसान हॉस्पिटल के पास सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। दरअसल, दिल्ली के तुगलकाबाद निवासी कालिदास सरकार (55) पुत्र सन्यासी सरकार बाइक से उत्तराखंड के गांव सितारगंज जा रहे थे। जैसे ही वह गांव चौधरपुर में हाईवे पर अहसान हॉस्पिटल के पास पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बाइक सहित सड़क की दूसरी साइड में जा गिरे। इस हादसे में उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजन को जानकारी दी। इसके बाद परिजन वहां पहुंच गए। मृतक के भतीजे भावेश ने बताया कि कालिदास सरकार चिकित्सक थे। हाल ही में उन्होंने सितारगंज में दुकान ली थी। वहां प्रैक्टिस करने जा रहे थे। मूल रूप से वह बंगाल के रहने वाले थे, लेकिन 35 वर्षों से दिल्ली के तुलाकाबाद में अपने परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में उनके अलावा पत्नी प्रियंका सरकार, बेटी मोनिशा, बेटा हर्ष सरकार है। डिडौली कोतवाली प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि अलग अलग सड़क हादसे में चिकित्सका और महिला की मौत हुई है। अज्ञात वाहन चालकों का पता लगाया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### ट्रॉली पर पलटी आम से भरी डीसीएम, ट्रैक्टर चालक की मौत

**चौधरपुर (अमरोहा), अमृत विचार :** गांव चौधरपुर में नेशनल हाईवे पर साप्ताहिक बाजार के पास अनियंत्रित डीसीएम डिवाइडर तोड़कर सर्विस रोड पर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली पर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। डीसीएम के चालक व सहायक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए चौधरपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। गांव फतेहपुर जिवाई निवासी शमीम पुत्र मेहंदी गांव चौधरपुर में अरहम ट्रेडर्स की सरिया सीमेंट की दुकान पर मजदूरी करता था। शनिवार दोपहर दो बजे वह ट्रैक्टर ट्रॉली में बजरफुट व सीमेंट भर कर पास के गांव में डालने जा रहा था। जैसे ही वह हाईवे पर साप्ताहिक बाजार से आगे पहुंचा, तभी मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ जा रही आमों से भरी डीसीएम का चालक संतुलन को खो बैठा। डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर ट्रैक्टर ट्रॉली पर पलट गई। ट्रैक्टर चालक ने कूद कर जान बचाने की कोशिश की। लेकिन बच नहीं सका। उपचार के दौरान पाकबड़ा स्थित टीएमयू हॉस्पिटल में उसकी मौत हो गई। वहीं डीसीएम चालक वसीम पुत्र सद्दीक अली निवासी गढ़मुक्तेश्वर हापुड तथा सहायक नवनीत पुत्र धर्मवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को चौधरपुर में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शमीम की पत्नी सुगरा, बेटी सानिया, महक, अक्शा, बेटे फरीद और मोइन खान का रो-रो कर बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की जान गई

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे के सर्विस मार्ग पर डीसीएम की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक डीसीएम समेत फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्र के गांव शहवाजपुर डोर निवासी भोला पुत्र बाबूराम ई-रिक्शा चलाता था। शनिवार को वह गांव से ई-रिक्शा लेकर गजरौला आ रहा था। गजरौला के पास नेशनल हाईवे के सर्विस मार्ग पर उसकी ई-रिक्शा को पीछे से डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में भोला गंभीर घायल हो गया। राहगीर घायल को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने भोला को मृत घोषित कर दिया। भोला के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि दुर्घटना स्थल के पास दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। टक्कर मारने वाले वाहन को तलाश किया जा रहा है।


बाजार में अतिक्रमण हटवाती नगर पालिका की टीम। ● अमृत विचार

## नगर पालिका की टीम ने साप्ताहिक बाजार हटवाए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **जेसीबी से अतिक्रमण भी हटाया मनमानी करने वाले दुकानदारों को दी कार्रवाई की चेतावनी**

**अमृत विचार :** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के नेतृत्व में नगर में अवैध रूप से लगने वाले साप्ताहिक बाजारों को हटवाया गया। पालिका की टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण भी हटाया।

शनिवार को नगर पालिका की टीम नगर के मोहल्ला चाहगौरी, सराय और मोहल्ला नल में अवैध रूप से लगने वाले साप्ताहिक बाजारों के खिलाफ अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में सभी साप्ताहिक बाजारों को हटा दिया गया। नगर पालिका की टीम को बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। नगर पालिका की टीम के साथ भारी पुलिस बल होने के कारण व्यापारी वर्ग उनका विरोध नहीं कर सके। टीम ने जेसीबी से नगर पालिका की भूमि पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया। अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि अवैध रूप से लगने वाले साप्ताहिक बाजारों से नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती थी। मंगलवार को बिजनौर मार्ग पर बाजार लगाया जाता है। यहां भी यातायात व्यवस्था बाजार लगने से खराब हो जाती है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष और उनसे साप्ताहिक बाजार लगने से लोगों को होने वाली दिक्कत से अवगत कराया था। साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वालों से वसूली की जाती थी। इसकी भी उनको शिकायत मिल रही थी। अधिशासी अधिकारी ने चेतावनी दी है कि भविष्य में अगर फिर से साप्ताहिक बाजार लगाया गया, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा में डूबी महिला का चौथे दिन मिला शव

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला गंगा के टापू पर पशुओं को चराने जाते समय पानी में डूब गई थी। शनिवार को चौथे दिन महिला का शव गंगा में मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव रखेडा निवासी शीला (35) पत्नी सोमपाल बुधवार को पशु चराने के लिए गंगा पार ले जा रही थीं। भैंस की पूंछ पकड़ कर गंगा पार कर रही थी। तभी उसके हाथ से भैंस की पूंछ छूट गई और वह गंगा में डूब गई। शीला के डूबने की खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो परिजन गंगा किनारे पहुंच गए। पुलिस ने गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी थी। गुरुवार को मुरादाबाद से एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई, लेकिन काफी तलाश करने के बाद भी महिला का कुछ पता नहीं चला है। शनिवार सुबह गोताखोर महिला को तलाश कर रहे थे। तभी घटना स्थल से लगभग तीन किलोमीटर दूर गांव दयावली के सामने गंगा घाट किनारे शीला का शव मिला। शीला ने अपने पीछे तीन बेटी व एक बेटे को रोते हुए छोड़ा है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा में डूबी हुई महिला का शव मिल गया है।

## रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्ष भिड़े, दंपति घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** दो हजार रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में दंपति घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी रोहित व कावेंद्र के बीच दो हजार रुपये के लेनदेन को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार की देर शाम भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। जिसमें रोहित और उसकी पत्नी नीतू घायल हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले तहरीर के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, गजरौला/हसनपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद एसपी के आदेश पर थाने में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें डीएम राजेश कुमार त्यागी व एसडीएम चंद्रकांता और प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने लोगों की समस्याएं सुनीं। साथ ही उनका शीघ्र निस्तारण किया।

इसमें चार शिकायतें आईं। चारों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसमें पुलिस, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

**थाना समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें :** लगभग तीन माह चुनाव अचार संहिता के बाद शनिवार को पहली बार हसनपुर कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने लोगों की शिकायतें सुनीं। मात्र एक शिकायत दर्ज हुई। इसका प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया।


गजरौला थाने में शिकायतें सुनते अधिकारी।


हसनपुर कोतवाली में शिकायत सुनते थाना प्रभारी।

- **गजरौला में चार और हसनपुर में एक शिकायत का निस्तारण हुआ**

लोकसभा चुनाव के लिए लगी आचार संहिता के चलते लगभग तीन महीने थाना समाधान दिवस का आयोजन नहीं हुआ। चुनाव आचार संहिता हटते ही अधिकारियों ने शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया। समाधान दिवस में पुलिस, राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## तत्काल प्रभाव से शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली में लगाए गए थाना समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने लोगों की शिकायतों को सुना। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

शनिवार को नगर कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम सुधीर कुमार सिंह व सीओ अरुण कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। एसडीएम व सीओ ने तत्काल प्रभाव से शिकायतों के संबंध में संबंधित कर्मचारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि समाधान दिवस में आए सभी फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण किया गया है।

त्योहार

कुर्बानी के लिए बाजारों में पशुओं की खरीद और बिक्री शुरू, व्यापारी बोले- महंगे हैं बकरे

# 17 जून को मनाई जाएगी ईद-उल-अजहा, तैयारियां तेज

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** जिले में 17 जून को ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। नमाज के बाद जानवरों की कुर्बानी का सिलसिला शुरू होगा। शुक्रवार शाम जिल्हिज के चांद का दीदार होते ही ईद-उल-अजहा की तैयारी शुरू हो गई। लोगों ने चांद नजर आते ही एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। कुर्बानी के लिए जानवरों की खरीद-बिक्री तेज हो गई।

शनिवार को जिल्हिज्ज माह की पहली तारीख थी। चांद की 10 तारीख को ईद उल अजहा का त्योहार मनाय जाएगा। इस बार 17 जून को ईद उल अजहा मनेगी। इसकी तैयारी में मुस्लिम समुदाय के लोग जुट गए हैं। कुर्बानी के लिए जानवरों की खरीदारी तेज हो गई है। लोग कुर्बानी के लिए जानवरों के इंतजाम में जुटे हैं। ईद उल अजहा के त्योहार को लेकर शहर व देहात क्षेत्र में लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक पशु बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इनमें लोग बकरे, कटरे खरीदने पहुंच रहे हैं। बाजार में 10 हजार से लेकर एक लाख तक के बकरे मौजूद हैं। व्यापारीयों का कहना है कि जो लोग बकरे को खरीदारी करने के लिए आ रहे हैं, वह सिर्फ मोलभाव कर बाजार को टटोल रहे हैं। बकरों की खरीदारी 10 जून से बढ़ाने की उम्मीद है। गांव में लोग 10 से 12 दिन पहले बकरा खरीद लेते हैं। जबकि शहरों में लोग दो चार दिन पहले ही बकरा खरीदते हैं। इसकी खास वजह यह होती है कि शहरों में लोगों के पास जानवर को रखने की जगह नहीं होती। बताया कि ईद उल अजहा पर अल्लाह के नबी हजरत इब्राहिम की सुन्नतों को अदा करने के लिए बकरा, कटरा, भेड़, बकरी, ऊंट, भैंस की कुर्बानी करते हैं।


बाजार में बकरे लिए व्यापारी।


“अभी ईद-उल-अजहा में 9 दिन का समय है। इस बार 10 जून से बाजार अच्छी उछाल पकड़ेगा। बाजार में कम बकरा होने के चलते अभी दाम भी आसमान छू रहे हैं। 10 जून से व्यापार बढ़ने की उम्मीद है। **- असलम व्यापारी**


“ईद-उल-अजहा में ऐसे जानवर की कुर्बानी नहीं दी जा सकती, जिसमें कोई शारीरिक बीमारी, भैंगापन हो। सींग या कान का अधिकतर भाग टूटा हो, जो शारीरिक रूप से कमजोर हो। **- कारी आरिफ**


“इस वर्ष बकरे काफी महंगें हैं, जो पूर्व वर्षों में 10 हजार से कम में बकरा मिल जाता था। बकरे 15 हजार से साठ हजार के बीच मिल रहे हैं। बाजार में इस बार तेजी है। **- गुलाम नबी**


“एक बकरा बेचने सब जगह बाजार में बेचने जा रहा हूं, बकरे की कीमत एक लाख मांगी थी, लेकिन बकरे का कोई खरीदार नहीं मिला। **- वकील, बकरा पालक**

## दहेज में 15 लाख न देने पर महिला की हत्या का आरोप

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल से गायब हुई महिला के मामले में नया मोड़ आ गया है। पति ने महिला की हरिद्वार जाते समय गायब होने की बात कहकर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन महिला की मां ने दहेज में 15 लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

सिरसा कला निवासी दिनेश शर्मा की पत्नी जानकी शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने अपनी पुत्री रीना शर्मा के पति सचिन शर्मा व देवर रवि शर्मा पर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से दहेज में 15 लाख रुपये अपने मायके से लाने के लिए उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। इस को लेकर दो जून को उसके साथ मारपीट की गई थी। चार जून को जब जानकी शर्मा अपने दो पुत्रों के साथ पुत्री की ससुराल दढियाल पहुंचीं तो पुत्री रीना शर्मा गायब थी। रीना के गायब होने पर पति व अन्य ससुरालियों से पुछताछ की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जानकी शर्मा ने अपनी पुत्री की ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने आदमपुर पुलिस को कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इस मामले में सचिन शर्मा ने दो दिन पूर्व आदमपुर थाने में पत्नी रीना शर्मा के हरिद्वार जाते समय रास्ते से लापता होने की बात कहते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

### पुलिस ने किया पैदल मार्च दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष ने धनौरा थाने का चार्ज संभालते ही अपने टीम के साथ पैदल मार्च किया। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। शनिवार देर शाम नवागत थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने कस्बे में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान ठेले वालों, फल, टिकिया, मटर, पानी-बतासा के दुकानदारों से कहा कि कचड़े को बाहर न फेंके। केले के छिलके सड़क पर नहीं फेंकने की हिदायत दी। मुख्य चौराहे पर संदिग्ध बाइकों की तलाशी भी ली।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफेक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

## एक नजर

### गुरुद्वारा में कल मनेगा अर्जुन देव का शहीदी पर्व

**संभल,अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में सिख धर्म के पांचवें गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व 10 जून को श्रद्धा और भक्ति से मनाया जाएगा। सुबह सुखमनी साहिब के पाठ के बाद महान कीर्तन दरबार सजेगा। महान कीर्तन और कथा दरबार में रागी जत्थे कथा वाचक रहेंगे। अखंड पाठ साहिब की सेवा मास्टर गंगाविशन परिवार की ओर से होगी। दरबार समाप्ति के बाद लंगर होगा। शहीदी पर्व की तैयारी अंतिम चरण में हैं। सेवादारों में हरदीप सिंह, कुलदीप सिंह, गुरजीत सिंह, धर्म सिंह, कुलवीर सिंह, दौलतराम, सुरेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, महिला सुखमनी सोसाइटी की ओर से मोहन कौर, सुरेंद्र कौर, चंचल कौर, सोनिया, सुखविन्दर, जगजीत कौर, रितु गांधी, साक्षी, पूनम मदान का सहयोग रहेगा।

### 10 दंपतियों के बीच हुई सुलह, घर लौटे

**बहजोई,अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर काउंसलर ने समझाया कि जिन खुशियों के लिए परिवार बनाया जाता है। वह खुशियां विवाद के कारण दूर हो जाती हैं। प्रभारी निरीक्षक पूनम आनंद ने बताया कि कुल 64 पत्रावली सुनकर 25 पत्रावली का निस्तारण किया गया। 10 परिवारों को सुलह समझौता के आधार पर पुन : एक किया गया। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता, साजिया खान सहित आदि ने सहयोग किया।

### फायर ब्रिगेड ने पानी डालकर बुझाई बिटोरे की आग

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव तारनपुर निवासी ऋषि का गांव के पास ही जंगल की ओर जा रहे रास्ते पर उपलों का बिटोरा लगा हुआ था। शनिवार को अचानक से बिटोरे में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने देखते ही देखते बिटोरे को अपनी चपेट में ले लिया। बिटोरे से निकल रही आग की लपटों को देखकर ग्रामीण भी मौके पर आ गए। सूचना पर मिलने पर फायर ब्रिगेड कर्मी पानी से लदा वाहन लेकर मौके पर पहुंचे और घंटों की मशक्कत के बाद पानी डालकर बिटोरे की आग को बुझाया।

# ट्रक ने बाइक सवार किसान को रौंदा, मौत

## बहजोई बबराला मार्ग पर हादसा, धान का बीज खरीद कर लौट रहा था जगदीश

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** धान का बीज खरीद कर बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे किसान की बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल किसान को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बहजोई के गांव सादातबाड़ी की मढैया निवासी किसान जगदीश उम्र 40 वर्ष अपनी बाइक पर सवार होकर बहजोई धान का बीज खरीदने आया था। कि जैसे ही वह दोपहर डेढ़ बजे के लगभग बीज खरीद कर अपनी बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था तब बहजोई बबराला मार्ग पर बहजोई की ओर से जा रहे ट्रक ने किसान की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। किसान को घायल होता देख मौके पर



किसान की मौत के बाद अस्पताल परिसर में जमा परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उन्होंने इसकी सूचना एंबुलेंस 108 को दे दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में घायल किस को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने किसान का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी करते हुए किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने पर मामला दर्ज कर लिया जाएगा। टक्कर मारने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया गया।

### दो सड़क हादसों में तीन बच्चों सहित छह लोग घायल

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में असमोली लोदीपुर मार्ग पर अलग अलग जगह शनिवार को दो सड़क हादसों में तीन बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। एक हादसा अचानक से सड़क पर आए साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक खंदक में घुसने से हुआ। दूसरे हादसे में डंपर की टक्कर लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कला निवासी इकरार शनिवार को बाइक से अपनी ससुराल असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद में साले छिद्दा की बेटी के शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। बाइक पर इकरार की पत्नी मेराज जहां, तीन बच्चे आरिफ, आलिम और बेटी अलीशा भी सवार थी। असमोली लोदीपुर मार्ग पर गांव दुगावर के पास आम के बाग से निकलकर अचानक से साइकिल लेकर सड़क पर बाइक के आगे आ गया।

### 12वीं की छात्रा ने फंदे से लटककर दी जान

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में 12वीं की छात्रा ने दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दे दी। छात्रा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर भंडा निवासी 17 वर्षीय किशोरी सौंधन के एक निजी स्कूल में कक्षा 12 की छात्रा थी। शनिवार को दोपहर माता-पिता खेत में काम करने के लिए गए। छात्रा ने भाई के साथ खाना खाया और ऊपर कमरे में सोने के लिए जाने की बात कहकर चली गई। ऊपर सो रहे दिव्यांग भाई को छात्रा ने नीचे भेज दिया। कुंडी लगाने के बाद छात्रा ने कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जब काफी देर बाद भी छात्रा नीचे नहीं आई तो भाई ऊपर पहुंचा। छात्रा को फंदे से लटका देखकर भाई की चीख निकल गई। सूचना मिलने पर पर माता-पिता भी घर पहुंच गए और कोहराम मच गया। परिजनों ने किसी तरह के विवाद या झगड़े से इंकार किया।

# बेटे की शिकायत पर भड़का पिता, समधी को किया घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में बेटे की शिकायत को सुनकर पिता ने डंडा मारकर अपने समधी को घायल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने घायल ग्रामीण का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। ग्रामीण दामाद के छोटे भाई की शिकायत करने अपने समधी के पास गया था।

थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी मलखान सिंह ने एक माह पहले शादी के लिए अपनी बेटी का रिश्ता अमरोहा जिले निवासी युवक के साथ पक्का किया था। आरोप है कि मलखान के दामाद थाना क्षेत्र के गांव रेहमापुर निवासी दिनेश का छोटा भाई प्रदीप फोन पर बात करते समय किसी बात को लेकर युवक को भड़का रहा था। जानकारी होने पर शनिवार को मलखान सिंह शिकायत करने अपने समधी हेतराम के पास आए थे। आरोप है कि प्रदीप की शिकायत को सुनकर हेतराम अपने समधी मलखान सिंह के साथ गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज का विरोध किया तो हेतराम ने डंडा मारकर मलखान सिंह को घायल कर दिया। जिसके बाद मलखान सिंह घायल अवस्था में थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी।

### पानी भरने के विवाद में मारपीट, मां-बेटी घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में पीने के लिए पानी भरने को लेकर शुक्रवार को हुए विवाद में शनिवार को दवा लेने जा रही मां बेटी को सगे भाइयों ने रास्ते से घर में खींच लिया और मारपीट करते हुए मां बेटी को घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी मुनाजिर व इनके दो बेटे शनिवार को काम करने घर से बाहर गए थे। मुनाजिर की पत्नी आमना 11 बजे अपनी 16 वर्षीय छोटी बेटी महक को दवा दिलाने निजी डॉक्टर के पास जा रही थी। मां बेटी पैदल चलते हुए मुहल्ला के ही चार सगे भाइयों के घर के पास पहुंची। आरोप है कि शुक्रवार को हुए पानी भरने के विवाद को लेकर सगे भाइयों ने महक व आमना को घर में खींच लिया और लात घूसों से मारपीट करते हुए दोनों को घायल कर दिया।

# डंपर में फंसकर ट्रांसफार्मर व दो पोल गिरे, भड़के ग्रामीण

संवाददाता, संभल

- किसानों ने गंगा एक्सप्रेस वे पहुंचकर डंपरों को रोका और ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

**अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र में हाईटेंशन बिजली की लाइन का तार गंगा एक्सप्रेस वे पर मिट्टी लेकर जा रहे डंपर में फंसकर ट्रांसफार्मर सहित दो पोल टूटकर जमीन पर गिर गए। गनीमत रही कि फाल्ट होते ही बिजली बाधित हो गई। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जिससे गुस्साए किसानों ने गंगा एक्सप्रेस वे पर पहुंचकर मिट्टी डाल रहे डंपरों को रोक कर ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी पुष्पेंद्र व धर्मेंद्र के खेत में नलकूप चलाने के लिए दो पोलों पर बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। शनिवार को गंगा एक्सप्रेस वे पर मिट्टी लेकर जा रहे डंपर में हाईटेशन लाइन का तार फंस गया और तारों में फाल्ट हो गया। फाल्ट होने से चालक घबरा गया। जैसे ही चालक ने डंपर को आगे बढ़ाया दोनों पोल टूटकर ट्रांसफार्मर सहित जमीन पर गिर गए। जिससे ट्रांसफार्मर व हाईटेंशन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि फाल्ट होते ही बिजली बाधित हो गई। वरना हादसा बड़ा हो जाता। जानकारी होने पर आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण गंगा एक्सप्रेस वे पर पहुंचे और मिट्टी डाल रहे डंपरों को रोक लिया। ट्रांसफार्मर बदलवाने व क्षतिग्रस्त हाईटेंशन बिजली की लाइन को ठीक कराने की मांग करते हुए ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान हेमराज, नरेश, नंद किशोर, खेमपाल, जय सिंह, जोगिंदर, लल्लू सिंह, रामवीर, सत्यपाल, कोमेश, वीर सिंह, छेदालाल आदि रहे।

### छह लोग बिजली चोरी करते मिले, रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** बिजली विभाग ने बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को भोर में ही चेकिंग की गई तो छह लोग बिजली चोरी करते मिले। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई।

एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह की अगुवाई में जेई हयातनगर योगेश कुमार और कर्मचारियों की टीम ने शनिवार को सुबह साढ़े तीन बजे से चेकिंग शुरू की। सरायतरीन के रामा टाकीज क्षेत्र में चेकिंग करते हुए उन लोगों को चिन्हित किया जो कटिया कनेक्शन डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। उस वक्त लोग सो कर भी नहीं उठे थे, ऐसे में वास्तविक बिजली चोरी करने वाले भी सामने आ गए। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि छह लोग बिजली चोरी करते पाए गए। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है। बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

# संभल को पर्यटन नगरी घोषित करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की बैठक में संभल के विकास को लेकर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर संभल को पर्यटन नगरी घोषित कराने समेत कई मांगें उठाई गईं।

मुहल्ला हल्लू सराय चामुंडा कॉलोनी में स्थित प्रशासनिक कार्यालय पर हुई बैठक में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र ने कई बिंदुओं को लेकर विचार रखे।

जिसके बाद एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। जिसमें संभल को पर्यटन नगरी घोषित करने, संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तार, फिरोजपुर में रोडवेज डिपो निर्माण, जिला अस्पताल में एमआरआई की मशीन लगवाने और डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने, फिरोजपुर में कोल्ड स्टोरेज



राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की बैठक में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र।

- एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन

निर्माण को लेकर कब्जाई गई ग्राम समाज की भूमि को मुक्त कराने, नगर में हैंडपंपों को सही कराते हुए फॉगिंग कराने, शहर व ग्रामीण क्षेत्र में चकरोड को दुरुस्त करने, संभल में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना आदि की मांग उठाई। इस दौरान ब्रजेश यादव, मोहम्मद अली, राकेश वार्ष्णेय, सतीश शर्मा, उज्जवल मिश्रा, मोहम्मद उस्मान, वीरेंद्र कौशिक, होराम सिंह यादव, अमित गौतम, ज्ञानेंद्र एडवोकेट, तेजपाल सिंह यादव आदि रहे। संचालन शाहनवाज संभली ने किया।

### भीम आर्मी चीफ के फोटो पर आपत्तिजनक कमेंट करने पर युवक गिरफ्तार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** अमरोहा जिले के गांव टोनिया निवासी सुदामा ने भीम आर्मी चीफ व आजाद समाज पार्टी कांशीराम के नेता चंद्रशेखर के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर स्टेटस लगाया था। आरोप है कि असमोली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला निवासी आकाश सैनी ने चंद्रशेखर के फोटो को लेकर आपत्तिजनक कमेंट किया था। सुदामा ने आपत्तिजनक पोस्ट का स्क्रीन शॉट लेकर दूसरे ग्रुप में वायरल कर दिया। ग्रुप में जुड़े लोगों ने कमेंट पर विरोध जताते हुए आकाश सैनी की शिकायत उच्चाधिकारियों से की। मामला संज्ञान आने पर पुलिस शनिवार को आकाश सैनी के घर पहुंची और आकाश सैनी को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने आकाश सैनी का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

# चौकीदार के घर में लगी आग, घरेलू सामान जला

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में चौकीदार के मकान में लगी आग में खाने पीने के सामान सहित कीमती सामान जलकर बर्बाद हो गया। मुहल्ला के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद सबमर्सिबल चलाकर पाइप से पानी डालकर आग को बुझाया। जिस समय आग लगी उस समय मकान के अंदर कोई नहीं था।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नूरियो सराय निवासी चौकीदार शब्बीर के घर में शनिवार की दोपहर कोई नहीं था। अचानक से शब्बीर के घर में आग लग गई। आसपास के लोगों ने मकान से धुंआ निकलता देखकर आग लगने की सूचना शब्बीर को दी। हवा चलने की वजह से देखते ही देखते मकान के अंदर जल रहे सामान से आग की ऊंची लपटें निकलने लगी। जिससे मुहल्ला



आग से जलकर बर्बाद हुआ घर का सामान। ● अमृत विचार

- जिस समय आग लगी उस समय मकान के अंदर कोई नहीं था।
- सबमर्सिबल चलाकर मुहल्ला के लोगों ने आग को बुझाया

के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन में सबमर्सिबल चलाकर मुहल्ला के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाइप से पानी डालकर आग को बुझाया, लेकिन तब तक घर में रखा खाने पीने सहित अन्य सामान जलकर बर्बाद हो गया।



गांव गुरसरी के बिटोरों में लगी आग।

### कूडे.की चिंगारी से बिटोरों में लगी आग, अफरातफरी

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गुरसरी में शनिवार की दोपहर कूडे. के गड़ढों से उठी चिंगारी से बिटोरों में आग लग गई। तेज हवाओं के चलने से आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने सबमर्सिबल के पानी से आग पर काबू पाया। तब तक दो बिटोरे और एक भूसे का बोंगा जल कर राख हो गया था। इस दौरान करीब एक घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा। गांव गुरसरी के बाहर ही ग्रामीणों के उपलों के बिटोरे व भूसे के बोंगे हैं। वहीं कूड़े के लिए गड्ढे भी बने हुए हैं। शनिवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे किसी तरह कूड़े के गड्ढों में आग लग गई। कूड़े से उठी चिंगारी पास ही स्थित उपले के बिटोरों व भूसे के बोंगे में फैल गई। तेज हवा के चलने से आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। तब तक हरद्वारी लाल के दो बिटोरे व राजपाल प्रजापति का भूसे का बोंगा जल कर राख हो गया।

### टाटा मैजिक में पशु चढ़ाकर ले गए चोर

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछोली निवासी आस मोहम्मद शुक्रवार की रात मेडिकल कालेज के पास स्थित घेर में सो रहा था। पास में ही आस मोहम्मद के पशु बंध रहे थे। देर रात किसी समय चोर भैंस को चोरी कर टाटा मैजिक में चढ़ाकर ले गए।

शनिवार की सुबह आस मोहम्मद जब सोकर उठा तो भैंस चोरी होने की जानकारी हुई। भैंस चोरी होने की जानकारी होने पर आसपास के लोग भी इकठ्ठा हो गए और आस मोहम्मद ने आसपास में भैंस की तलाश की, लेकिन भैंस का पता नहीं चला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज की वीडियो खंगाली। वीडियो में तड़के चार बजकर चालीस मिनट पर टाटा मैजिक में चोर भैंस को चंदौसी की ओर लेकर जाते दिखाई दे रहे हैं।



स्पर्शी पत्रिका के विमोचन के अवसर पर मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

# समारोह पूर्वक किया स्पर्शी पत्रिका का विमोचन

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था ज्ञानदीप द्वारा प्रकाशित स्पर्शी पत्रिका का विमोचन समारोह, हिन्दू जागृति मंच के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

संभल के कोट पूर्वी स्थित मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रवीण रस्तोगी ने कहा कि किसी भी समाज को सुव्यवस्थित, सुगठित एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए साहित्यकारों की सक्रियता अति आवश्यक है। हिन्दू जागृति मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने स्पर्शी पत्रिका के प्रकाशित होने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि इस पत्रिका में कई विधाओं में साहित्यकारों की रचनाएं हमारे समाज की स्थिति को दर्शाने में समर्थ हैं। सम्पादक अतुल कुमार शर्मा ने इस पत्रिका में देश-विदेश के कवियों की रचनाओं को सम्मिलित करके स्पर्शी पत्रिका को स्तरीय बनाया है। कार्यक्रम में सुभाष चंद्र शर्मा, अजय कुमार शर्मा, अमन सिंह, वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर, राजेंद्र सिंह गुर्जर, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, विष्णु कुमार, शलभ रस्तोगी आदि ने स्पर्शी पत्रिका का विमोचन किया। संचालन हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।



समर कैंप में प्रतिभागी बच्चों के साथ ग्रुप की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** जायंट्स ग्रुप आफ महिला जागृति के तत्वाधान में चल रहे समर कैंप का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच किया गया। जिसमें अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रॉयल पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप के समापन समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष डोली वार्ष्णेय, सचिव आशा वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष किरन शर्मा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रचलित कर किया। इसके बाद प्रतिभागियों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। समर कैंप के दौरान प्रशिक्षक अंजलि ने सभी प्रतिभागियों को अच्छी तरीके से मेहंदी सिखाई तो वहीं ब्यूटीशियन पूजा ने प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए ब्यूटीशियन के गुर बताए। अतिथि के तौर पर पहुंची सुनैना वार्ष्णेय ने सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। फेडरेशन के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल व यूनिट डायरेक्टर मीनू कमल वार्ष्णेय ने प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ अच्छा भविष्य बनाने का आह्वान किया। इस दौरान गीता रस्तोगी, रंजना शर्मा, शोभा वार्ष्णेय, किरण शर्मा, शीतल वार्ष्णेय, प्रतिभा आर्य, पूर्व चेयरमैन कमल शंकर सहित आदि मौजूद रहे।

### चार लोगों पर नकदी और मोबाइल छीनने का आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी जसपाल ने शनिवार को थाने पहुंचकर चार अज्ञात लोगों पर नकदी व मोबाइल छीनने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

कहा कि दोपहर बारह बजे थाना क्षेत्र के गांव नाथा में सुनार के यहां जेवर गिरवी रखकर मिले सात हजार लेकर जसपाल बाइक से वापस घर आ रहा था। जसपाल जैसे ही गांव के बाहर पहुंचा। गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर जसपाल से बाइक को रुकवा लिया। आरोप है कि चारों मिलकर जबरदस्ती जसपाल की तलाशी लेने लगे और जेब में रखी नकदी व मोबाइल निकाल लिया। विरोध किया तो चारों व्यक्तियों मे मिलकर जसपाल के साथ मारपीट की और धमकी देते हुए चारों व्यक्ति मौके से फरार हो गए। जसपाल ने तहरीर देकर नकदी व मोबाइल बरामद करने व चारों व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

**अनदेखी** किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे खुले घूम रहे गोवंश

# छुट्टा पशुओं को संरक्षित कराने के प्रशासन के दावे खोखले

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के निर्देश पर छुट्टा गोवंश पशुओं को संरक्षित कराने के प्रशासन के तमाम दावे फेल नजर आ रहे हैं क्योंकि शहर से लेकर देहात तक छुट्टा गोवंश पशु घूमते दिख रहे हैं। चूंकि कई बार छुट्टा गोवंश पशु हमला करके लोगों की जान लेने के साथ ही घायल भी कर चुके हैं, ऐसे में लोगों में भय का माहौल है।

जनपद में छुट्टा गोवंश पशु बड़ी समस्या हैं। जहां खेतों में खड़ी फसलों को छुट्टा गोवंश पशु नुकसान पहुंचा रहे हैं तो किसानों में आक्रोश है, वहीं शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोगों पर हमला भी कर चुके हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से छुट्टा गोवंश पशुओं को संरक्षित किए जाने की बात कही जा रही है लेकिन यह दावा सिर्फ खोखला साबित होता दिख रहा है। शनिवार को अमृत विचार ने कुछ



संभल में मुख्य मार्ग के किनारे घूमते गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

- लोगों पर भी कर चुके हैं हमले, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर करते हैं विचरण

क्षेत्रों में पड़ताल की तो छुट्टा गोवंश पशुओं की तस्वीरें सामने आईं। संभल में हसनपुर मार्ग पर मंडी समिति के सामने शाम को करीब पौने छह बजे एकाद नहीं बल्कि चार छुट्टा गोवंश पशुओं का झुंड दिखाई दिया। बताते हैं कि यह छुट्टा गोवंश पशु मंडी समिति में अंदर भी घूमते रहते हैं। यह हालात तब हैं जबकि वर्तमान में मक्का लेकर बड़ी संख्या में किसान मंडी समिति पहुंच रहे हैं। किसी भी समय छुट्टा गोवंश पशु द्वारा किसानों पर हमला करने की आशंका बनी है।

### हाईवे का किनारा बना छुट्टा गोवंश का आसरा स्थल

**गुन्नौर अमृत विचार :** छुट्टा मवेशियों को लेकर हर कोई परेशान है। छुट्टा मवेशियों की संख्या ज्यादा व आश्रय स्थल कम होने पर अधिकांश मवेशी अभी भी खुले में घूम रहे हैं। जो दिन में सड़क पर यातायात बाधित करते हैं, वहीं रात को खेतों में फसल बर्बाद करते हैं। वैसे तो छुट्टा मवेशियों को गो आश्रय स्थल में रखने की व्यवस्था है। उन किसानों को जो ऐसे मवेशी रख सकते हैं, उन्हें अनुदान देने के लिए सरकार ने घोषणा की है। फिर भी किसान इन मवेशियों को घरों में रखना चाहते हैं और न ही गो आश्रय स्थलों में इतना स्थान है कि सभी मवेशियों को वहां रखा जा सके। जिसके चलते मवेशियों ने सड़क किनारे व खाली स्थान पर अपना ठिकाना बना रखा है। शनिवार को शाम साढ़े छह बजे मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर गांव इटौआ में सड़क किनारे कई छुट्टा गोवंश पशु बैठे दिखाई दिए। कई पशु हाईवे पर घूम रहे थे। बताते चलें कि कभी भी छुट्टा गोवंश बीच सड़क पर आ जाते हैं तो यातायात बाधित हो जाता है और हादसे का अंदेशा भी रहता है।



छुट्टा गोवंश पशुओं की समस्या गंभीर होती जा रही है। यह खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं लेकिन इन्हें संरक्षित नहीं किया जा रहा है। गोशालाओं में भी छुट्टा गोवंश पशुओं की बेकदरी हो रही है। इस मुद्दे को लेकर जल्द ही आवाज उठाई जाएगी।

–राजपाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष भाकियू असली

## एक नजर

### सार्थक ने 685 अंक प्राप्त कर नीट पास किया



**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला प्रेमनगर कालोनी निवासी सार्थक सिंह ने 685 अंक प्राप्त कर नीट उत्तीर्ण किया है। सार्थक ने अपनी बारहवीं की परीक्षा 2023 में राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन से उत्तीर्ण की थी। सार्थक के पिता अरविंद सिंह बहजोई के एंग्लोवैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फिजीकल एजूकेशन के अध्यापक हैं। सार्थक ने अपनी सफलता का श्रेय परिवारजन व गुरुजन को दिया है। सार्थक की सफल्ता से परिवार में खुशी का माहौल है।

### अपहरण के मामले में वांछित को दबोचा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अपहरण के मुकदमें में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवक पिछले दिनों युवती को बहला फुसला कर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज है। इस मामले में अंकित पुत्र प्रेमपाल निवासी गांव असालतपुर जारई वांछित था। शनिवार को उप निरीक्षक सचिन भाटी ने गश्त के दौरान संभल तिराहे से अंकित को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यालय के समक्ष पेश किया गया है।

### बंदरों के हमले में पांच वर्षीय बालक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक बंदरों की तादात दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में पर्याप्त भोजन न मिलने से बंदर उत्पाती और खूंखार हो रहे हैं। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे गांव गुमथल निवासी आकाश का पांच वर्षीय बेटा विराट खेलने के लिए घर से बाहर निकला ही था। उसी समय वहां बैठे बंदरों के झुंड ने विराट पर हमला बोल दिया। पैर में काटने से विराट घायल हो गया। चीख पुकार सुन कर परिजन दौड़ कर मौके पर पहुंचे और बंदरों को दौड़ कर विराट को बचाया और सरकारी अस्पताल ले गए।

# कोठरी में मिली युवक की सड़ी-गली लाश

## घटनास्थल पर नशे के इंजेक्शन व सीरिंज पड़े मिले, पुलिस ने की जांच-पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- थाना बनियाठेर के गांव बाकरपुर भैतरी के जंगल का मामला
- सीओ ने फॉरेंसिक टीम बुला कर नमूने भरवाए, शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी पुलिस

**अमृत विचारः** थाना बनियाठेर के गांव बाकरपुर भैतरी के जंगल में बनी कोठरी में शनिवार की शाम अज्ञात युवक की सड़ी-गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर थाना बनियाठेर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने लेकर जांच को भेजे हैं। घटनास्थल से नशे के इंजेक्शन व सीरिंज आदि पड़े मिले हैं। जिससे पुलिस ने प्रथमदृष्टया नशे की ओवर डोज से मौत का कारण मानते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।



कोठरी में लाश के पास से मिले इंजेक्शन को देखते सीओ। ● अमृत विचार

चन्दौसी के बिसौली गेट निवासी सुरेंद्र लाला का चन्दौसी से सटे थाना बनियाठेर के गांव बाकरपुर भैतरी में खेत है। वहीं पड़ोस में गांव के ही आमपाल पुत्र नेकपाल का खेत है। दोनों खेतों के बीच में एक पुरानी कोठरी बनी हुई है। शनिवार की शाम करीब पांच बजे कुछ ग्रामीण उधर से गुजर रहे थे तो कोठरी से तेज बदबू आ रही थी। जिससे ग्रामीणों ने कोठरी में जाकर देखा तो अवाक रह गए। कोठरी में एक युवक की लाश पड़ी थी। लाश पूरी तरह से सड़ चुकी थी। जिससे पहचान भी नहीं हो पा रही थी। सूचना पाकर थाना बनियाठेर पुलिस और सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह भी पहुंच गए। मौके पर लाश के पास इंजेक्शन व सीरिंज पड़ी मिली। जिससे अनुमान लगाया जा रहा था कि युवक की मौत नशे की ओवर डोज के कारण हुई है। फॉरेंसिक टीम बुला कर नमूने लिए गए हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस शिनाख्त कराने के प्रयास में जुट गई है। युवक लोअर व टीशर्ट पहने हुए है।

> गांव बाकरपुर भैतरी के जंगल में बनी कोठरी में एक युवक की लाश मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है। लाश बुरी तरह सड़ चुकी थी जिससे शिनाख्त नहीं हो सकी है। लाश के पास से नशे के इंजेक्शन व सीरींज मिली हैं। जिससे प्रथमदृष्टया मौत का कारण नशे की ओवर डोज मानते हुए शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।
>
> –डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, सीओ, चन्दौसी

## ससुर पर दुष्कर्म का आरोप, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

**संभल/धनारी, अमृत विचारः** बहजोई थाना क्षेत्र के एक गांव में दहेज लाने से मना करने पर ससुराल वालों ने महिला के साथ मारपीट की।

महिला का कहना है कि 20 अप्रैल को अमित रिश्तेदारी में गया हुआ था। रात को अमित के पिता जगदीश तमंचा लेकर महिला के कमरे में पहुंचे और तमंचे के बल पर महिला के साथ दुष्कर्म किया। अगले दिन भी अमित घर नहीं आया तो जगदीश ने महिला के साथ तमंचे के बल पर अप्राकृतिक संबंध बनाए। तीसरे दिन अमित घर आया तो महिला ने सारी बात बताई। आरोप है कि शिकायत को सुनकर ससुराल वालों ने मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। महिला ने न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई। शनिवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अमित, जगदीश, सुघडिया और मिथलेश के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

## सार-संक्षेप

### चांद नज़र आया, ईद उल अज़हा 17 को

**संभल,अमृत विचार :** मरकज़ी मदरसा अजमल उल उलूम में मरकज़ी रुयते हिलाल कमेटीकी मीटिंग की सदारत शहर मुफ़्ती क़ारी अलाउद्दीन अजमली ने की।कहा गया कि मुल्क के कई हिस्सों में चाँद नज़र आया है। इसलिए ख़बर-ए-इस्तिफ़ादा की बुनियाद पर ऐलान किया जाता है कि कल 8 जून को चांद की तारीख़ है, और 17 जून को ईद उल अज़हा मनाया जायेगा। मीटिंग में क़ारी तनज़ीम अशरफ़ अजमली, मुफ़्ती राशिद सक़ाफ़ी, मुफ़्ती आलम नूरी, मुफ़्ती अहमद रज़ा मिस्बाही, इमामे ईदगाह मौलाना ज़हीरुल इस्लाम, मौलाना नफ़ीस अख़्तर अशरफ़ी, मौलाना शरीफ़ अहमद, मौलाना अशरफ़, मौलाना मुहम्मद हुसैन व तक़ी अशरफ़ आदि मौजूद रहे।



रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शर्बत वितरित करते स्काउट-गाइड व रोवर्स रेंजर्स।

### शर्बत पिला रेल यात्रियों को राहत दे रहे स्काउट-गाइड

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भारत स्काउट और गाइड उत्तर उत्तर प्रदेश जनपद संभल की ओर से पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के तीसरे दिन स्काउट-गाइड व रोवर्स-रेंजर्स ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर प्यासे यात्रियों को शीतल शर्बत पिला कर गर्मी से राहत देने का प्रयास किया। इस दौरान गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने कहा कि भीषण गर्मी में जल सेवा सबसे बड़ी सेवा है। जिला संगठन कमिश्नर मोहित कुमार एवं मीनू भारती समेत जीआरपी स्टाफ आदि मौजूद रहा।

### आध्यात्मिक प्रवचन और संकीर्तन का शुभारंभ आज

**बबराला, अमृत विचार :** जगद्गुरू कृपालु महाराज की शिष्या डॉ. हरीश्वरी देवी के मुखारविंद से रविवार से बांकेबिहारी मंदिर में आध्यात्मिक प्रवचन और संकीर्तन का आयोजन होगा। बांके बिहारी मंदिर के महंत श्याम बिहारी मिश्रा ने बताया कि आध्यात्मिक प्रवचन 9 जून से शुरू होगा और 18 जून को समापन होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिवेश में युवाओं के लिए आध्यात्मिक ज्ञान जरूरी है। इसके लिए धर्म गुरुओं को आध्यात्मिक ज्ञान में इतना आकर्षण व रस भरना होगा कि युवा इसके लिए आकर्षित हों। बेशक युवाओं में धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति रुचि कम हो रही है लेकिन सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में युवाओं की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### देवर व ससुर पर लगाया मारपीट का आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि शुक्रवार की दोपहर दो बजे कमरे में सो रही थी। आरोप है कि महिला का देवर कहीं जाने के लिए बाइक मांगने के बहाने से कमरे में घुस आया और युवक भाभी को कमरे में अकेला देखकर अश्लील बातें करने लगा। विरोध किया तो युवक ने लाठी डंडों से अपनी भाभी के साथ मारपीट की। चीखने चिल्लाने की आवाज को सुनकर महिला के ससुर भी मौके पर आ गए और पुत्रवधू के साथ उन्होंने भी मारपीट की।

## दिल्ली-बरेली पैसेंजर से गिर कर दिल्ली का युवक घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**हादसा**

- गुमथल रेलवे स्टेशन पर सुबह साढ़े छह बजे हुआ हादसा, आरपीएफ ने सीएचसी भेजा

**अमृत विचारः** गुमथल रेलवे स्टेशन के निकट दिल्ली-बरेली पैसेंजर से गिर कर दिल्ली का युवक घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची आरपीएफ ने घायल को सरकारी अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। आरपीएफ ने युवक के पास से मिले मोबाइल से परिजनों को जानकारी दे दी है।

युवक सन्नी 22 वर्ष पुत्र सोमनाथ निवासी दिलशाद गार्डन सीमापुरी पुरानी दिल्ली शनिवार की सुबह दिल्ली से बरेली जाने के लिए दिल्ली-बरेली पैसेंजर में सफर कर रहा था। सुबह करीब साढ़े छह बजे चन्दौसी से पांच किलोमीटर दूर गुमथल रेलवे स्टेशन पर पहुंची। यहां से ट्रेन चन्दौसी के लिए रवाना हुई। उसी समय सन्नी ट्रेन की बोगी के गेट पर बैठा था। अभी ट्रेन धीमी गति में ही थी।

अचानक सन्नी गेट से नीचे पत्थरों पर आ गिरा और बुरी तरह घायल हो गया। युवक को गंभीर चोटें आयी हैं। सूचना पाकर आरपीएफ मौके पर पहुंची और घायल युवक को सरकारी अस्पताल चन्दौसी भेज दिया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि ट्रेन की बोगी के गेट पर बैठे होने के दौरान सन्नी को झपकी आ गई। जिससे वह नीचे आ गिरा।

# समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने शहर की समस्याओं को लेकर रोष जाहिर किया है। इस संदर्भ में पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की है।



पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने की पालिकाध्यक्ष से मुलाकात, बताई समस्याएं

शनिवार को व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता नगर पालिका अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर पहुंचे और शहर की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मानसून से पहले शहर के सभी नालों की साफाई कराई जाए ताकि शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं हो । शहर में अधिकांश वॉटर कूलर खराब पड़े हैं। जिसकी वजह से शहर में आये बाहर के लोगों और शहर वासियों को पीने के लिए पानी तक नहीं मिल पाता है। अतः शहर के सभी वाटर कूलर को समय रहते जल्दी ठीक कराया जाए और शहर के प्रमुख बाजार में नये वाटर कूलर लगाए जाएं। शहर के सभी धार्मिक स्थानों पर उचित प्रकाश के लिए स्ट्रीट लाइट लगाई जाएं। नगर के सभी प्रमुख मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएं। पुराने मेनहॉल के ढक्कन जो क्षतिग्रस्त हैं। तत्काल बदलवाए जाएं। ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। इसके अलावा शहर को चांदसी बनाने के लिए नगर के सभी प्रमुख प्रवेश द्वारों का सुदंरीकरण कराए जाने की मांग की गई है। भीषण गर्मी के चलते शहर में सफाई व पेयजल व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं शहर में डाली जा रही सड़कों की गुणवत्ता को लेकर सराहना की गई। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, महताब, तुषार क्रिस्टल, वैभव वार्ष्णेय, निशान्त, उमेर शम्सी, मुजीब, मयंक वार्ष्णेय, चिंकल, इरफान मंसूरी आदि मौजूद रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते सीओ दीपक तिवारी। ● अमृत विचार

## चुनाव के बाद थाना समाधान दिवस में कम पहुंचे फरियादी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- एक शिकायत दर्ज हुई उसी का करा दिया समाधान

**अमृत विचार :**लोकसभा चुनाव संपन्न होने पर आचार संहिता समाप्त हुई तो संभल जिले के थानों में थाना समाधान दिवस लगा। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायतें सुनीं। हालांकि शिकायतें लेकर लोग भी कम संख्या में पहुंचे।

शनिवार को जिले के थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। संभल कोतवाली में डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी और कोतवाल पवन कुमार ने शिकायतें सुनी। यहां एक शिकायत दर्ज हुई तो समाधान करा दिया गया। नखासा थाने में थाना प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह रहे लेकिन यहां कोई भी शिकायत नहीं आई। हयातनगर थाना में लगे समाधान दिवस में एक शिकायत आई। धनारी थाने में सीओ दीपक तिवारी, नायब तहसीलदार बबलू कुमार और थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने शिकायतें सुनी। यहां 10 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से चार शिकायतों का मौके पर समाधान करा दिया गया। इसके अलावा असमोली, रजपुरा, गुन्नौर, हजरत नगर गढ़ी थाने में भी थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार लगे थाना समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की भीड़ नहीं उमड़ी।

## कूड़ा फेंकने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 6 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, चंदौसी

**विवाद**

- कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल में देर शाम हुई घटना, पुलिस ने घायलों का सीएचसी में उपचार कराया

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के नगर से सटे गांव कैथल में शनिवार की देर शाम घर के आगे नाली में कूड़ा करकट फेंकने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। घटना में दोनों पक्षों से छह लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। घायलों का सीएचसी में उपचार कराया गया है।

गांव कैथल निवासी गौरव पुत्र कल्लू और भगवान दास पुत्र भोजराज का घर कुछ ही दूरी पर है। शनिवार की देर शाम करीब 7:30 बजे दोनों पक्ष के घर के आगे से जा रही नाली मे कूड़ा करकट भरा था। जिससे दोनों पक्ष एक दूसरे पर नाली में कूड़ा फेंकने का आरोप लगाने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के साथ तनातनी हो गई। दोनों पक्षों से लोग लाठी डंडे लेकर आ गए और जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से गौरव और उसका मौसेरा भाई सचिन समेत मदनलाल और उसकी पत्नी शकुंतला घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से भगवानदास और उसका बेटा विमल घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल ले आई। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।



चन्दौसी के रघुनाथ आश्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कृत बच्चे।

# चित्रकला में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया

**अमृत विचारः** नगर के सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय में 26 मई से 30 जून तक स्वच्छ भारत अभियान को लेकर समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण, स्वच्छता, जलवायु आदि विभिन्न विषयों के बारे में जागरूकता फैलाना है। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

शनिवार को पानी का जग व गिलास बनाने की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में कला अध्यापक धर्मपाल, डॉ. राजीव लोचन शर्मा व अवलेश कुमार अन्नी सबरंग रहे। प्रतियोगिता में छात्रा वैष्णवी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्र किशन द्वितीय व अनमोल तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान हीरा लाल, इंद्रपाल वार्ष्णेय, योगेंद्र कुमार वार्ष्णेय, रतन कुमार वार्ष्णेय, विनेश कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार गुरु आदि का सहयोग रहा।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत हत्या का आरोप

**धनारी,अमृत विचारः** धनारी थाना क्षेत्र के गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया।

गांव चंदपुरा निवासी प्रमोद की शादी ढ़ाई साल पहले लक्ष्मी के साथ हुई थी। शनिवार को लक्ष्मी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना मिलने पर लक्ष्मी के मायके वाले मौके पर पहुंचे और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लक्ष्मी का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**आवागमन** — कुढ़फतेहगढ़ से चैंचुरी होते हुए भैंतरी रेलवे फाटक तक का मार्ग जर्जर

# 10 किलोमीटर जर्जर सड़क पर सफर करना जोखिम भरा

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के गांव कुढ़फतेहगढ़ से चैंचुरी-पलथा मिठनपुर-खटैटा चौराहा होते हुए चन्दौसी स्थित भैंतरी रेलवे फाटक तक जाने वाला 10 किलोमीटर की सड़क पूरी तरह टूटी हुई है। सड़क में गड्ढे बन गए हैं। जर्जर सड़क पर दोपहिया वाहन से सफर करते समय हादसे का जोखिम बना रहता है आलम यह है कि दोपहिया वाहन द्वारा कुढ़फतेहगढ़ से चन्दौसी तक का सफर मार्ग खराब होने से एक घंटे में पूरा होता है। मार्ग खराब होने से ई रिक्शा व टेंपो आदि कुढ़फतेहगढ़ से बिचैटा चौराहे होकर निकल रहे हैं। जिससे लालपुर, चैंचुरी, अटबा, दारनी, भगतपुर मिर्जा आदि के ग्रामीणों को चन्दौसी जाने के लिए वाहन न मिलने से असुविधा होती हैं। ग्रामीण सड़क निर्माण कराए जाने की मांग कर रहे हैं।



चन्दौसी और कुढ़फतेहगढ़ की सड़क में बने गड्ढे।

### एक दर्जन से अधिक गांव प्रभावित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ से चन्दौसी तक 10 किलोमीटर मार्ग ज्यादा खराब होने से एक दर्जन से अधिक गांवों की 50 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित होती है। कुढ़फतेहगढ़, गंदूपुरा, फैजुल्लापुर, छाबड़ा, भगतपुर, ढड़ौला, धनुपुरा, चंडरौआ, दारनी, अटबा, लालपुर, चैंचुरी, पल्था, धर्मपुर कुइया आदि गांवों के लोगों का इस मार्ग से चन्दौसी के लिए आवागमन बना रहता है। ये चन्दौसी के लिए शॉर्ट कट रास्ता है। मजबूरन ग्रामीणों को बिचैटा चौराहा से गांव बेरनी होकर लंबा रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है।



> कुढ़फतेहगढ़ से चन्दौसी के लिए जाने वाला यह मार्ग कई वर्षों से जर्जर है। एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का इस मार्ग पर चन्दौसी के लिए आवागमन बना रहता है। मार्ग खराब होने से क्षेत्रवासियों को बहुत ही दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। शीघ्र ही मार्ग का निर्माण कराया जाना चाहिए।
>
> –संजीव यादव, गांव चैंचुरी



> सड़क खराब होने से कुढ़फतेहगढ़ से बिचैटा चौराहा-बेरनी होकर चन्दौसी जाना पड़ता है। जिससे 5 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। मार्ग सही हो जाए तो आवागमन में सहूलियत होगी।
>
> –दिलीप कुमार शर्मा, गांव छाबड़ा



> कुढफतेहगढ़ से लालपुर चैंचुरी होते हुए चन्दौसी को जाने वाली सड़क बहुत ही खराब है। सड़क खराब होने से जोखिम भरा सफर तय करना पड़ रहा है। सडक का निर्माण हो जाए तो क्षेत्र वासियों को चंदौसी आवागमन में सुविधा हो जाएगी।
>
> –शक्ति सिंह, गांव गंदूपुरा



> चन्दौसी के लिए प्रतिदिन आना जाना रहता है। मार्ग जर्जर होने से सफर तय करते समय बहुत ही असुविधा होती है। सवारी गाड़ी भी नहीं मिलती। मार्ग का निर्माण कराया जाए ताकि राहगीरों को आवागमन में आसानी हो।
>
> –प्रमोद कुमार शर्मा, भगतपुर

## श्रद्धालुओं ने किया शनिदेव का गुणगान, गूंजे जयकारे

**संभल, अमृत विचार :** शनिदेव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मुहल्ला कोट पूर्वी रामलीला मैदान में स्थित मंदिर में शनिदेव की आरती की गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर शनिदेव का गुणगान किया। इस बीच शनिदेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय बन गया। आरती के बाद खिचड़ी और खीर का प्रसाद वितरित किया गया। शनिदेव मंदिर में भक्त प्रत्येक शनिवार को आरती कर खिचड़ी भोग का प्रसाद वितरित करते हैं। शनिदेव जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को हुई आरती में तमाम श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मंदिर के महंत महेंद्र स्वामी ने कहा कि जो शनिदेव की श्रद्धा और लगन से पूजा अर्चना करता हे शनिदेव उस पर विशेष कृपा करते हैं। इस दौरान संजय सहारा, राजीव शुक्ल, श्रीश पूठिया, राजीव यादव, टीटू मदान, नरेंद्र स्वामी, शैलानी राय, दीपक, अजय शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, कुमोद शर्मा, वरुण गंभीर, मौलिक, युग शर्मा, मनोज शर्मा, मनोज सक्सेना, भोजराज पाल, संजय पाल आदि रहे।

# सनातन सेवक संघ के कैलाश चंद्र बने जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** सनातन सेवक संघ की एक बैठक शनिवार की शाम कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला में हुई। जिसमें जिला व नगर चन्दौसी की कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही शिवाजी महाराज को लेकर 20 जून को निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष पद का दायित्व कैलाश चंद्र को सौंपा गया। इसी क्रम में जिला महामंत्री पप्पू इंकलाब, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रवि वार्ष्णेय, जिला मंत्री विक्की कश्यप, आशीष तूफानी, मनोज राघव, मीडिया प्रभारी मुदित गर्ग, अनुराग गुप्ता को मनोनीत किया गया। जबकि नगर चन्दौसी के नगराध्यक्ष पद पर हेमंत वार्ष्णेय, महामंत्री डॉ. दिशांत, तुषार क्रिस्टल, कोषाध्यक्ष अमन अग्रवाल, अनुराग शर्मा, उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, डॉ. सिद्धार्थ सिंघल, शशिकांत शर्मा, सुदीप बंसल, नगर मंत्री पद पर आकाश वार्ष्णेय, अभिनव राज रस्तौगी, यश शर्मा, नितांशु मिश्रा, मीडिया प्रभारी विक्की रस्तौगी को मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शोभायात्रा सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम से आरंभ होकर, ब्रह्म बाजार में ब्रह्देव मंदिर के समीप छत्रपति शिवाजी के स्वरूप का राज्याभिषेक कर शोभायात्रा का समापन होगा। बैठक में विवेक नागपुर, कौशल किशोर, राजीव सक्सेना, अमित अग्रवाल, विकास सनातनी, हेमंत, अनूप, कुशल कुमारी आदि उपस्थित रहे।



सनातन सेवक संघ की बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

- जिला व नगर की कार्यकारिणी का किया गया गठन
- 20 जून को शिवाजी महाराज के स्वरूप की निकलेगी शोभायात्रा

# विकसित भारत का स्वप्न



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> 2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था।

विकसित भारत का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री मोदी का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद-370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असंभव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे, लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं, लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है।

मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, "भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।" बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन के नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की।

2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुलकर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है।

योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। स्वप्न सच हो रहा है। उन्होंने केदारनाथ मंदिर में 15 घंटे साधना की। वे हाल ही में कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे ध्यानरत रहे। वे भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं। इस प्राचीन देश की मूल चेतना को प्रतिनिधित्व देते हैं। वे बांग्लादेश की यात्रा में ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे। देवी की उपासना की। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर गए। पूजा और उपासना की। धर्म संस्कृति के प्रति सेकुलरों द्वारा बढ़ाया गया हीन भाव समाप्त हो रहा है। लोक में प्राचीन संस्कृति के प्रति आदर व आत्मविश्वास बढ़ा है।

10 साल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण ने सिद्ध कर दिया है कि धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिकता नहीं है। मंदिर जाना रूढ़िवादिता नहीं है। गंगा जैसी पवित्र नदियों को प्रणाम करना पिछड़ापन नहीं है। श्रीराम, श्रीकृष्ण और शिव की प्रत्यक्ष उपासना रूढ़िवादिता नहीं है। वातावरण बदल चुका है। भारत की जीवन शैली और सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान बढ़ा है। अब हिन्दू और हिन्दुत्व की उपेक्षा संभव नहीं है। सेकुलर राजनीति में सक्रिय वरिष्ठ महानुभाव भी हिन्दू प्रतीकों से जुड़ रहे हैं। हिन्दुत्व पर सबकी सर्वानुमति है।

मनभावन अमृत काल का अंतर्संगीत मोहक है। हिन्दू मान्यताएं सर्वमान्य हो रही हैं। भारतीय विचार के विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय हो चुकी है। कला, काव्य शिल्प के क्षेत्र में भी सांस्कृतिक जागरण का जादू है। भारत का वातावरण प्रेममय हो गया है। संस्कृति तत्व लोकमान्य हो चुके हैं। नई तरह का नवजागरण है। इस राष्ट्र जागरण में भारत की रीति की प्रतिष्ठा है। भारत की प्रीति का अभिनन्दन है। यह सब काम आसान नहीं था। पहले हिन्दू होना पीड़ादाई था। अब हिन्दू होना सौभाग्यशाली होना है। यह नामुमकिन था, लेकिन मोदी के कारण मुमकिन हो चुका है। समूचा विश्व भारत की लगातार बढ़ रही प्रतिष्ठा को ध्यान से देख रहा है। मोदी के पांच प्रण-'2047 तक विकसित भारत', 'गुलामी के अहसास से आजादी', 'विरासत पर गर्व', 'एकता व एकजुटता पर जोर' व 'नागरिकों का कर्तव्य'-भारत के प्रण संकल्प हैं। राष्ट्र इनसे प्रतिबद्ध है। तीसरे कार्यकाल में ढेर सारी संभावनाएं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में सामर्थ्य की बढ़ोतरी होगी। भारत की विश्व प्रतिष्ठा और बढ़ेगी।

# अयोध्या में चुनावी हार की अनर्गल व्याख्या अनुचित

> प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव के बाद ढेरों प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इन प्रतिक्रियाओं से सोशल मीडिया पटा हुआ है। प्रतिक्रियाएं तो चुनावों के बाद आती ही हैं, लेकिन स्वस्थ प्रतिक्रियाओं के लिए खुद की कमी की तलाश की जाती है। चूंकि सोशल साइट पर जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, वह व्यक्तिगत स्तर की हैं और किसी व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने से नहीं रोका जा सकता, लेकिन किसी को यह छूट भी नहीं दी जानी चाहिए जो विधिक तौर-तरीके की प्रतिक्रिया न हो। उत्तर प्रदेश में आशा के अनुरूप के अनुरूप परिणाम न आने पर व्यक्त की जा रही हैं, इनमें एनडीए जिसकी मुख्य लगाम भाजपा की है तो उसे चाहिए कि वह अपने समर्थकों को परिपत्र जारी कर मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के संबंध में व्यक्त की जा रही प्रतिक्रियाओं से विरत रहने के निर्देश दे तथा सोशल साइट से उसे हटाने के लिए निर्देशित करे।

पहली प्रतिक्रिया अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी की हार के एवज में कहा जा रहा है कि 'जिस तरह अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी हार गया, उसे देखते हुए तो समझ में अब रहा है कि क्यों भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों से ताले में बंद थे?' दूसरी प्रतिक्रिया यह है कि 'अयोध्या की जनता जब राजा से संतुष्ट नहीं थी तो भाजपा प्रत्याशी किस खेत की मूली हैं'?

इन दोनों प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी। जब उन्हें राजगद्दी की जगह वनवास के लिए कह दिया गया था तब अयोध्या की जनता श्रीराम के पक्ष में थी और वनवास सुनकर वहां की जनता ने अन्न-जल त्याग दिया था। अब सवाल उठता है कि भाजपा प्रत्याशी की हार के चलते पांच सौ साल ताले में बंद रहने को जस्टिफाइड करना उस पूरे राम आंदोलन पर ही प्रश्न उठाना है जिसके लिए कितनों ने धरना प्रदर्शन, जेल, मौत को गले लगा लिया था। साथ ही लंबी कानूनी कार्रवाई के बाद बड़े धूम-धड़ाके से मूर्ति स्थापित हुई और उस स्थापना दिवस को दीवाली पर्व की संज्ञा दी गई।

इसके साथ एक प्रतिक्रिया माता सीता के लिए है कि अयोध्या की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। इस संदर्भ में गहराई से देखा जाए तो एक रजक की पत्नी के कहने पर सीता को श्रीराम ने निर्वासित कर दिया था। इस प्रसंग को चुनाव से ही जोड़कर देखा जाए तो श्रीराम ने यहां यह संदेश दिया है कि शासक को त्याग भाव में रहना चाहिए। इसके लिए वह व्यक्ति या स्थिति न देखे।

यदि अयोध्या की जनता ने जीत के लायक वोट नहीं दिया तो यह भी प्रतिक्रिया होनी चाहिए कि किसी कार्य में गैरविधिक तरीका अपना लेने पर अयोध्या की जनता उसे मान्यता नहीं देती। तथ्यों को तोड़-मरोड़कर परिभाषित करना धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है। इसे स्वीकृति नहीं मिलनी चाहिए। आम जनता में किसी ऐतिहासिक आराध्य के लिए आस्था बनी है तो उसकी तुलना निहायत संकुचित तरीके से किया जाने लगेगा तो वेद-पुराण से लेकर अनगिनत धर्मग्रंथों का उपहास उड़ाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो सनातन संस्कृति के प्रतिकूल ही है।

# पलायन का दंश झेलते उत्तराखंड के गांव



दीपक नौगाई
शिक्षक, नैनीताल

> इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं।

उत्तराखंड राज्य को बने हुए 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन इस पहाड़ी राज्य में पलायन एक ऐसी समस्या है जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं खोजा गया है। भले ही पिछले कुछ सालों में सरकार ने गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ कदम अवश्य उठाए हैं, लेकिन बदली परिस्थितियों में लंबा रास्ता तय करना अभी बाकी है। वर्तमान की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने वीरान होते गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं, लेकिन फिलहाल उनका कोई असर होता नहीं दिख रहा है। बीते वर्षों तक उत्तराखंड के गांव से निरंतर हो रहे पलायन का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं था। लंबी प्रतीक्षा के बाद वर्ष 2018 में ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग (अब पलायन निवारण आयोग) अस्तित्व में आया।

गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन का सबसे अधिक असर अल्मोड़ा, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिलों में देखा गया है। उधमसिंह नगर और देहरादून के गांव से अन्य जिलों की अपेक्षा कम स्थाई पलायन हुआ है। पिछले दिनों इस मुझे अपने ससुराल पक्ष के गांव 'देवनौला' जो अल्मोड़ा जनपद में लमगड़ा कस्बे से छह किलोमीटर आगे स्थित है, वहां एक पूजा में जाने का अवसर मिला। हालांकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत गांव के पास तक सड़क पहुंच गई है, लेकिन इसके बावजूद यहां बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। गांव के अधिकांश घर खाली हो चुके हैं। विरान पड़े यह घर खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। कुछ घरों में तो तीन-चार सदस्य ही रह गए हैं तो कहीं केवल अकेली महिला ही घर में रहकर पहाड़ जैसी जिंदगी से जूझ रही है। उत्तराखंड के अधिकांश पहाड़ी गांव का यही सच है। गांव के युवा या तो फौज में हैं या फिर रोजगार की तलाश में हल्द्वानी, देहरादून, लखनऊ, दिल्ली आदि बड़े शहरों की ओर कूच कर गए हैं, जो गांव छोड़कर शहर को गया वह फिर शहर का ही होकर रह गया।

इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं। अवसर या तो किसी पूजा का होता है या शादी विवाह का। कुछ लोगों ने तो जैसे अपने गांव को भूला ही दिया है। वे सालों से अपने घरों को लौटे ही नहीं है। शहरों की ओर पलायन कर गए लोगों के इन खाली पड़े पुश्तैनी घरों की देखभाल गांव में रह गए उनके पड़ोसी या नाते रिश्तेदार ही करते हैं। पलायन हो भी क्यों न। गांव में अब न खेती-बाड़ी बची है और नहीं रोजगार के कोई साधन हैं। सरकार के विकास के पहिए शहरों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। अधिकांश गांव पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सीढ़ीदार खेतों की फसले मौसम पर ही निर्भर है, क्योंकि इनकी सिंचाई के लिए आने वाला पानी सूख चुका है। खेतों में अगर थोड़ी बहुत फसल या सब्जी होती भी है तो वह जंगली जानवरों की भेंट चढ़ जाती है। पहाड़ में भले ही नदी नीचे बहती हो, लेकिन नदी के ऊपर के गांव प्यासे हैं। इसीलिए उत्तराखंड में एक कहावत प्रसिद्ध है कि 'पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी' पहाड़ पर नहीं टिकता।

देवनौला में सत्तर वर्षीय जगदीश सनवाल बताते हैं कि उनके गांव में न कभी कोई प्रशासनिक अधिकारी आता है और न ही चुनाव के दौरान नेता वोट मांगने आते हैं। जब जिम्मेदार लोग गांव की ओर रुख करेंगे ही नहीं तो गांव का विकास कैसे होगा? यही नहीं गांव के मूल निवासी जो शहरों में जाकर बड़े पदों पर कार्यरत हैं, उन्होंने भी गांव के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा जबकि वह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। गांव में रोजगार के स्थाई साधन तो कुछ नहीं हैं, शिक्षा के हाल भी अच्छे नहीं हैं। विद्यालय है तो शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी है। किसी विद्यालय में एक शिक्षक है तो कई विद्यालय छात्र संख्या कम होने के कारण बंद हो चुके हैं। सरकार ने भले ही हर गांव में प्राइमरी स्कूल खोल दिए हैं, लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को कई किलोमीटर दूर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। गांव के निवासी कहते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में पलायन करना लोगों की मजबूरी है। रोजी-रोटी की तलाश में युवा शहरों की ओर रुख करते हैं और फिर उस शहर को ही हमेशा के लिए अपना स्थाई निवास बना लेते हैं। शहरों के बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलर गांव छोड़ चुके इन लोगों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीद कर वहां रिसोर्ट, भवन बनाकर बेच रहे हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है, जो लोगों को अपनी मूल जड़ों से अलग कर रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 से 2022 तक 3 लाख से अधिक लोग राज्य के विभिन्न हिस्सों से शहरों की ओर पलायन कर गए हैं। 2011 तक उत्तराखंड में 1034 निर्जन गांव थे और 2011 से 2018 तक इनकी संख्या में 734 की वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 से 2022 के मध्य 24 गांव वीरान हुए और राज्य में वीरान गांवों की संख्या 1792 तक पहुंच गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि टिहरी में नौ गांव, चंपावत में पांच, पौड़ी और पिथौरागढ़ में तीन-तीन और अल्मोड़ा तथा चमोली में दो-दो गांव ऐसे हैं जिनमें कोई आबादी नहीं है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देवभूमि कहलाए जाने वाले उत्तराखंड राज्य में घोस्ट विलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है । यह सही है कि इस बढ़ रहे पलायन को एकदम से नहीं थामा जा सकता है, लेकिन इसे रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम करने की आवश्यकता है। असल में गांव से पलायन करना लोगों की विवशता है। यदि गांव में मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य तथा रोजगार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए, तो कोई अपनी जड़ों को छोड़कर क्यों जाएगा। गांवों के विकास और वहां रोजगार- स्वरोजगार के दृष्टिगत एकीकृत कार्ययोजना का खाका तैयार किया जाना चाहिए। विकास की दीर्घकालिक योजनाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है और यह सभी योजनाएं गांव केंद्रित होनी चाहिए।

# राजनीतिक उक्तियां जो झूठी साबित हुईं



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजनीतिक गलियारों में कुछ उक्तियां और बड़े नेताओं के कथन/ वचन प्रचलित थे, वे इस बार के जनादेश और तत्परिणामी घटनाचक्र में गलत साबित हुए हैं। कहा जाता था कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। अब की बार यह सही नहीं निकला। इसकी दो सकरी और कंकरीली पगडंडियां निकली हैं, एक आंध्रप्रदेश से और दूसरी बिहार से चली। इन पर नंगे पैर चलना भी कठिन होगा। मजबूत जूता पहनना होगा। एक और उक्ति बहुत प्रचलित थी, 'जो राम को लाए हैं, राम उन्हें लाएंगे'। यह भी हास्यास्पद निकली। स्वयं राम की नगरी में ही गलत साबित हुई।

पूरे देश में भी रामजी ने तो उन्हें बहुमत नहीं दिया, दो वे नेता उन्हें ला रहे हैं जिनका राम से सीधा संबंध नहीं था। वे कथित सेकुलर हैं और हाल के रामोत्सव में दर्शन करने भी नहीं गए। चन्द्रबाबू नायडू 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाए थे, अब उन्हें मोदी में विश्वास हो गया यानी पहली उक्ति झूठी हो गई। थोड़ा पहले की अमित शाह की उक्ति थी कि 'अब नायडू के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यह भी झूठ निकला। दरवाजा खुला और लाल कॉरपेट भी बिछाई गई। नीतीश का कभी उद्घोष था कि मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। वे भी बहुत लचीले निकले। मोदी के पैर छुए और सत्ता का केक साझे में काटेंगे। प्राचीन नीतियों में एक श्लोक की एक पंक्ति याद आ रही है। "श्वासाना शरीराणां वाचानां महीपति"। यानी जैसे शरीर के लिए श्वास अपरिहार्य है, वैसे ही राजाओं के लिए वचन, किंतु आज के राजपुरुषों की कथनी क्या है और करनी क्या है, यह सामने है। तुलसीदास जी ने भी कहा है "प्राण जाय पर वचन न जाय"।

एक अन्य उक्ति बहु प्रचलित थी, 'मोदी है तो मुमकिन है'। अर्थात् मोदी असंभव को संभव बना सकते हैं, किंतु अबकी बार चुनाव में यह गलत सिद्ध हो गई। वे काम चलाऊ बहुमत भी नहीं दिला सके। मोदी का यह वाक्य बहुत प्रचारित था 'कांग्रेस मुक्त भारत'। यह भी अब दम तोड़ रहा है। कांग्रेस तो बढ़ रही है। कहीं 'मुक्त' की बजाय 'युक्त'(सत्तायुक्त) न हो जाए। अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव हेतु भी पीएम पद के लिए प्रोजेक्ट कर चुके हैं। इसे अभी झूठ या सच कहना जल्दी होगी, हालांकि ऐसा कहकर शाह खुद बहुत जल्दी किए हैं। पार्टी के गिरते ग्राफ के चलते क्या पता 2029 में इसकी जरूरत भी पड़ेगी या नहीं। फिलहाल इस समय तो यह उक्ति हवा हवाई ही कही जाएगी।

# एक अच्छी पहल



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वित्त मंत्रालय ने बैंकों से महिला उद्यमियों के लिए कुछ नई योजनाएं शुरू करने को कहा है। एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस(ईएएसई 7.0) रिफार्म एजेंडा के अंतर्गत यह योजनाएं लागू की जानी हैं। महिलाओं द्वारा विभिन्न उद्योगों में उत्साहजनक परिमाण दिए गए हैं, जो देश की तरक्की के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग 31.50 करोड़ महिलाओं ने इस चुनाव में वोट किया था। माना जा रहा है कि महिलाओं का बड़ी संख्या में वोट एनडीए को गया है जिसके कारण वित्त मंत्रालय महिला उद्यमियों के लिए बैंकों के माध्यम से लोन की नई योजनाएं लाने जा रहा है जिसके लिए बैंकों से लोन मेले लगाने का भी आवाहन किया गया है।

आगे चलकर बैंक कैंप लगाकर महिलाओं को वित्त पोषण में जानकारी और सहायता देंगे ताकि महिलाओं को नई-नई तकनीकी आधारित जानकारियां प्राप्त हो सके। बैंकों से अपेक्षा की गई है कि अपनी महिला ग्राहकों को सहयोग कर उनको वित्त पोषित किया जाए। महिला उद्यमियों में पर्याप्त संभावना को देखते हुए वित्त मंत्रालय की पहल से बैंक अपनी महिला ग्राहकों को किस स्तर तक वित्त पोषित कर सकेंगे यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। फिलहाल इसे एक अच्छी पहल तो माना जाना चाहिए।

# हंगामा है क्यों बरपा



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अट्ठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार भी बनने जा रही है। बावजूद इसके इस बार के परिणामों को लेकर जितना बहस मुबाहिसा चल रहा है, सामान्यतया इससे पहले नहीं देखा गया। ये कुछ-कुछ ऐसा है कि अपने फेल होने का दुःख कम हो, पर दोस्त फर्स्ट आ जाए तो इसका दुःख ज्यादा होता है। क्या इस हंगामे की वजह बीजेपी की सीटों में कमी आना है या इंडिया गठबंधन की अच्छी परफॉर्मेंस? या अयोध्या के चौंकाने वाले परिणाम? चौंकाने वाले इसलिए, क्योंकि बीजेपी ने राम मंदिर की जबरदस्त मार्केटिंग की थी। कई सौ करोड़ रुपए पानी की तरह बहाए।

मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए इतना प्रोपेगंडा हुआ कि एक बार को लगा कि जनता इस चकाचौंध के पार देखने में असमर्थ है, लेकिन ऐसा नहीं था। जनता जमीनी हकीकत साफ-साफ देख पाई। शायद अयोध्यावासियों को अपने घरों के बदले मंदिर तो चाहिए था, पर मंदिर के नाम पर विश्वस्तरीय मॉलनुमा कॉरिडोर नहीं। उत्तर प्रदेश को गोबर पट्टी कहकर मजाक उड़ाने वालों को प्रदेशवासियों ने यह बता दिया कि देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री देने वाले प्रदेश को लोकतंत्र के मायने मालूम हैं। इस चुनाव का जनादेश भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देता है। भले ही एनडीए को बहुमत मिला हो, लेकिन परिणामों से प्रतिपक्ष को संजीवनी भी मिली है। पिछले लोकसभा चुनावों ने जनता ने बीजेपी को सफलता के शिखर पर पहुंचाया था जिसने पार्टी को अहंकारी और अधिनायकवादी बना दिया।

दरसअल पिछले चुनाव में विपक्ष एकदम निचले स्तर पर था जिससे नीचे जाने की जगह नहीं थी और बीजेपी अपने शिखर पर थी जिससे ऊपर जाना संभव नहीं था। बीजेपी चार सौ पार का नारा देती रही और विपक्ष हर हाल में एकजुटता दिखाता रहा। बीजेपी को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। यहां राम मंदिर का जादू नहीं चला और न ही सांप्रदायिक विभाजन काम आया। लोग बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार को भूल नहीं पाए। नड्डा के बयानों ने रही सही कसर पूरी कर दी। उनका ये कहना कि पार्टी को आरएसएस की जरूरत नहीं और बिहार में उन्होंने कहा कि छोटे और क्षेत्रीय दलों का कोई भविष्य नहीं है, एनडीए में शामिल छोटे दलों को बीजेपी से दूर करने में सहायक हुए। बहरहाल नतीजा हमारे सामने है एक लंगड़ी सरकार दो बैसाखियों पर चलकर सरकार कैसी चलाएगी इसका अनुमान लगाना बहुत आसान है।

# दुनिया को समझने की कोशिश



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

प्रश्न यह है कि शिक्षा के माध्यम से क्या हम दुनिया को जान सकते हैं? शिक्षा विविध भाषाओं से हमारी जान-पहचान कराती है, जानकारियों का पुलिंदा हमारे सामने पेश करती है, हमें जोड़-घटाना, गुणा-भाग करना सिखाती है, ज्ञान-विज्ञान से जोड़ती है। समझदारी विकसित करती है और आपसी प्रतिस्पर्धा का भाव रोपती है। सफल होने पर खुश होना सिखाती है और असफल होने पर पुनः प्रयास करने की उत्तेजना पैदा करती है।

चूंकि आदि काल से वर्तमान तक पढ़ाई सामूहिक क्रिया रही है। इसलिए यह हमें समाज के विभिन्न समूहों से जोड़ती है और दूसरों के साथ तालमेल करके जीना सिखाती है। दुनिया के साथ चलना और सहयोग करना और विपरीत विचारों का सम्मान करना सिखाती है, तो क्या दुनिया को अनुभव से जाना जा सकता है? अनुभव हमारे जीवन में हुई घटनाओं की स्मृतियां हैं। किसी एक क्रिया की प्रतिक्रिया अनेक ढंग से हो सकती है। हम किसी को देखकर मुस्कुराएं तो उत्तर में मुस्कराहट वापस आ सकती है, 'कोई जवाब नहीं' वापस आ सकता है, उपेक्षा वापस आ सकती है या नाराजगी भी। इस स्थिति में मुस्कुराने की प्रतिक्रिया में भी भ्रम की स्थिति है। इसलिए मुस्कराहट का उपयोग सोच-समझकर किया जाता है। जब मुस्कराहट जैसा मधुर व्यवहार अलग-अलग ढंग परिणाम देता है तो दुनिया को कैसे जाना जाए? यह समस्या केवल अहमद जैसे विद्यार्थी की ही नहीं है, प्रत्येक जिज्ञासु की है, जो शिक्षा से जुड़कर दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है तो क्या शिक्षा हमें दुनियादारी नहीं सिखाती?

सिखाती है, दुनियादारी सिखाती है, लेकिन दुनिया के रहस्य नहीं बताती, बल्कि उन रहस्यों को जानने की राह बताती है, लेकिन रास्ता इतना लंबा है कि मंजिल नजर ही नहीं आती। बस, चलते रहो, चलते रहो। अहमद ने तय किया कि वह भी पढ़ाई में मन लगाएगा। प्रभुदत्त और अहमद मिलजुल कर बातें करते और पढ़ते भी। समय बीतता गया और वे दोनों चौथी कक्षा पास हो गए। आगे की पढ़ाई झंग में संभव नहीं थी इसलिए प्रभुदत्त का झंग से पांच मील दूर मिघियाना के स्कूल में दाखिला करवा दिया गया, लेकिन अहमद झंग में ही रह गया, क्योंकि उसके अब्बा उसे झंग से बाहर जाकर पढ़ने के खिलाफ थे। अहमद ने अपनी तरफ से बहुत कोशिश की, अम्मी से कहलवाया, लेकिन बात नहीं बनी और उसकी पढ़ाई झंग के स्कूल की चारदीवारी में कैद होकर रह गई। जिस दिन प्रभु झंग से जा रहा था, वह दिन दोनों दोस्तों के लिए बहुत भारी पड़ा। अहमद रो रहा था कि वह झंग से निकल नहीं पाया और प्रभु रो रहा था कि वह झंग से निकलकर अपने जिगरी दोस्त से बहुत दूर जा रहा था। क्या पता फिर मुलाकात हो, न हो!

## आपका पत्र

# लोकतंत्र की मजबूती

बड़े आश्चर्य की बात है कि एक सामान्य मतदाता के रूप में यदि कोई भी भारतीय नागरिक जेल में बंद होता है तो वह वोट डालने का अधिकारी नहीं है, वहीं दूसरी ओर जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़ सकता है। यह बहुत बड़ी विडंबना है इसको खत्म किए जाने की आवश्यकता है। जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़े और जीत जाए, अपराधी लोग संसद में आकर कानून बनाने और बिगड़ने का काम करें। यह अपने आप में किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता। देखने में आ रहा है कि इस प्रकार के विधायकों और सांसदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारे संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर एवं उनकी टीम ने कभी नहीं सोचा होगा कि इस प्रकार के अपराधी लोग भी निर्वाचित होकर संसद में सदस्य बन सकते हैं। इसीलिए जरूरी है कि उचित संशोधन करके इस प्रकार के जेल में बंद अपराधियों के सांसद बनने पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस प्रकार बार-बार के चुनाव से बचने/ सरकारी मशीनरी और पैसे के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह भी जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति केवल एक जगह से चुनाव लड़े। जब एक भारतीय मतदाता एक ही वोट डालने का अधिकारी है तो इस मतदाता को उम्मीदवार के रूप में दो जगह से चुनाव लड़ने पर भी रोक लगनी चाहिए, क्योंकि प्रायः यदि वह व्यक्ति दो जगह से चुनाव जीत जाता है तो एक जगह से उसे इस्तीफा देना होता है, ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र में पुनः मतदान करवाया जाता है जिससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी होती है। अतः जरूरी है संविधान में संशोधन किया जाए और अपराधी चरित्र के लोग न तो चुनाव लड़ पाए और न ही कोई भारतीय नागरिक केवल एक जगह से चुनाव लड़े तो इससे हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

**- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी**, बड़ा बाजार नैनीताल

## एक नजर

### घर में घुसे युवक को पकड़ा, तहरीर दी

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम लदावली निवासी बृमेश कुमार पुत्र अमर सिंह के घर में शुक्रवार रात डेढ़ बजे गांव का ही एक व्यक्ति चोरी के उद्देश्य से घुस गया। घर में रखे संदूक को खोलने पर हुई आहट से मकान स्वामी एवं परिजन जाग गए। उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया। शनिवार सुबह आरोपी को लेकर मकान स्वामी अपने परिजनों सहित थाने के समीप पहुंचे तो आरोपी के भाई ने गाली गलौज एवं मारपीट कर धमकाते हुए कहा कि यदि रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार देंगे। इस संबंध में वीडियो भी वायरल हो रही है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### ग्राम मघपुरी व फूलपुर के बीच में सड़क क्षतिग्रस्त

**छजलैट, अमृत विचार :** कांठ-मुरादाबाद हाईवे पर थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम मघपुरी व ग्राम फूलपुर के बीच काफी समय से सड़क क्षतिग्रस्त है। इससे यहां कई वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और कई यात्री चोटिल हो गए हैं। कई बाइक सवार गड्ढे में गिरकर घायल हो चुके हैं। ग्राम बीबीपुर निवासी वाहिद हुसैन ने बताया कि वह शुक्रवार को शाम कांठ से अगवानपुर की तरफ जा रहे थे। तभी मघपुरी से आगे भट्ठे के पास सड़क में गड्ढे में उसकी बाइक गिर गई। जिससे उसे काफी चोटें आईं। क्षेत्र के नागरिकों ने सड़क को गड्ढा मुक्त करने की मांग की है।

### बरेली के दंपति की बाइक खाई में गिरी, दोनों घायल

**नैनीताल, अमृत विचार :** बरेली से नैनीताल घूमने आये पर्यटक दंपति की बाइक बल्दियाखान क्षेत्र में खाई में गिर गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने घायल अवस्था में दंपति को उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। जानकारी देते हुए बीडी पांडे अस्पताल की डॉ. कोमल जोशी ने बताया कि लोग घायल अवस्था में पर्यटक दंपति अनश खान और कशिश को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### जंगल में मिला वृद्ध का शव

**लालकुआं, अमृत विचार :** कोतवाली लालकुआं के पास आरक्षित वन क्षेत्र टांडा रेंज में एक अज्ञात शव मिला। जिसकी शिनाख्त बहादुर सिंह दसौनी संजय नगर बिन्दुखत्ता के रूप में हुई। वन विभाग के गश्ती दल को कोतवाली से तीन सौ मीटर दूरी पर स्थित टाटा रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र डोर्बी फील्ड के पास शव मिला था।

# कांठ में एक व छजलैट में दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

## दोनों थानों में दर्ज हुईं पांच-पांच शिकायतें, क्षेत्राधिकारी ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में थाना कांठ और थाना छजलैट में कुल 10 शिकायतें दर्ज की गईं। जिसमें से कांठ में एक व छजलैट में दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समय से होना चाहिए।

आचार संहिता हटने के पश्चात थाना समाधान दिवस पुनः प्रारंभ हुआ है। कांठ थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पांच शिकायतकर्ताओं ने शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें से एक का मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर टीम भेज दी गई हैं। थाना छजलैट में पांच शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता ने बताया कि शेष शिकायतों के प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो भी शिकायतें थाना समाधान दिवस में आती हैं। उनका पारदर्शिता के साथ तत्काल निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरियादी उम्मीद लेकर शिकायतें लेकर आते हैं। जिनका पारदर्शिता के साथ निस्तारण होना चाहिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता, तहसीलदार आनंद कुमार नायक, थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार, लेखपाल, थाना छजलैट प्रभारी अर्जुन त्यागी, नायब तहसीलदार कानून गो, संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी रहे।



कांठ में लोगों की समस्याएं सुनते क्षेत्राधिकारी। ● अमृत विचार



बिलारी में शिकायत सुनते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### मौके पर भेजी टीम

**बिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को थाना समाधान दिवस में तहसीलदार कमलेश कुमार ने समस्याएं सुनीं। कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम का गठन किया। राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक लेखपाल आदि भी मौके पर मौजूद रहे। सिहाली लद्दा का मामला आने के बाद टीम को मौके पर रवाना किया गया। आचार संहिता के बाद थाना समाधान दिवस लगा, लिहाजा लोगों में जागरूकता की कमी थी। जिसके चलते फरियादी कम आए। शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम का गठन किया गया और मौके पर टीम भेजी गई।

### थाना दिवस में चार शिकायतें दर्ज, मौके पर किसी का नहीं हुआ निस्तारण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शनिवार को कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें चार फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। शनिवार को थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र के गांव भैयावाला निवासी तारा देवी पत्नी महेंद्र सिंह ने पत्र देकर कहा कि उसने सिंचाई के लिए ब्लॉक द्वारा नलकूप का कनेक्शन कराया है। जिसकी समस्त प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी हैं और खंड विकास अधिकारी द्वारा बोरिंग प्रमाण पत्र भी जारी किया जा चुका है। नलकूप के लिए अन्य सामान भी मंगवाकर रख लिया है। लेकिन उसका पड़ोसी सोमपाल सिंह पुत्र ठाकुर सिंह लाइन नहीं खींचते दे रहा। महिला ने पुलिस सुरक्षा की मांग करते हुए विद्युत लाइन खिंचवाने की मांग की है। कालाझंडा निवासी मुबारक हुसैन ने कहा कि उसकी और भाइयों की खेती की भूमि सड़क के किनारे है। उसने गांव के पड़ोसी पुष्पेंद्र कुमार पुत्र सतपाल से वर्ष 2016 में ढाई लाख रुपये भूमि को गिरवी रखकर लिए थे। पुष्पेंद्र ने धोखाधड़ी कर उससे इकरार नामा बनवा लिया। अब वह उसकी जमीन को हड़पने की कोशिश कर रहा है। जबकि रकम वह अदा कर चुका है। इसका निस्तारण कराने की मांग की। जबकि मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना दिवस में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चार शिकायतों के निस्तारण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। थाना दिवस में नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, नायाब तहसीलदार सुनील कुमार, कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, एसएसआइ बृजेन्द्र सिंह सहित अन्य राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से महिला ने मांगे 10 लाख रुपये

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एक सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी को एक महिला ब्लैकमेल कर रही है। वह अधिकारी को अपनी बेटी का बाप बता रही है और 10 लाख रुपये की मांग कर रही है। पैसा न देने पर वह बदनाम करने की धमकी दे रही है। आरोप है कि मामले में मुखानी पुलिस और एसएसपी से शिकायत के बावजूद उनकी शिकायत पर सुनवाई नहीं की गई।

प्रेमपुर लोश्ज्ञानी मुखानी निवासी पूर्व बैंक अधिकारी ने सुनवाई न होने पर न्यायालय से गुहार लगाई। तब मुकदमा दर्ज हुआ। उनके मुताबिक अल्मोड़ा में उनके पड़ोस में रेडियो इंस्पेक्टर का परिवार रहता था। रेडियो इंस्पेक्टर के निधन के बाद उनकी बेटी ने अलग-अलग समय पर उधार लिया। कुछ साल से महिला ने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि महिला अपनी बेटी को उनकी बेटी बताकर 10 लाख रुपये की मांग कर रही है और पैसे न देने पर बदनाम करने की धमकी दे रही है। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# एसएसपी ने थाने में समस्याएं सुनीं रजिस्टरों की जांच कर दिए निर्देश

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** समाधान दिवस को लेकर एसएसपी एवं एसडीएम सदर थाने पहुंचे। थाने पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुना। आए हुए प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई करते हुए सभी का तुरंत निस्तारण कराया।

आचार संहिता के चलते हुए तीन माह से समाधान दिवस नहीं कराया जा रहा था। चुनाव नतीजे आने के तुरंत बाद ही अधिकारियों ने समाधान दिवस के लिए सभी को बोल दिया। उसी को लेकर थाने में एसएसपी हेमराज मीना एवं एसडीएम सदर विनय पांडे समाधान दिवस में पहुंचे। जन शिकायतों का निस्तारण कराया। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि समाधान दिवस पर तीन प्रार्थना पत्र आए थे। जिनका निस्तारण कर दिया गया है। उसी के साथ-साथ थाने का निरीक्षण भी किया गया। जिसमें थाने पर साफ सफाई एवं रजिस्टरों को देखकर लगा कि यहां पर कुछ काम होता है और सब कुछ ठीक-ठाक मिला। इसी को लेकर एसएसपी ने साफ-सफाई एवं रखरखाव पर थाने की तारीफ की। समाधान दिवस पर लेखपाल भी मौजूद रहे।



फरियादियों की समस्याएं सुनते एसएसपी हेमराज मीना। ● अमृत विचार

- **समाधान दिवस पर एसएसपी एवं एसडीएम सदर पहुंचे थाने**

### महिला से जेठ ने किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में जेठ के महिला से दुष्कर्म की घटना सामने आई है। चार वर्ष पहले पीड़िता की शादी क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुई थी।

आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद जेठ नशे के दवाएं खिला पति के साथ दुष्कर्म करने लगा। जिसका विरोध करने पर दोनों भाई मारपीट करते थे। पीड़िता ने डीआईजी के समक्ष पेश होकर लिखित प्रार्थना पत्र में बताया है कि पति ने भाभी से संबंध बना लिए और जेठ ने मुझसे दुष्कर्म किया। इसी दौरान महिला गर्भवती हुई तो गर्भपात करा दिया। आरोप है कि जब वह कमरे में सो रही थी। तभी पति ने हाथ पकड़े, जेठानी ने मुंह में कपड़ा ठूसा और जेठ ने दुष्कर्म किया। पीड़िता शिकायत लेकर थाना पहुंची। जहां सुनवाई नहीं होने पर डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई। डीआईजी ने थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी है।

# महिला संबंधी मामलों में तत्काल हो कार्रवाई

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक देहात ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विवेचना और शिकायतों के निस्तारण आदि की जानकारी ली। एसपी ग्रामीण ने साफ सफाई की जांच कर निर्देश दिए।

शनिवार को एसपी देहात संदीप कुमार मीणा कोतवाली के वार्षिक निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस बीच निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय के अलावा परिसर का निरीक्षण किया, भोजनालय, बैरक, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, अभिलेखों के रखरखाव विवेचनाओं के निस्तारण की स्थिति को भी चेक किया। वहीं थाने में साफ सफाई को भी चेक किया।

उन्होंने विवेचनाओं के निस्तारण को लेकर सभी दरोगाओं को आवश्यक निर्देश दिए गए। कहा कि महिला अपराध से संबंधित मामलों में तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके साथ ही लंबित विवेचनाओं के निस्तारण की स्थिति को दिखा, अपराधिक रजिस्टर की स्थिति को देखते हुए वारंटियों को गिरफ्तार करने के भी निर्देश दिए। साफ सफाई से वह संतुष्ट नजर आए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह, अपराध निरीक्षक राजेश कुमार के अलावा सभी हल्के के दरोगा व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



कोतवाली का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीणा।

**निरीक्षण**

- **एसपी देहात ने कोतवाली का निरीक्षण कर दिए निर्देश**
- **समय पर विवेचनाओं को पूरा करने को कहा**



बैंक शाखा में जांच पड़ताल करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

# पुलिस ने बैंक शाखाओं और एटीएम की सुरक्षा जांची

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिगत सभी बैंक शाखाओं, एटीएम व बैंकों के बाहर खड़े वाहनों की जांच की। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की।

कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह के निर्देश पर उपनिरीक्षक स्वाति चौधरी ने पुलिस कर्मियों के साथ शनिवार को नगर की बैंक शाखाओं व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान बैंकों के आसपास खडे. वाहनों को भी चेक किया गया व आसपास खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गई। जांच के दौरान बैंक के सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चेकिंग अभियान में कांस्टेबल रजत कुमाल, महिला कांस्टेबल ज्योति सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# गर्मी के चलते जनजीवन अस्तव्यस्त

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। गर्मी के कारण न दिन में राहत मिल रही है और न ही रात को नींद पूरी हो रही है। शनिवार को सूरज की तपिश के साथ-साथ लू के थपेड़ों ने सड़क पर चलना दुश्वार कर दिया। धूप से बचने के लिए घर से बाहर निकले लोग पेड़ों की छाया की तलाशते रहे।

शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में लू से त्वचा जैसे झुलस रही थी। गर्मी से लोग दिनभर पसीने में तरबतर रहे। वहीं, पशुओं का भी बुरा हाल है। पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध न होने के कारण पशु भी परेशान हैं। वहीं, गर्मी के चलते खेतों में चारे की फसल सूख रही है। दुधारु पशुओं का दूध भी कम हो गया है। किसान पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए कूलर व पंखे का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन विद्युत आपूर्ति न होने के कारण कूलर और पंखे भी बेकार साबित हो रहे हैं। शनिवार को भी भीषण गर्मी से लोग सवेरे से ही बेचैन रहे। दोपहर में सूरज की तपिश और लू से लोग व्याकुल दिखाई दिए। शिकंजी, नारियल पानी व अन्य शीतल पेय की दुकानों पर लोगों ने प्यास बुझाई। मौसम वैज्ञानिक लगातार अलर्ट जारी करते हुए सलाह दे रहे हैं कि दोपहर में लू से बचने की जरूरत है। दोपहर में घरों से जरूरी काम से ही बाहर निकलें।



ठाकुरद्वारा में गर्मी में कपड़े से चेहरे ढककर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

**मौसम**

- **शनिवार को 41 डिग्री रहा अधिकतम तापमान**
- **गर्मी में सूख रही फसलें, दूध का उत्पादन भी हुआ कम**

### रंजिश को लेकर मारपीट में महिला समेत तीन घायल

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव काकड़खेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि गांव निवासी मुस्तफा और उनका बेटा मोईन गांव के रास्ते से जा रहे थे। तभी रंजिश को लेकर गांव निवासी सलमान, रियाज, मुजाहिद, मुशाहिद उन्हें घेर कर गालियां देने लगे और विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटने लगे। बचाने आई महिला को भी मारपीट कर घायल कर दिया। आवाज सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों को बचाया। झगड़े में महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करा मामला दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप



विवादित जमीन पर पड़ी मिट्टी। ● अमृत विचार

### शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर की शिकायत

**कुंदरकी , अमृत विचार :** शनिवार को थाना समाधान दिवस में हाईवे से सटी शत्रु संपत्ति में दर्ज जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर शिकायती पत्र दिया गया। पता चला है कि किसान इंटर कॉलेज के सामने खाली जमीन पड़ी थी। जिस पर कुछ लोगों द्वारा मिट्टी डलवाई जा रही थी। नगर निवासी सरफराज पुत्र नवाब निवासी सादात पश्चिम द्वारा थाना समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 69 सैयद जहूर पट्टी कुंदरकी में कुछ लोग मिट्टी डलवाकर अवैध कब्जा कर रहे हैं। जिस पर नायब तहसीलदार ने तत्काल टीम भेज कर मौका मुआयना कराया। कानून गो सैयद मोहम्मद अहमद ने बताया कि टीम भेजकर जांच पड़ताल की गई है। जांच की आख्या आनी है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी उपरोक्त जमीन पर कब्जा करने नहीं दिया जाएगा।



शर्बत का वितरण करते सिख समाज के लोग एवं अन्य। ● अमृत विचार

### गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर बांटा शर्बत

**कांठ, अमृत विचार :** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर गर्मी से राहत दिलाने के लिए चार जून से शर्बत बांटा जा रहा है। मुख्य बाजार में निर्मल कलेक्शन के सरदार हरजीत सिंह ने सिखों के पांचवे गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर चार जून से शर्बत बंटवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 11 जून तक उनकी स्मृति में शर्बत वितरण जारी रहेगा। सरदार रविंद्र सिंह सेठ ने कहा कि उनका समर्पण सिख समाज कभी भुला नहीं पाएगा। इस मौके पर हिमांशु विश्नोई, बंटी, अमित, सोनू, शरदमणि गुप्ता, सरदार लवली मौजूद रहे।

### मारपीट व गालीगलौज में चार पर मामला दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** रंजिश को लेकर मारपीट पर गाली गलौज करने पर चार व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। मोहल्ला घोसीपुरा निवासी प्रदीप पुत्र नन्हे ने थाने में तहरीर देकर बताया कि तीन जून को शाम नौ बजे कृष्ण कुमार, अमन पुत्र भगत सिंह व गौरव, कपिल पुत्र हेमी सिंह ने उसे गाली गलौज की व लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर चार व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गंदे पानी की आपूर्ति से लोग परेशान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर पालिका की लापरवाही व उदासीनता के कारण शनिवार को नगर में कई जगहों पर गंदे पानी की आपूर्ति हुई। इस पर स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने पालिका के अधिकारियों से शिकायत की।

शनिवार को मुंसिफ कोर्ट रोड पर दोपहर एक बजे नगर पालिका द्वारा पानी की आपूर्ति की गई। लेकिन टंकियों से गंदे पानी की आपूर्ति हुई। यह देख दुकानदार और आसपास के लोग दंग रह गए। बताते चलें कि इस समय पालिका द्वारा रात्रि आठ बजे और दोपहर 1 बजे के पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन पालिका द्वारा गंदे पानी की आपूर्ति से लोग नाराज हो गए और शिकायत की। इसके बाद शाम तक स्वच्छ पानी की आपूर्ति न होने से तहसील परिसर, मुंसिफ कोर्ट के साथ-साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ा। इससे पहले मोहल्ला जमुनावाला, नागलिया रोड, बड़ा बाजार, मोहल्ला ताली में भी कई दिनों तक घरों में गंदे पानी की आपूर्ति हुई थी। क्षेत्र के दुकानदारों और लोगों ने इसकी शिकायत नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से की। जिस पर उन्होंने सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि तत्काल पाइप लाइनों की चेकिंग कराकर नगर वासियों को स्वच्छ जल की आपूर्ति की जाए।



मुंसिफ कोर्ट रोड पर गंदा पानी दिखाते दुकानदार। ● अमृत विचार

### शरीफनगर के युवक का सऊदी अरब में निधन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सऊदी अरब में नौकरी करने गए डीजल मैकेनिक की बीमारी के चलते मौत हो गई।

शरीफनगर निवासी शब्बीर उर्फ कलवा का पुत्र मोहम्मद अरशद करीब एक साल पहले डीजल मैकेनिक की नौकरी करने सऊदी अरब गया था। जहां वह बीमार हो गया। उसका वहीं पर उपचार चल रहा था। घर पर पत्नी और तीन बच्चे हैं। शुक्रवार रात करीब दो बजे परिवार को मोबाइल के माध्यम से सूचना मिली कि मोहम्मद अरशद का इंतकाल हो गया है। उसकी मौत की खबर पर परिवार में कोहराम मच गया। उसकी पत्नी, बच्चों के साथ माता-पिता समेत परिवार का बुरा हाल है। गांव के लोगों ने मोहम्मद अरशद के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

# घर जा रहे व्यापारियों से मारपीट कर 35 हजार लूटे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** देर रात दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे दो भाइयों से अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर 35 हजार रुपये छीन लिए। किसी तरह दोनों भाइयों ने हमलावरों से अपनी जान बचाई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात सहित पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव माधोवाला निवासी दो भाई अंकुर चौहान व अमित चौहान पुत्र यशपाल सिंह एसडीएम कोर्ट रोड पर कंप्यूटर पार्ट्स की दुकान करते हैं। शुक्रवार रात दोनों अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवारों ने भमालपुरा बाग के निकट लाठी-डंडों से चलती बाइक पर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। कमलापुरी गांव के पास आरोपियों ने दोनों भाईयों को घेरकर उनके साथ मारपीट की और 35 हजार रुपये की नगदी व जरूरी कागजात छीन लिए। पीड़ितों के शोर मचाने पर गांव के लोगों ने बदमाशों को ललकारा और उनका पीछा किया। लेकिन तब तक वह काफी दूर जा चुके थे। इस हमले में अंकुर घायल हो गया। देर रात नगर के व्यापारी व पीड़ित कोतवाली पहुंचे। लूट की घटना को लेकर व्यापारियों ने नाराजगी जताई। अंकुर की तहरीर पर पुलिस ने तेजवीर, नीरज कुमार, रमेश सिंह निवासी पिपली उमरपुर थाना डिलारी, सुमित कुमार पुत्र यशपाल सिंह व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

# टहनियों के सहारे बिछा दी मौत की लाइन, बुजुर्ग की जान गई

## पेड़ की तीन डालों पर इंसुलेटर बांधकर दौड़ा दी 11 हजार की लाइन

लखीमपुर खीरी कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले के बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बुजुर्ग की जान चली गई। लापरवाही तो देखिए, एक सूखे पेड़ की टहनियों पर इंसुलेटर बांधकर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन दौड़ा दी गई। शुक्रवार को इंसुलेटर पर बंधा तार नीचे आ गया, जिसकी चपेट में आने से बुजुर्ग की जान चली गई।

शनिवार को सोशल मीडिया पर सूखे पेड़ की टहनियों में बंधे तार की फोटो वायरल हुई तो बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ गई। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारी संविदाकर्मियों की लापरवाही बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। साथ ही पेड़ से तारों को हटा लिया है। यह भी कहा कि मृतक को शासन से मुआवजा दिया जाएगा। मामला लखीमपुर खीरी जनपद के मितौली बिजली सब स्टेशन अंतर्गत गांव डहर का है। बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने एक सूखे पेड़ की तीन डालों पर इंसुलेटर बांधकर 11 हजार वोल्ट की लाइन दौड़ा दी। शुक्रवार की तड़के आई आंधी के कारण इंसुलेटर बंधी लाइन नीचे आ गई। सुबह डहर गांव के मजरा बहोरी पुरवा निवासी 60 साल के रामपाल भार्गव खेत में घास काटने गए थे तो वह इस लाइन की चपेट में आ गए। गांव वालों के साथ परिजनों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की।


सूखे पेड़ की टहनियों पर बंधे इंसुलेटर और हाईटेंशन लाइन।

### अधीक्षण अभियंता गंभीर, अधिशासी अभियंता करेंगे जांच

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रथम राम शबद मामले को लेकर गंभीर हैं। उनका कहना है कि यह सब संविदा कर्मियों की लापरवाही से हुआ है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों आए तूफान के कारण बिजली पोल गिर गया था, जिसके कारण आनन-फानन लाइन बिछा दी गई थी, लेकिन यह जेई स्तर की बड़ी लापरवाही है। मामले की जांच अधिशासी अभियंता ग्रामीण अमित कुमार को सौंप दी गई है। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# खेत की रखवाली कर रहे किसान की पीट-पीटकर हत्या

**लखीमपुर/ढखेरवा, अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र के गांव चंदैयापुर निवासी एक किसान को उधार नमकीन न देने की कीमत जान देकर गंवानी पड़ी। दो आरोपियों ने शुक्रवार की रात खेत की रखवाली कर रहे किसान की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। इस पर भी गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसके पैर पकड़कर खेत में कुछ दूर तक घसीटा और फिर उसे छोड़कर भाग निकले। दोनों आरोपी शातिर अपराधी बताए जाते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। गांव चंदैयापुर निवासी धीरज वर्मा ने बताया कि उनके पिता हरिनाम वर्मा (58) ने घर पर परचून की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार को उसके पिता परचून की दुकान पर बैठे थे। इसी बीच पड़ोसी गांव कंडौहा निवासी अमन यादव उर्फ मंगू और नंद किशोर यादव उर्फ गड्डे आ गए। दोनों ने शराब पी रखी थी। दोनों आरोपी उधार लेने की बात कहते हुए दुकान पर टंगे नमकीन के पैकेट तोड़ने लगे, जिसका पिता ने विरोध किया। इस पर आरोपी भड़क गए।

# मौलाना की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता, प्रतापगढ़

- मृतक के बेटे की तहरीर पर दंपती,उनके दो बेटे समेत पांच लोगों के रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में धारदार हथियार से सोनपुर गांव के मौलाना फारूक अहमद(65) की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव किया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके उग्र भीड़ को खदेड़ा। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने गांव के दंपती, उनके दो बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है।


मौलाना फारूक।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज प्रेम गौतम घटना स्थल पहुंचे। डीएम संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल, एएसपी पश्चिमी संजय राय आदि ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से बात कर पूरे मामले को शांत कराया। पुलिस के अनुसार जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव के मौलाना फारूक अहमद (65) सोनपुर मदरसा के संस्थापक और कादीपुर मदरसा के संचालक के साथ-साथ जमीयत उलमा हिंद-प्रतापगढ़ के महासचिव थे। कादीपुर गांव में फारूक ने चंद्रमणि तिवारी को जमीन खरीदने के लिए पैसे दिए थे। तिवारी ने वह प्लॉट किसी और को बेच दिया। शनिवार सुबह जब फारूक सोनपुर गांव में तिवारी के घर गया तो उस पर हमला कर दिया गया और उसके सिर पर लोहे की रॉड, फावड़ा व कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई।

### फूटा लोगों का गुस्सा बोले- कहां है बाबा का बुलडोजर

सोनपुर गांव में मौलाना फारूक की हत्या के बाद शव को सड़क पर रखकर धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाने में डीएम और एसपी को पसीने छूट गए। मौके पर ग्रामीणों को समझाने पहुंचे डीएम और एसपी से आक्रोशित परिजनों ने कहा कि योगी बाबा का बुलडोजर अब कहां है। जब तक आरोपियों के घर को बुलडोजर से नहीं ढहाया जाता तब तब वह शव को पुलिस को छूने नहीं देंगे। काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। परिजन और ग्रामीण आरोपियों के घर को ढहाने की मांग पर अड़े रहे।

### डीएम और एसपी के आश्वासन पर माने परिजन

50 लाख रुपए मुआवजा, एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, शस्त्र लाइसेंस और तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी पर की मांग पूरी करने के डीएम संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल के आश्वासन पर परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने पर तैयार हुए। शासन स्तर से भी सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### परिवार को न्याय मिलना चाहिए : सांसद

मौलाना फारूक की हत्या पर नवनिर्वाचित सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने दु:ख व्यक्त किया। डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल से फोन पर बात की। कहा कि मृतक के परिवार के साथ हमारी संवेदना है। उनके परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

# 30 तक सभी लाभार्थियों के खाते में पहुंच पेंशन: योगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन व कुष्ठावस्था पेंशन की राशि 30 जून तक पात्र लोगों के बैंक खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में हर पात्र व्यक्ति को इन पेंशन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए अभियान चलाकर नए लाभार्थियों को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को लोक भवन में पेंशन योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 55.68 लाख वृद्धजनों, 33.54 लाख निराश्रित महिलाओं व 10.40 लाख दिव्यांगजन को हर माह एक हजार की धनराशि पेंशन के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। इसी प्रकार, 11,551 कुष्ठ पीड़ितों को हर मह तीन हजार की पेंशन उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को वर्तमान में पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे लोगों का नियमानुसार वार्षिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया।

# रांची से इटावा सफारी में आए चार भालू

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार:** इटावा सफारी पार्क की भालू सफारी में काफी दिनों से अकेले रह रहे नर भालू कालिया को अब मादा भालू ललिता का साथ मिला है। इसके बाद चार और भालू आ जाने से अब सफारी में भालुओं की संख्या 6 हो गई है।

सफारी में पिछले कई महीनों से कालिया नर भालू अकेले रह रहा था लेकिन 4 जून को ललितपुर से ललिता नामक मादा भालू के आने से भालुओं की संख्या 2 हो गई है। इटावा सफारी पार्क के डायरेक्टर की ओर से भालू लाने के लिए 5-6 माह में किए गए पत्राचार का असर दिखा और 4 जून को एक भालू आने के बाद 7 जून की देर रात वन्यजीव प्रभाग रांची से 4 भालूओं को इटावा सफारी पार्क में लाया गया। सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि इन भालुओं को प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव के निर्देश पर पहले आगरा भालू संरक्षण केंद्र में 6 जून को लाया गया था। जहां इनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी भालू स्वस्थ पाए गए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव की अनुमति के बाद 7 जून को इन भालुओं को इटावा सफारी पार्क में लाया गया।


पिंजड़े में बंद भालू।

# अयोध्या के लोगों के खिलाफ अपशब्द कहने वालों पर कार्रवाई हो

**अयोध्या, एजेंसी :** अयोध्या से समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक एवं राज्य सरकार के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय उर्फ पवन पांडेय ने लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार के बाद अयोध्या के लोगों को अपशब्द कहने तथा उनके साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। तेज नारायण ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से ही कई लोग सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों के जरिए अयोध्या के लोगों के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सपा नेता ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने अयोध्या के अधिकारियों से मांग की कि अयोध्या के लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों की पहचान की जाए।

# करोड़ों की वक्फ संपत्ति बेचने में पूर्व मुतवल्ली समेत 10 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** बेबिस कंपाउंड दलेलपुरवा में 5000 वर्ग गज बेशकीमती वक्फ संपत्ति का बड़ा हिस्सा पूर्व मुतवल्ली ने बेच डाला। मामले की जांच होने पर भूमि के एक्सचेंज का बड़ा खेल निकल कर सामने आया। इस मामले में डीएम राकेश कुमार सिंह के आदेश पर संपत्ति बेचने वाले पूर्व मुतवल्ली और नौ खरीदारों समेत दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

दलेलपुरवा स्थित 89/208 बेबिस कंपाउंड संपत्ति वक्फ बोर्ड में वर्ष 1899 के आधार पर वक्फ संख्या 187 पर दर्ज है। इसका रकबा 5000 वर्ग गज है। यह संपत्ति वक्फ शेख अब्दुल रहीम के नाम से जानी जाती है। इस संपत्ति की देखरेख के लिए साल 2001 से 2003 तक शादाब अहमद सिद्दीकी निवासी कैंट को मुतवल्ली बनाया गया था। इसी दौरान वक्फ की यह संपत्ति बेच डाली गई। वर्तमान में तीन साल के लिए वक्फ प्रबंधन ने मोहम्मद वसीम निवासी प्रेमनगर, चमनगंज को मुतवल्ली नियुक्त किया है। उन्हें काम संभालने के बाद पिछले माह संपत्ति बेचने की जानकारी हुई। इस पर मुतवल्ली मो. वसीम ने डीएम राकेश कुमार सिंह के पास साक्ष्य समेत शिकायत की थी।

### इन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

संपत्ति बेचने में पूर्व मुतवल्ली शादाब अहमद सिद्दीकी के साथ जमीन खरीदने वालों में अनवरगंज के रईस अहमद, कर्नलगंज के मोहम्मद मीर, शास्त्रीनगर के राहुल तोमर, बेकनगंज के सरशार अहमद खां, बेकनगंज के शहनवाज अहमद खां, जाजमऊ मोतीनगर की खुर्शीदा बेगम, बेकनगंज के शाहनिहाल अहमद खां आदि के नाम हैं।

# ट्रक ने टक्कर मार व्यापारी को 200 मीटर घसीटा

संवाददाता शिवली(कानपुर)

- बकरी बेचने कानपुर जाते समय प्रतापपुर के पास हादसा, खड्ड में घुसा ट्रक

**अमृत विचार।** बाइक से कानपुर बाजार बकरी बेचने जा रहे व्यापारी को विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार ट्रक में फंसकर करीब दो सौ मीटर घिसटता चला गया और खड्ड में घुस गया। पुलिस ने व्यापारी को गंभीर हालत में शिवली सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शिवली कस्बे के गांधी नगर मोहल्ला निवासी ऋतिक चक्रवर्ती (20) जानवरों की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। शनिवार की भोर पहर वह बाइक से कानपुर बाकरगंज बकरी बेचने जा रहा था। वह शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर प्रतापपुर गांव के पास पहुंचा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ़्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत ट्रक में फंस गया और करीब दो सौ मीटर तक घिसटता चला गया। इसके बाद ट्रक खड्ड में जा घुसा। घटना में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी को बाहर निकाल कर सीएचसी शिवली भेजा।

जहां ईएमओ अंकिता चंद्रा ने ऋतिक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की मां दीपा बदहवास हो गई। जबकि पिता मुकेश उर्फ पप्पू भाई आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# आईजीआरएस पर मिले आवेदनों का तेजी से हो निस्तारण:योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर बधाई दी। साथ ही, सांसद निर्वाचित होने वाले मंत्रीगणों को बधाई दी। यहां जनसुनवाई को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिगण हों, अन्य जनप्रतिनिधि हों अथवा अधिकारी, कर्मचारी, हर किसी की यह जिम्मेदारी है कि आईजीआरएस(इंटीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम/जन सुनवाई प्रणाली) पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए।

इसी क्रम में योगी ने कहा कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाले आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्रिगण भी समीक्षा करें। उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठकों के लिए ई- कैबिनेट व्यवस्था और सभी विभागों में ई- ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया।

विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। इसमें हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय है। यह मंत्रीगणों की जिम्मेदारी है कि वह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करें, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधार कराएं। वहीं भावी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पौधारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के कार्यक्रम होने हैं। इनकी सफलता के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में मंत्रीगण योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का खर्च किया जाना तय किया जाए। संबंधित मंत्रीगण अपने विभागीय स्थिति की समीक्षा करें। योगी की बैठक से निकले सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने मीडिया कहा कि अपने-अपने विभागों में बेहतर काम करने के लिए कहा गया है। उन्होंने दोनों उपमुख्यमंत्रियों अनुपस्थिति पर कहा कि दिल्ली में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह है, जहां दोनों मौजूद रहेंगे।



- थाना, तहसील व जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्रिगण भी समीक्षा करें

### बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्रियों न रहना बना चर्चा की विषय

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उप्र. से भाजपा को लगे झटके के बाद से यहां से लेकर दिल्ली तक मंथन जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शनिवार को मंत्रियों की बुलाई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य का मौजूद न होना चौंकाने वाला रहा। राजनीति और शासन के गलियारों में इसकी चर्चा रही। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली में हुई संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद दोनों उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी लखनऊ वापसी के बजाय शनिवार को दिल्ली में ही बने रहे। इधर लखनऊ की बैठक में सहयोगी दलों की तरफ से आशीष पटेल, ओम प्रकाश राजभर संजय निषाद और अनिल कुमार मौजूद रहे। इनके अलावा मंत्री से सांसद बने अनूप वाल्मीकि और जितिन प्रसाद भी यहां आए। इन्हीं मंत्रियों में से एक ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दिल्ली से ऋषिकेश जाएंगे। वहीं केशव मौर्य के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

# 16 विधानसभा सीटों पर हो सकता है उपचुनाव

**लखनऊ, अमृत विचार:** उप्र. में शीघ्र 16 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो सकते हैं। लोस. चुनाव लड़ने वाले नौ विधायक अब सांसद बन गए हैं। इसमें भाजपा के पांच और सपा के अखिलेश यादव समेत चार एमएलए शामिल हैं। इसके अलावा सपा राज्यसभा चुनाव में पार्टी लाइन से अलग जाकर वोट करने वाले छह विधायकों की सदस्यता भी खत्म कराना चाहती है। इसमें मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह, राकेश पांडे, आशुतोष मौर्या और विनोद चतुर्वेदी शामिल हैं। वहीं, सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा सुनाए जाने के साथ अब उनकी विधानसभा की सदस्यता भी समाप्त होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव दोनों ने अपनी-अपनी बैठकों में अपने पार्टीजनों, नेताओं से उप चुनावों के लिए कमर कस लेने को कहा है।


## वर्ग पहेली-95

**बाएं से दाएं**

1.1. काटा हुआ 2. निरस्त किया हुआ, रद्द
2. क्रिकेट (खेल) का डंडा जो बल्लेबाज़ के ठीक पीछे (तीन की संख्या में) खड़ा होता है।
4. देवता से संबंधित
5.1. विचारशील, सोचने-विचारने वाला 2. चिंतन की क्षमता वाला 3. आचार-विचार वाला, सोच-विचारकर चलने वाला।
7. एक प्रकार का अलंकार।
8. वह वस्त्र जो किसी राजा की ओर से सम्मानपूर्वक दिया जाता है, ख़िलअत।

**ऊपर से नीचे**

2.1. सोचने की क्रिया या भाव, अनुभूति 2. कल्पना, विचारण 3. परीक्षण 4. तर्क 5. (साहित्य) वह स्थिति जिसमें कविता या नाटक के पात्र के साथ पाठक या दर्शक का तादात्म्य होता है।
3. सोच-विचार करने में सक्षम, बुद्धिमान, चिंतनशील, समझदार।
4.1. देवताओं के रहने का स्थान, स्वर्ग 2. मंदिर, देवालय।
6.1. दुर्गा, पार्वती 2. (संगीत) बिलावल ठाठ की एक रागिनी।



### वर्ग पहेली -94 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 सं | स् | का | री | |
| 2 वि | | क | | | | 3 धू |
| भा | | ट | | 4 रे | | म |
| 5 ज | ग | म | गा | ह | ट | |
| न | | य | | न | | 6 फे |
| का | | | | ना | | र |
| री | | 7 ब | न | मा | ली | |

## सुडोकू-8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 7 | | 2 | | | 5 |
| | 6 | 1 | | 8 | | 2 | | |
| | | | 3 | | 1 | | | 8 |
| | | | | 2 | | | 9 | 3 |
| | | 7 | 5 | | 4 | 6 | | |
| 4 | 8 | | | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 6 | | | |
| | | 8 | | 5 | | 1 | 4 | |
| 9 | | | 4 | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 7 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20 .20 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष:** आज का दिन किसी विशेष घटना से आपको अवगत कराएगा। कारोबार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे।

**वृष:** आज अहंकारी व्यवहार के कारण कुछ नजदीकी लोग आपसे दूरी बनाने की कोशिश करेंगे। शाम के समय आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखद और सौहार्दपूर्ण रहेगा। कड़े और मजबूत निर्णय आप ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज विदेशों में जॉब के इच्छुक लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल है। परिजनों के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। फिल्म और अन्य ललित कलाओं से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कर्क:** आज व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम न मिलने से थोड़े मायूस हो सकते हैं,लेकिन इस बीच आप नया कुछ जानने की भी चेष्टा करते रहेंगे। मित्रों से आप अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। संभव है की आपको परेशानियों का समाधान मिल जाए।

**सिंह:** आज किसी कार्यक्रम में सम्मिलित भी हो सकते हैं। भविष्य को लेकर भय उत्पन्न होने की संभावना है। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना पड़ सकता है। जल्दबाजी में किए गए कार्य खराब हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**कन्या:** आज व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक ग्राहकों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विरोध करने लोग भी आपके अनुकूल हो जाएंगे। सभी काम अच्छी गति से होते रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला:** आज मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। स्वतंत्र होकर काम करना पसंद करेंगे। सामाजिक हितों के कार्यों में आप भाग लेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आप अपने काम को बदलने का भी विचार कर सकते हैं। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ धन को लेकर मतभेद हो सकते हैं।

**धनु:** आज परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। परिजनों के साथ कहीं घूमने की भी योजना बना सकते हैं,किंतु रात के समय वाहन चलाने से आपको बचना चाहिए। आप घर में काफी अच्छा समय बिताएंगे। प्रेमी जन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर:** आज आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है। शोध कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। घर में साधु-संतों का आगमन हो सकता है। किसी कानूनी मामले का बातचीत से समाधान निकल सकता है। जीवनसाथी आपकी काफी मदद करेगा।

**कुंभ:** आज ऐसे लोगों के सामने अपनी बात न रखें जो आपका सम्मान न करते हैं। लोग आपका अपमान कर सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कमीशन से जुड़े व्यवसाय में अच्छा लाभ हो सकता है। घर के रख-रखाव में धन खर्च होगा।

**मीन:** आज आप किसी अनावश्यक बात को लेकर परेशान रहेंगे। धार्मिक विषयों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। छात्रों को पढ़ाई में बाधा का सामना करना पड़ेगा। आप आराम करने के मूड में रहेंगे। बिगड़े रिश्तों को सुधारने पर काम कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
फर्ज — दोपहर : 12 .00
मेला — रात : 07 .39

**&pictures**
खिलाड़ी 786 — सुबह : 10 .58
गली बॉय — रात : 08 .00

**Sony Pix**
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 10 .38
इफ चैप्टर टू — रात : 08 .45

**Zee Cinema**
त्रिशूल — सुबह : 09 .50
सारांश — रात : 07 .45

**Colors Cineplex**
द रिर्टन ऑफ रिबेल — सुबह : 08 .26
पुलिसवाला गुंडा 2 — शाम : 05 .03

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति – कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी – क्या मतलब ?
पति–मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार– बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊ?
औरत– मेरी सास,जेठानी,नंद,पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

# संशोधन के लिए नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स की होगी जांच

## नीट परीक्षा विवाद: गठित की गई समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंपेगी

नई दिल्ली, एजेंसी




राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक (ग्रेस मार्क्स) वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की है। एनटीए ने कहा कि समिति फिर से जांच करके अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें पेश करेगी, जिससे नतीजों में संशोधन में किया जा सके।

एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य से खेलने का भी आरोप लगाया है। कई वर्गों से पुनः परीक्षा कराने की मांग की जा रही है और आरोप लगाया गया है कि छह परीक्षा केंद्रों पर वक्त जाया होने की भरपाई के लिए दिए गए कृपांक के कारण अंक बढ़ गए हैं जिससे अन्य अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित हुए हैं। ये केंद्र मेघालय, हरियाणा के बहादुरगढ़, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बालोद, गुजरात के सूरत और चंडीगढ़ में हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम चार जून को घोषित किया गया था। परीक्षा में 67 अभ्यार्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया था, जिनमें से छह हरियाणा के एक ही केंद्र से थे। इस वर्ष परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा-1,500 से ज्यादा अभ्यर्थियों के नतीजों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक हफ्ते में अपनी सिफारिशें पेश करेगी और इन अभ्यर्थियों के नतीजों में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा-कृपांक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंड पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रभावित अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### महाराष्ट्र सरकार ने नीट परीक्षा को रद करने की मांग की, राज्य के छात्रों के साथ अन्याय का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने हुई राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) को तत्काल रद करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नतीजों में राज्य के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। देश के 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन किया गया था और चार जून को इसका परिणाम जारी किया गया था, जिसके बाद अभ्यार्थियों ने परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720/720 अंक मिले हैं, जिसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यार्थी शामिल हैं। महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को बात करते हुए कहा-शायद नीट की परीक्षाएं पैसे लेकर आयोजित की गई थीं। इसके परिणाम ऐसे हैं कि महाराष्ट्र के किसी भी छात्र को राज्य के सरकारी या निजी कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश नहीं मिलेगा।

## नीतीश के करीबी ने अध्यक्ष को पीएम पद की पेशकश संबंधी दावे को किया खारिज

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी समझे जाने वाले संजय झा ने शनिवार को अपनी पार्टी के प्रवक्ता के. सी. त्यागी के इस दावे को खारिज कर दिया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कुमार को प्रधानमंत्री पद की पेशकश की थी। इससे पहले त्यागी के इस दावे को लेकर राजनीतिक हलचल उत्पन्न हो गई थी कि कुमार को भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ने पर प्रधानमंत्री पद की पेशकश की गई थी। त्यागी ने कहा कि हालांकि जद (यू) ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और नरेन्द्र मोदी को अगले प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन दिया। वहीं, त्यागी के बयान के कुछ घंटे बाद झा ने अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता के दावे को खारिज कर दिया।

## मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई नेतृत्व का अधिकार खो दिया: सोनिया

- संसदीय दल की प्रमुख बनने के बाद कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर किया प्रहार

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख फिर से चुने जाने के बाद सोनिया गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि इस लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक एवं नैतिक हार हुई तथा उन्होंने अब नेतृत्व का अधिकार खो दिया है।

उन्होंने 'संविधान सदन' (पुरानी संसद) के केंद्रीय कक्ष में नवनिर्वाचित सांसदों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि विफलता की जिम्मेदारी लेने की बजाय प्रधानमंत्री रविवार को फिर से शपथ लेने का इरादा रखते हैं। सोनिया गांधी का कहना था, हम उनसे यह उम्मीद नहीं करते हैं कि वे अपने शासन की शैली को बदल देंगे, न ही (वह) लोगों की इच्छा का संज्ञान लेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने अनुमोदन किया। सोनिया गांधी 1999 से लगातार पार्टी की संसदीय दल की प्रमुख की जिम्मेदारी निभाती आ रही हैं।

### एक नजर

#### दो आतंकियों की करोड़ों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे दो आतंकवादियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, बारामूला के तिलगाम निवासी जलील अहमद राठेर और मोहम्मद अशरफ मीर आतंकवादियों के आकाओं के तौर पर पिछले कुछ समय से पाकिस्तान से गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय से कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद पुलिस ने आठ कनाल और चार मरला जमीन कुर्क की।

#### पूर्वी दिल्ली में दो मंजिला इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एक अधिकारी के अनुसार पूर्वी आजाद नगर में आग लगने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली थी। उन्होंने बताया कि दो मंजिला इमारत के प्रथम तल पर आग लग गई थी, जिस पर दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया। अधिकारी ने बताया कि आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

## उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में लगाई आग

### मणिपुर में फिर हिंसा

- उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए एक कमांडो की टुकड़ी भेजी गई

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे बराक नदी के किनारे चोटोबेकरा इलाके में स्थित जिरी पुलिस चौकी को आग के हवाले कर दिया था। राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 220 किलोमीटर दूर स्थित जिले के मोधुपुर क्षेत्र के लामताई खुनौ में पहाड़ी क्षेत्र के संदिग्ध उग्रवादियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर कई हमले किए।

जिरीबाम के जिलाधिकारी ने बताया कि जिरीबाम के बाहरी इलाके के कई घरों में आग लगा दी गई, हालांकि अभी सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की जा सकती। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए मणिपुर पुलिस की एक कमांडो टुकड़ी को शनिवार सुबह इंफाल से जिरीबाम भेजा गया। आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने का आग्रह किया है। अकोईजाम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा-मैंने जिरीबाम के जिला अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि वहां अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी पहुंच गए हैं। शहर में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा दी जा रही है, लेकिन शहर के सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा रही है।''

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिरीबाम जिले में उग्रवादियों द्वारा कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर भड़की हिंसा के बाद यहां के लगभग 239 लोगों को उनके गांवों से निकाल कर जिरी शहर के खेल परिसर में स्थापित किए गए नए शिविरों में भेजा गया। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद छह जून को जिला प्रशासन ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया था।

## पोंजी फर्म का निदेशक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

### ओडिशा में 123 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों से 123 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एक कंपनी के निदेशक तुषार भांजो को पश्चिम बंगाल के हरिदेवपुर पुलिस थाने के अंतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू सूत्रों ने कहा आरोपियों ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और यहां तक कि बंगलादेश के लगभग 34,000 निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की थी। आरोपी निदेशक भांजो को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आयकर अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पांच जून को एसीजेएम, अल्लीपुर, कोलकाता की कोर्ट में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड के आधार पर भुवनेश्वर लाया गया और शनिवार को कटक में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कंपनी हरित कृषि निधि लि., मेसर्स ट्रांसविजन ड्रीम मल्टी ट्रेड प्रा. लि. और उसके निदेशक तुषार भांजों के खिलाफ शिकायतकर्ता मनमोहन डोरा के आरोप पर मामला दर्ज किया गया था।

## दिल्ली में 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस, जिला अधिकारियों और स्वैच्छिक संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के समन्वय से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से चलाए गए एक अभियान के तहत दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से 14 लड़कियों सहित लगभग 21 बच्चों को छुड़वाया गया। राष्ट्रीय राजधानी में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बीबीए की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने दिल्ली के उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। बीबीए ने कहा-बच्चों को शिक्षा दिलाने का झांसा देकर तस्करी कर लाया गया था।

## एकतरफा कार्रवाई के विरोध में बीकेई ने निकाला रोष मार्च


### कंगना रनौत हवाई अड्डा प्रकरण

- बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा

सिरसा, एजेंसी

पंजाब के मोहाली हवाई अड्डे पर हुए घटनाक्रम में महिला सीआईएसएफ कर्मचारी कुलविंदर कौर के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान एकता (बीकेई) ने सिरसा में जोरदार रोष मार्च निकाला गया। रोष मार्च यहां नेहरू पार्क से शुरू होकर जनता भवन रोड से होते हुए सुभाष चौक, शहीद भगत सिंह चौक, सुरखाब चौक पर आकर संपन्न हुआ।

बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की फितरत बन चुकी है कि वह किसानों और उनके परिवारों के खिलाफ



आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत का विवादों के साथ पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पिछले 16 सालों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही हैं। शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट पर पिछले ढाई साल से उसकी पोस्टिंग है। इतने लंबे समय में एक भी शिकायत उसके खिलाफ नहीं है। फिर कंगना रनौत के साथ ही ऐसा क्यों हुआ, यह भी जानने का विषय है। अलौख ने कहा कि प्रशासन कुलविंदर कौर द्वारा मोहाली हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को थप्पड़ मारने की सच्चाई को छिपाकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहा है। सुश्री रनौत की शुरू से यह आदत रही है कि वह हमेशा भडक़ाऊ बयान देकर समाज में अराजकता फैलाती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी देश को बांटने वाले और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़वाने वाले बयान देते रहते हैं।

### भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ मामला दर्ज हो : मजीठिया

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने शनिवार को मांग की कि फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ एक सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज होना चाहिए। श्री मजीठिया ने एक्स पर वीडियो संदेश जारी कर इस पर ऐतराज उठाया कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और रनौत के खिलाफ नहीं। उन्होंने पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में कार्यवाही करने का आरोप लगाया और मामले की उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच करने की मांग की।

### सुरक्षाकर्मियों को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए : शबाना आजमी



**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला कॉन्स्टेबल द्वारा कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना पर शनिवार को कहा कि सुरक्षाकर्मियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक कॉन्स्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**- दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से 105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से 140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

### एक नजर

#### प्रीमियर रोडलाइंस के मुनाफे में हुई वृद्धि

**नई दिल्ली।** प्रीमियर रोडलाइंस का मुनाफा बीते वित्त वर्ष में 75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12 .62 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मुनाफे में इतना उछाल आमदनी बढ़ने के कारण है। कंपनी की आमदनी वित्त वर्ष 2023-24 में 228 .54 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 191 .92 करोड़ रुपये थी।

#### प्लेटिनम इवारा नोवा कलेक्शन लॉन्च

**नई दिल्ली।** प्लेटिनम गिल्ड इंटरनेशनल (पीजीआई) इंडिया ने सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ मिलकर भारतीय महिलाओं को समर्पित, प्लेटिनम इवारा नोवा कलेक्शन पेश किया है। कंपनी ने कहा कि अपनी आठ दशक से ज्यादा पुरानी विरासत के साथ, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स इंडिया अपनी उच्च गुणवत्ता की ज्वेलरी के लिए मशहूर है, जो बेहतरीन कारीगरी, असाधारण डिज़ाईन, और कालातीत सौंदर्य का प्रतिनिधित्व करती है।

# भारत में अपनी कंपनियों के माध्यम से रोमांचक काम करने को उत्साहित : मस्क

## ईवी कंपनी टेस्ला के मालिक ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों के माध्यम भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं।

इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने एक्स पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं।

पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की मस्क की शुभकामनाओं की सराहना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जवाब में एक पोस्ट में कहा कि एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,400-54,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 91,700। |

## बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आईपीओ के लिए दाखिल किए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके अनुसार ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है।

## दूसरी उड़ान के लिए यात्रियों को चेक-इन नहीं ले जाना पड़ेगा अपना सामान

- दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान टर्मिनल-1 से सीधे टर्मिनल-3 पर पहुंचाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर उतरकर टर्मिनल-3 से दूसरी उड़ान में सवार होने वाले यात्रियों को जल्द ही अपना चेक-इन सामान नहीं ले जाना पड़ेगा। हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी डायल यात्रियों के सामान को अंदर ही हस्तांतरित करने की योजना बना रही है।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को इस संबंध में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की मंजूरी का इंतजार है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 के बीच यात्रियों के चेक-इन सामान को अंदर ही हस्तांतरित किया जा सकेगा। अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह, अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के यात्रियों के लिए टर्मिनल-3 से टर्मिनल-1 तक अंदर ही अंदर सामान के हस्तांतरण पर भी विचार किया जाएगा।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल-3 से संचालित होती हैं। एक बार नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को टर्मिनल-3 से कनेक्टिंग फ्लाइट लेते समय अपना सामान साथ नहीं ले जाना होगा।

## पान मसाला और तंबाकू निर्माता कंपनियों को टैक्स चोरी में अब होगी मुश्किल

- जीएसटीएन ने तंबाकू निर्माताओं के लिए जारी किया नया फार्म

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्यौरा कर अधिकारियों को देंगे। यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है।

जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है। पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा।

## एसकेआरएयू के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह 11 जून को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने शनिवार को बताया कि विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बी.आर.छींपा, दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे।

## ब्रिटेन में निवेश करने में महाराष्ट्र-कर्नाटक व दिल्ली शीर्ष पर

- सीआईआई और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में किया गया खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी

ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया। इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6 प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत), तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा-भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे। विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में 5% की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।



# भारत-पाकिस्तान के मुकाबले में पिच पर रहेगी नजर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी-20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा में बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है।

पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा। एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। रोहित ने मैच के बाद कहा था कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये। हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा। भारत के मैच के एक दिन बाद आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा।



**मैच का समय : रात आठ बजे**

- **नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच की आलोचना के बाद आईसीसी ने इसे स्वीकारा**

## क्यूरेटर भी न्यूयॉर्क की पिचों को लेकर भ्रमित हैं : रोहित शर्मा

**न्यूयॉर्क।** नासाउ काउंटी मैदान के पिच के अप्रत्याशित बर्ताव से हैरान भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में इससे क्या उम्मीद की जाए क्योंकि यहां की ड्रॉप-इन विकेट को लेकर क्यूरेटर भी भ्रमित हैं। ड्रॉप-इन पिचों को आयोजन स्थल से दूर तैयार करने के बाद मैदान में लगाया जाता है। न्यूयॉर्क में खेले गये मैचों में कम स्कोर बने हैं। इसमें आयरलैंड के खिलाफ भारत का पहला मैच भी शामिल है, जब आयरलैंड 100 से कम स्कोर पर आउट हो गया था। आईसीसी को भी पिच की खामियों को स्वीकार करते हुए एक बयान जारी करना पड़ा। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि न्यूयॉर्क हमारा घरेलू मैदान नहीं है। हमने यहां दो मैच खेले हैं लेकिन हमें इसकी प्रकृति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह अलग-अलग दिनों में अलग-अलग तरीके से व्यवहार करता है, इसलिए क्यूरेटर भी भ्रमित है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि हमें किस तरह की सोच रखने की जरूरत है। हम नहीं जानते कि हम किस पिच पर पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं, इसलिए जो भी बेहतर क्रिकेट खेलेगा वह मैच जीतेगा। रोहित ने कहा कि आउटफील्ड धीमी होने से चिंताएं और बढ़ गयी हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि आउटफील्ड धीमी है। कुछ शॉट्स को मैदान पर बहुत अधिक उछाल मिलता है, और कुछ मैदानी शॉट में गति नहीं रहती है। ऐसे में विकेटों के बीच दौड़ना महत्वपूर्ण है। हमें परिस्थितियों के अनुसार खेलने की जरूरत है। रोहित ने कहा कि बेहतर क्रिकेट खेलकर ऐसे बाहरी कारकों को बेअसर किया जा सकता है और टीम के उनके साथी अक्सर कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मो. रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

# पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं कोहली और बुमराह: फवाद आलम

नई दिल्ली, एजेंसी



- **एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित उनसे पार पाना होगा काफी मुश्किल**

पाकिस्तान के ऑलराउंडर फवाद आलम ने कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को अगर रविवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत को हराकर टी-20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों पर लगाम लगानी होगी। भारत ने जहां आयरलैंड के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को मेजबान अमेरिका से सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा।

आलम ने कहा कि विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह अपने अनुभव और कौशल से भारत की तरफ से मैच में अपनी छाप छोड़ेंगे। वे बड़ी आसानी से पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित है और उनसे पार पाना वास्तव में बेहद मुश्किल होगा। पाकिस्तान की तरफ से 19 टेस्ट, 34 वन डे और 24 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले आलम ने कहा कि मोहम्मद आमिर को भारत के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा जैसा कि उन्होंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किया था।

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत की स्थिति मजबूत : क्रिस गेल



**न्यूयॉर्क।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भारत को जीत का प्रबल दावेदार करार दिया। गेल ने रविवार को खेले जाने वाले मैच को लेकर आईसीसी से कहा कि पाकिस्तानी टीम का मनोबल गिरा हुआ है और उलटफेर वाली हार के बाद सीधे भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना चुनौती है।

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

## श्रीलंका ने 9 विकेट पर 124 रन का दिया लक्ष्य, बांग्लादेश ने 6 गेंद शेष रहते दर्ज की जीत

डैलस, एजेंसी

श्रीलंका को बौना साबित करते हुए बांग्लादेश ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हरा दिया। ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में श्रीलंका के पहले खेलते हुये 9 विकेट पर 124 रन बनाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 125 रनों का लक्ष्य छह गेंद शेष रहते 8 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

टी-20 विश्वकप के इतिहास में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश की यह पहली जीत है। ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका एक समय 4 विकेट पर 100 रन बना कर मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ रहा था मगर रिशाद हुसैन (22 रन पर 3 विकेट) ने पारी के 15वें ओवर में दो गेंदों पर चरिथ असलंका (19) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लिया। उन्होने अपने अगले ओवर में धनंजय डिसिल्वा (21) को चलता किया, जिसके बाद श्रीलंका की पारी का पतन तेजी से शुरु हो गया और उसके 5 खिलाड़ी स्कोर में महज 24 रन का ही इजाफा कर सके। रिशाद हुसैन के अलावा मुस्तफ़िज़ुर रहमान (17 रन पर 3 विकेट) ने श्रीलंका को रफ्तार पकड़ने का मौका नहीं दिया। तस्किन अहमद ने 2 विकेट लिए। पथुम निसंका (47) ने क छोर पकड़ कर बांग्लादेश के गेंदबाजों का इम्तिहान लिया। उन्होने 28 गेंदो में 7 चौके और 1 छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश एक समय 3 विकेट खोकर मात्र 28 रनों पर संघर्ष की स्थिति में थी मगर तौहीद ह्रदोय (40) और लिटन दास (36) ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को धुना। तौहीद ने मात्र 20 गेंदो में 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और चार छक्के लगाए। वह हसरंगा की गेंद पर आउट हुए, वहीं, दास भी हसरंगा के 108वां शिकार बने, जिसके साथ ही हसरंगा ने टी-20 में लसिथ मलिंगा के सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिकार्ड को तोड़ दिया है। पारी के 18वें ओवर में नुवान तुषारा में रिशाद हुसैन और तस्किन अहमद को दो गेंदो पर आउट कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया था मगर जीत के लिए आखिरी दो ओवर में जरुरी 12 रनों को महमुदउल्लाह (16 नाबाद) ने 19वें ओवर में पाकर बांग्लादेश की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।





पहली पारी में श्रीलंकाई खिलाड़ी का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रिशाद हुसैन और बांग्लादेश को जीत दिलाने के बाद महमुदउल्लाह।

# मिलर ने किया नीदरलैंड्स का शिकार दक्षिण अफ्रीका चार विकेट से जीता

न्यूयॉर्क, एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स (33) के बाद डेविड मिलर (59*) के साहसिक प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के लो स्कोरिंग मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड्स को 7 गेंद शेष रहते 4 विकेट से हरा दिया।

नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर नीदरलैंड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 103 रन बनाए, दक्षिण अफ्रीका ने 18.5 ओवर में 6 विकेट पर 106 रन बना कर लक्ष्य हासिल किया। डेविड मिलर ने अपनी टीम को नीदरलैंड के खिलाफ तीसरी हार से बचा लिया। 104 रन के मामूली दिख रहे लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के 4 विकेट (क्विंटन डिकॉक, रीजा हैड्रिक्स,एडन मार्करम और हेनरिच क्लासेन) 12 रन पर गिर गए। ऐसे समय में मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने टीम के स्कोर को 77 रन तक पहुंचाया। स्टब्स बास डि लीडी की गेंद पर आउट हो गए। मार्को जानसन (3) के तौर पर छठा विकेट गिरने के बाद मैच बराबरी का हो गया था। मिलर ने 19वें ओवर में ही डि लीडे को दो छक्के और एक चौका लगा कर सात गेंद शेष रहते जीत दिला दी। नीदरलैंड को जीत की उम्मीद जगाने में हालांकि गेंदबाजों ने कोई कोरकसर नहीं छोड़ी थी। बल्लेबाजी के बाद गेंद से भी बैन वीक ने प्रदर्शन किया और दो दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन की दिशा दिखायी वहीं विविआन किंगमा ने भी 12 रन देकर 2 अहम विकेट झटके। इससे पहले एंगलब्रेख्त और वैन बीक ने दक्षिण अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के समक्ष जुझारु खेल का प्रदर्शन करते हुये अपनी टीम को लड़ने की स्थिति में पहुंचाया।

ऑटनील बार्टमैन (11 रन पर 4 विकेट) और मार्को यानसन (20 रन पर 2 विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी के समक्ष नीदरलैंड्स के छह बल्लेबाज मात्र 48 रन पर पवेलियन वापस पहुंच चुके थे। ऐसे कठिन समय में वैन बीक क्रीज पर आये और एक छोर पर टिके एंगलब्रेख्त के साथ मिल कर टीम के स्कोर को तीन अंको तक पहुंचाया। नीदरलैंड्स के लिये सातवें विकेट के लिये यह सबसे अधिक रनो की साझीदारी रही। नीदरलैंड्स का स्कोर और ज्यादा हो सकता था मगर आखिरी ओवर में बार्टमैन ने दो रन खर्च कर एक के बाद एक तीन विकेट झटक लिये और नीदरलैंड्स को नौ विकेट पर 103 रनों पर सीमित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिये अनरिख़ नॉर्खिये (19 रन पर दो विकेट) तीसरे सफल गेंदबाज रहे। हालांकि उनके लीड गेंदबाज कागिसो रबाडा विकेट चटकाने में असफल रहे।



शॉट लगाने के बाद स्टब्स और मिलर।

**स्कोर बोर्ड**

**नीदरलैंड्स :** 103/9, विक्रमजीत सिंह 12, साइब्रैंड एंगलब्रेख्त 40, लोगन वैन बीक 23, **गेंदबाज़ी :** मार्को यानसन 2, ऑटनील बार्टमैन 4, अनरिख़ नॉर्खिये 2

**साउथ अफ़्रीका :** 106/6 (18 .5 ओवर) ट्रिस्टन स्टब्स 33, हाइनरिक क्लासन 4, डेविड मिलर 59*, मार्को यानसन 3 **गेंदबाज़ी :** विवियन किंगमा 2, लोगन वैन बीक 2, बास डलीडे 1

## खेल डायरी

### अंशु ने बुडापेस्ट में जीता रजत



**बुडापेस्ट।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में चीनी की केक्सिन होंग से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। अंशु को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हार झेलनी पड़ी। भारत की अंतिम पंघाल ने इससे पहले 53 किग्रा वर्ग में रजत जीता जबकि स्टार पहलवान विनेश फोगट 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं थीं। अंशु ने मोल्दोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 6-5 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने विश्व चैंपियन झांग क्यूई की चुनौती को 2-1 से पार करके एक और चीनी खिलाड़ी से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने पहले दिन रजत जीता था।

### कुमुद सैनी ने स्वर्ण पर लगाया निशाना

**सुवोन।** भारतीय तीरंदाज कुमुद सैनी ने शनिवार को तीरंदाजी एशिया कप 2024 के तीसरे चरण में महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। 17 वर्षीय कुमुद सैनी ने महिलाओं के कंपाउंड तीरंदाजी स्वर्ण फाइनल में दक्षिण कोरिया की पार्क येरिन को 143-140 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले ही राउंड में 28-26 की बढ़त ले ली। दूसरे राउंड में उन्होंने अपनी बढ़त 58-55 तक बढ़ा ली लेकिन तीसरे राउंड में वह 86-84 पर आ गईं। इसके बाद सैनी चौथे राउंड में चार अंकों की बढ़त बनाने में सफल रहीं और 114-111 से आगे हो गईं। इस शूटिंग प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में उनका प्रदर्शन निर्णायक रहा और उन्होंने तीरंदाजी एशिया कप 2024 सुवोन में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक हासिल किया। शनिवार को सैनी की जीत के साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने टूर्नामेंट में कुल पांच पदक अपने नाम कर लिए हैं। भारतीय महिला कंपाउंड और मिश्रित टीमों ने शुक्रवार को रजत पदक जीते जबकि पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीमों ने कांस्य पदक जीते। कुमुद सैनी ने पहले क्वार्टर-फाइनल में सिंगापुर की लोह त्ज़े चीह कोंटेसा को 147-142 से हराया था और सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की चो यूजू को 142-137 से हराकर महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा के स्वर्ण फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

### अदिति एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त 51वें स्थान पर

**गैलोवे (अमेरिका)।** भारत की अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई तथा पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने के बाद वह संयुक्त 51वें स्थान पर हैं। अदिति का इस सत्र में प्रदर्शन औसत रहा है। उन्होंने पहले 10 होल में चार बर्डी बनाईं, लेकिन उसके बाद दो शॉट गंवा दिए। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 10 अंडर 61 का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल की। उनके पास एक समय 59 का भी कार्ड खेलने का मौका था। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन और नारिन एन क्रमश: 63 और 64 का कार्ड खेल कर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सात खिलाड़ियों ने 6 अंडर 65 का कार्ड खेला और वे संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।



# इगा स्वियातेक ने लगाई खिताबी हैट्रिक

पेरिस, एजेंसी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शनिवार को फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार महिला एकल का खिताब जीता। पोलैंड की स्वियातेक ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाने वाली पाओलिनी को 6-2, 6-1 से हराया।

स्वियातेक पहले सेट में 1-2 से पीछे चल रही थी, इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीते। पाओलिनी ने दूसरे सेट के छठे गेम में अपनी सर्विस बचाई लेकिन स्वियातेक ने अपनी सर्विस पर आसानी से मैच अपने नाम किया। स्वियातेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह स्थान बहुत पसंद है। मैं हर साल यहां आने की प्रतीक्षा करती हूं। स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 21 मैच तक पहुंचा दिया है। रोला गैरां में अब उनका रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद पोलैंड की स्वियातेक पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब जीते। स्वियातेक ने 2020 में भी फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत हासिल की थी। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 हो गया है। पाओलिनी ने कहा कि मैं आपको बधाई देती हूं इगा। मुझे लगता है कि आपके खिलाफ खेलना बड़ी चुनौती है। पाओलिनी के पास हालांकि महिला युगल का खिताब जीतने का मौका है, जिसमें उन्होंने सारा ईरानी के साथ जोड़ी बनाई है। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी से होगा।



महिला फाइनल में जीत के बाद ट्रॉफी के साथ पोलैंड की इगा स्विएटेक।

### अल्काराज का फाइनल में होगा अलेक्जेंडर ज्वेरेव से सामना

**पेरिस।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने सेमीफाइनल में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अल्काराज ने पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई। अब वह क्लेकोर्ट पर फ्रेंच ओपन फाइनल खेलेंगे। अल्काराज का सामना जर्मनी के ज्वेरेव से होगा।

# अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर किया बड़ा उलटफेर

जार्जटाउन, एजेंसी

कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की गेंदबाजी के बाद गुरबाज की बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ चरण में प्रवेश का दावा पुख्ता कर दिया।

जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आल आउट हो गई जो उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। फारूकी और राशिद दोनों ने 17-17 रन देकर 4-4 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी को आई अफगानिस्तान के गुरबाज और इब्राहिम जदरान में पहले विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी पर 6 विकेट पर 159 रन बनाए। गुरबाज ने 56 गेंद में 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। वहीं इब्राहिम 44 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान अब दो मैचों में 4 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज और युगांडा उसके बाद हैं जबकि पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड ने खाता नहीं खोला है। अफगानिस्तान का सामना अब पापुआ न्यू गिनी से और न्यूजीलैंड की टक्कर वेस्टइंडीज से होगी। गुरबाज और इब्राहिम ने युगांडा पर पहले मैच में मिली 125 रन से जीत में 154 रन की साझेदारी की थी।



# भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 2-4 से हारी

लंदन, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में 6 हार का क्रम शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-4 से मैच गंवाकर रोकने में विफल रही। भारतीय टीम दो गोल की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी, जिससे उसे सातवीं हार मिली।

सुनिलिता टोप्पो (नौवें मिनट) और दीपिका (15वें मिनट) ने शुरुआती क्वार्टर में गोल किए लेकिन जर्मनी की विक्टोरिया हस (23वें और 32वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया। स्टिन कुर्ज (51वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 55वें मिनट में जूल ब्लूएल ने मैदान गोल दाग कर जर्मनी की जीत पक्की कर दी। भारत पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी 4 मैच हार गया था। भारतीय टीम रविवार को इस दौरे का आखिरी मैच ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।



- **एफआईएच प्रो लीग में लगातार मिली सातवीं हार**

**नॉर्वे शतरंज** | दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने अपनी ख्याति के अनुरूप किया प्रदर्शन

# कार्लसन ने जीता खिताब, प्रज्ञाननंदा से हारे नाकामुरा

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके खिताब जीता।

कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया। विजेता बनने पर उन्हें लगभग 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं। नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि प्रज्ञाननंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञाननंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने कार्लसन और फैबियानो कारूआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पराजित किया और अब नाकामुरा के खिलाफ उनकी जीत ने सुनिश्चित किया कि वे शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अलीरेजा फिरौजा (13.5 अंक) ने चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया जो छठे और अंतिम स्थान पर रहे। कारूआना ने 10 अंक के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।



- **प्रज्ञाननंदा ने अपने अभियान का जीत से किया सकारात्मक अंत**
- **कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान को किया समाप्त**



### महिला खिलाड़ियों ने भी अंक किए अर्जित

महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत तीन जीत से कुल 19 अंक हासिल किए। अन्ना मुजीचुक 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। उनके बाद लेई (14 .5 अंक), भारत की आर वैशाली (12 .5 अंक) और कोनेरू हम्पी (10 अंक) तथा पिया क्रैमलिंग (आठ अंक) का नंबर आता है। वैशाली को अंतिम दौर में क्रैमलिंग जबकि हम्पी को मुजीचुक से हार का सामना करना पड़ा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

## मोदी एवं उनकी मंत्रिपरिषद के 40 से अधिक सदस्य रविवार को शाम करीब सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 से अधिक नये चेहरे नवीनता का तत्व लायेंगे। वहीं महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ा रहे होंगे। जानकार सूत्रों के अनुसार मोदी एवं उनकी मंत्रिपरिषद के 40 से अधिक सदस्य रविवार को शाम करीब सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे। उनके साथ संसद में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के 20 से अधिक सदस्य भी मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं राज्य मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

रिपोर्टों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगु देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें।


नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह की चल रहीं तैयारियां। • एजेंसी


नई दिल्ली में समारोह की पूर्व संध्या पर रिहर्सल के दौरान कर्तव्य पथ पर एक कारकेड।

### न्यौता मिलने पर विचार करेगा इंडिया गठबंधन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण फिलहाल इंडिया गठबंधन के नेताओं को नहीं मिला है, लेकिन न्योता मिलने के बाद इस पर विचार किया जाएगा। मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए नौ जून को शपथ ग्रहण करेंगे। उनके साथ उनके मंत्रिपरिषद के कई दूसरे सदस्य भी शपथ ले सकते हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, कल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सिर्फ अंतरराष्ट्रीय नेताओं को निमंत्रण गया है। अभी तक हमारे नेताओं को निमंत्रण नहीं आया है।

### विदेशी प्रतिनिधि और विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के कुछ नेता उन गणमान्य व्यक्तियों तथा विशेष आमंत्रित लोगों में शामिल हैं, जो राष्ट्रपति भवन में रविवार शाम को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस- सोलापुर वंदे भारत ट्रेन की पायलट सुरेखा यादव भारतीय रेलवे के उन 10 लोको पायलटों में शामिल हैं, जिन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है।

## शेख हसीना दिल्ली पहुंचीं

नयी दिल्ली, एजेंसी

- सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंचे

भारत ने शनिवार को घोषणा की कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित उसके पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के नेता नौ जून को प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। हसीना और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह में हसीना और अफीफ के अलावा समारोह में भाग लेने वाले अन्य नेताओं में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं। शनिवार को हसीना के दिल्ली पहुंचने के कुछ ही देर बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे सबसे मूल्यवान साझेदारों में से एक की यह यात्रा भारत-बांग्लादेश के बीच मित्रता के घनिष्ठ और गहरे संबंधों को और मजबूत करेगी।


विमान से उतरतीं प्रधानमंत्री शेख हसीना।

## एक नजर

### डेनमार्क की प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन पर हमला

**कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार को हमला कर दिया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पुलिस ने पुष्टि की कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ एक घटना हुई है और एक 39 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसे शनिवार को सुनवाई पूर्व हिरासत के लिये कोपेनहेगन जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

### यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री रूस की वांछितों में

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री यूलिया तिमोशेंको का नाम अपनी वांछित सूची में शामिल किया है। सरकारी मीडिया ने गृह मंत्रालय से मिली सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। रूसी समाचार एजेंसी तास ने कहा कि तिमोशेंको को अनिर्दिष्ट आपराधिक आरोपों में वांछित के रूप में सूचीबद्ध किया है। इस सूची में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके पूर्ववर्ती पेट्रो पोरोशेंको तथा यूक्रेन और नाटो देशों के कई अधिकारी और सांसद शामिल हैं।

### एडीएफ विद्रोहियों ने की 50 नागरिकों की हत्या

**किंशासा।** पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में हाल ही में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) विद्रोहियों के कारण हुए घातक हमलों में कम से कम 50 नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से शनिवार को दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एडीएफ ने उत्तरी किवु प्रांत के बेनी क्षेत्र में पूरी रात दो हमले किए, जिसमें मंगलवार और शुक्रवार को कम से कम 50 नागरिक मारे गए।

### कराची में रासायनिक विस्फोट, एक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में शनिवार को एक रासायनिक टैंकर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। स्थानीय पुलिस ने मीडिया से कहा कि यह विस्फोट तब हुआ जब खड़े टैंकर में कुछ वेल्डिंग का काम चल रहा था।

# इजराइल ने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ाया

## सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान कर लिया गया था अपहरण

यरूशलम, एजेंसी

- बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया
- 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं, जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा

इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ा लिया है, जिनका फलस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया था। इसके साथ ही मध्य गाजा में भीषण लड़ाई में बच्चों सहित कम से कम 94 फलस्तीनी मारे गए। सेना ने कहा कि उसने नुसीरात में एक जटिल अभियान में नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोज़लोव (27) और श्लोमी जिव (40) को बचा लिया। इसने कहा कि बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मध्य गाजा में भारी लड़ाई हुई, जहां बंधकों को बचाया गया तथा शनिवार को हुए कई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 94 लोग मारे गए। मध्य गाजा स्थित एक अस्पताल के अधिकारी खलील देगरान ने बताया कि गाजा में उस जगह पर भीषण लड़ाई जारी है, जहां से इजराइली सेना ने शनिवार सुबह चार बंधकों को रिहा कराया। उन्होंने कहा कि डेर अल बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में लगभग 100 फलस्तीनियों के शव लाए गए और 100 से अधिक घायल भी लाए गए। इजराइल का कहना है कि 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा है। बंधकों की वापसी के मुद्दे पर इजराइल में लोगों में रोष गहराता जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अभियान के दौरान जीवित बचाए गए कुल बंधकों की संख्या सात हो गई है।



नवंबर में एक सप्ताह के संघर्षविराम के दौरान बंधकों में से लगभग आधे लोगों को रिहा कर दिया गया था। इजराइली सेना ने कहा कि जिन चार बंधकों को छुड़ाया गया उन्हें हेलीकॉप्टर से चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया और वे 246 दिन तक अपहर्ताओं के चंगुल में रहने के बाद अपने प्रियजनों से मिल पाए।

## पूर्व अंतरिक्ष यात्री एंडर्स की विमान दुर्घटना में मौत

**सिएटल, एजेंसी।** सेवानिवृत्त मेजर जनरल एवं अपोलो 8 के पूर्व अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स की शुक्रवार को एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। वह 90वर्ष के थे। एंडर्स विमान को अकेले उड़ा रहे थे और विमान वाशिंगटन के सैन जुआन द्वीप के पास पानी में गिर गया। उनके बेटे और वायुसेना में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे ग्रेग एंडर्स ने एसोसिएटेड प्रेस से उनके निधन की पुष्टि की।



विलियम एंडर्स ने 1968 में प्रतिष्ठित अर्थराइज तस्वीर खींची थी। अर्थराइज पृथ्वी और चंद्रमा की सतह के एक हिस्से की तस्वीर है जो एंडर्स ने चंद्र की कक्षा से ली थी। उनके बेटे ग्रेग एंडर्स ने कहा, परिवार बहुत दुखी है। वह कुशल विमान चालक थे और हमें उनकी बहुत याद आएगी। विलियम एंडर्स ने कहा था कि यह फोटो (अर्थराइज) अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है।

# चेरुकुरी रामोजी राव का निधन

हैदराबाद, एजेंसी

ईनाडु समूह के अध्यक्ष चेरुकुरी रामोजी राव का शनिवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि राव को सांस लेने में तकलीफ के चलते पांच जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि इलाज के दौरान शनिवार को तड़के 04.50 बजे उनका निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास पर ले जाया जाएगा, जहां परिवार, मित्र और प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



### कृषक परिवार में जन्मे थे रामोजी

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के पेदापरुपुडी में एक कृषक परिवार में जन्मे रामोजी के स्वामित्व वाली कंपनियों में मार्गदर्शी चिट फंड, ईनाडु अखबार, ईटीवी नेटवर्क शामिल हैं। राव के छोटे पुत्र चेरुकुरी सुमन की 07 सितंबर, 2012 को ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। राव रामोजी समूह के प्रमुख थे, जो दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म निर्माण केंद्र रामोजी फिल्म सिटी, ईनाडु अखबार, टीवी चैनलों के ईटीवी नेटवर्क और फिल्म निर्माण कंपनी उषा किरण मूवीज के मालिक थे। उनके अन्य व्यावसायिक उपक्रमों में मार्गदर्शी चिट फंड, डॉल्फिन ग्रुप ऑफ़ होटल्स, कलंजलि शॉपिंग मॉल, प्रिया अचार और मयूरी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल हैं। उन्होंने तेलुगु सिनेमा में अभिनय के लिए चार फिल्मफेयर पुरस्कार, पांच नंदी पुरस्कार और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त किए थे। वर्ष 2016 में पत्रकारिता, साहित्य और शिक्षा में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार आज

ईनाडु मीडिया समूह के अध्यक्ष एवं रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का अंतिम संस्कार रविवार को रामोजी फिल्म सिटी के पास राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को राव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्देश दिया।

### द्रौपदी मुर्मू और मोदी ने जताया शोक

उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। रामोजी राव के निधन से भारत ने मीडिया और मनोरंजन जगत के एक दिग्गज व्यक्ति को खो दिया।
– द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

रामोजी राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत में अमिट छाप छोड़ी है। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे बातचीत करने और उनके ज्ञान से लाभ उठाने के कई अवसर मिले। – नरेंद्र मोदी

## बराबरी के आधार पर भारत के साथ दोस्ती का आह्वान

लाहौर, एजेंसी

- पूर्व पाकिस्तानी सूचना मंत्री फवाद चौधरी बोले- यह उपयुक्त समय

ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से एक दिन पहले पूर्व पाकिस्तानी सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने शनिवार को कहा कि पुराने प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच बराबरी के आधार पर दोस्ती के लिए यह बिल्कुल उपयुक्त समय है।



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कभी करीबी रहे चौधरी ने कहा, खान और पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा भारत में दोस्त बनाने के पक्ष में थे। वर्ष 2023 में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को छोड़ चुके 48 वर्षीय चौधरी यहां नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल एजुकेशन द्वारा आयोजित भारतीय चुनाव एवं दक्षिण एशिया पर उसके प्रभाव विषयक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय पंजाब यहां से महज कुछ किलोमीटर दूर है लेकिन पाकिस्तानियों को वहां जाने के लिए दुबई से उड़ान लेनी होती है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच कोई वीजा नहीं होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों को बराबरी के आधार पर दोस्ती की चर्चा करने की जरूरत है।

# मोदी पूरे दक्षिण एशिया के लिए बेहतर

वाशिंगटन, एजेंसी

- पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक साक्षात्कार के दौरान की तारीफ
- कहा- मोदी पर इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित

पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।



पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। एक सवाल के जवाब में तरार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी ओर से कोई बधाई संदेश नहीं आना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं, बल्कि वह पाकिस्तान के लिए भी अच्छे हैं। उन पर इस्लाम और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

### बुशरा बीबी ने सजा निलंबन के लिए याचिका दायर की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने शनिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर फर्जी विवाह मामले में सजा निलंबित करने और बाद में उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इद्दत मामले नाम से चर्चित एक मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्होंने इद्दत काल में कथित रूप से शादी की थी।

## रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में हमलों में 28 की मौत

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में हुआ हमला
- फ्रांस निर्मित बम गिराए और अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी गई

रूस के आंशिक कब्जे वाले खेरसोन और लुहांस्क जैसे क्षेत्रों में यूक्रेन के हमले में कम से कम 28 लोगों की जान चली गयी। इन क्षेत्रों में रूस द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके अनुसार, दोनों देशों की सेनाओं ने बीती रात एक दूसरे पर ड्रोन दागे। मास्को (रूस) समर्थित गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने बताया कि यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में शुक्रवार को यूक्रेन के हमले में 22 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 घायल हो गये।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, साल्डो ने कहा कि शहर पर यूक्रेनी सैन्य बलों ने पहले फ्रांस निर्मित बम गिराये और फिर अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी। यूक्रेन में ही (रूस के) आंशिक कब्जे वाले लुहांस्क क्षेत्र में रूसी गवर्नर पासेचनिक ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र की राजधानी लुहांस्क (लुहांस्क की राजधानी का नाम भी लुहांस्क है) में शुक्रवार को यूक्रेन के मिसाइल हमले के बाद मलबे से दो और शव निकाले गये और इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी।

## बॉलीवुड हलचल

### हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आयेंगे संजय दत्त

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हॉरर कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। संजय दत्त अपनी अगली फिल्म द वर्जिन ट्री में न केवल अभिनय, बल्कि इसका सहनिर्माण भी कर रहे हैं। इस फिल्म में वह घोस्टबस्टर यानी भूत पकड़ने वाले बने हैं। फिल्म की घोषणा साल 2022 में ही हुई थी, लेकिन फिर इसे लेकर खास जानकारियां सामने नहीं आई थी। अब फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट ने फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हॉरर कॉमेडी होने के साथ ही फिल्म म्यूजिकल भी है। आजकल हॉरर जॉनर काफी पसंद किया जा रहा है। कुछ वर्षों पहले मैंने ही संजय को एक म्यूजिक वीडियो के लिए अप्रोच किया था। उनके पास इस फिल्म कहानी थी। उन्होंने मुझे कहानी सुनाई और हम इससे जुड़ गए। हमने स्क्रिप्ट और कास्ट को फाइनल कर लिया। सिद्धांत सचदेव फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। दीपक मुकुट ने बताया संजय फिल्म में घोस्टबस्टर जरूर बने हैं, लेकिन उनके पास तरह-तरह के गैजेट्स यानी यंत्र होंगे, जिससे वह आत्माओं और भूत-प्रेत को ढूढेंगे और पकड़ेंगे। फिल्म की कहानी एक पेड़ के इर्द-गिर्द घूमेगी, जिसमें सुपरनेचुरल शक्तियां होंगी।

### बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी आज 49 वर्ष की हो गयी। 08 जून 1975 को कर्नाटक के मैंगलोर में जन्मी शिल्पा ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में महज 16 वर्ष की उम्र में लिम्का के विज्ञापन से की। शिल्पा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर से की। इस फिल्म में शिल्पा ने शाहरूख खान की प्रेयसी की भूमिका निभाई थी। शिल्पा ने अपने सिने करियर में उस दौर के सभी दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, सलमान खान और गोविंदा के साथ काम किया है। वर्ष 2009 में शिल्पा ने जानेमाने उद्योगपति राज कुंद्रा के साथ विवाह कर लिया।शिल्पा ने वर्ष 2014 प्रदर्शित फिल्म ढिसकियाऊ से बतौर निर्माता अपने करियर की शुरूआत की लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।



### सन्नी देओल ने शेयर किया अपना शर्टलेस लुक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल ने सोशल मीडिया पर अपना शर्टलेस लुक शेयर किया है। सन्नी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लाहौर 1947 को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सन्नी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। सन्नी देओल शर्टलेस नजर आ रहे हैं और सनग्लासेज में उनका लुक काफी शानदार लग रहा है। सन्नी ने अपने इस लुक की कई झलकियां वीडियो में दिखाई है। इसमें उनका चेहरा भी काफी बदला हुआ दिख रहा है। सन्नी देओल ने अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।

## परिवार के रिसॉर्ट का अवैध हिस्सा ढहाया

**पुणे पोर्श हादसा**

**सातारा।** महाराष्ट्र के सातारा जिले में प्रशासन ने शनिवार को महाबलेश्वर में उस रिसॉर्ट में अवैध निर्माण को ढहा दिया, जिसका स्वामित्व पुणे पोर्श दुर्घटना में कथित रूप से शामिल किशोर के परिवार के पास है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अधिकारियों ने महाबलेश्वर के मलकम पेठ क्षेत्र में परिवार के स्वामित्व वाले एमपीजी क्लब में अनधिकृत निर्माण को बुलडोजर से गिरा दिया। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को एक पोर्श कार ने मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित रूप से टक्कर मार दी थी जिससे दोनों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया है कि यह किशोर नशे की हालत में कार चला रहा था। दुर्घटना तब सुर्खियों में आई, जब किशोर को बचाने के लिए काफी प्रयास किए गए।

**खगोल विज्ञान** | पृथ्वी से नजर आएगा दुर्लभ नोवा विस्फोट

# वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड में धमाके का इंतजार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में एक भयानक नोवा विस्फोट होने जा रहा है। यह विस्फोट पृथ्वी से देखा जा सकेगा। दुनियाभर के वैज्ञानिकों को इस धमाके का इंतजार है। हमसे तीन हजार प्रकाश वर्ष की दूरी पर यह धमाका होगा।

इस दुर्लभ खगोलीय घटना की खबर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जारी की है। कभी भी यह धमाका हो सकता है। इसकी निश्चित तिथि अभी तय नहीं है। मगर वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिस कारण वैश्विक खगोलविद इस दुर्लभ नोवा विस्फोट का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही पेशेवर और शौकिया खगोलविद की नजरें रात के आकाश में गहरे एक छोटे तारामंडल पर केंद्रित हैं। यह कोरोना बोरेलिस के उत्तरी क्राउन के सात सितारों के बीच एक अंधेरा स्थान है, जहां नोवा विस्फोट की यह घटना होगी। विस्फोट की चमक इतनी उज्ज्वल कि यह पृथ्वी पर नग्न आंखों से दिखाई देगी। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह आकाशीय घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है। यह विस्फोट युवा वैज्ञानिकों के लिए ब्रह्मांड में होने वाली घटनाओं के शोध के लिए पुख्ता सबूत दे जाएगी। नासा ने इस घटना के वैज्ञानिक कारण को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की है।

वैज्ञानिक रिबका हौन्सेल नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में नोवा घटनाओं में विशेषज्ञता रखने वाली वैज्ञानिक हैं। उनका कहना है कि अगली पीढ़ियों के वैज्ञानिकों के लिए यह घटना एक नई ऊर्जा के समान होगी।

### सुपरनोवा से अलग है नोवा विस्फोट की घटना

किसी तारे के अंत मे होने वाली घटना सुपरनोवा कहलाती है, लेकिन नोवा इससे अलग घटना होती है, जो तारे के बौना बन जाने के बाद भीतर की ऊर्जा विस्फोट के सात बाहर फेक देता है। नोवा विस्फोट कई बार होते रहता है। विस्फोट की घटना हजारों साल तक चलते रहती है, जो बहुत छोटे चक्रों के साथ लगभग सौ वर्ष में एक बार होती है।


अंतरिक्ष में नोवा विस्फोट की काल्पनिक तस्वीर।